CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक :59 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 19 मार्च, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# गैस संकट पर भजन लाल शर्मा ने कांग्रेस पर बोला हमला और कहा यह वैश्विक संकट है, केंद्र और राजस्थान सरकार ने संकट खड़ा नहीं किया

**राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उद्योगपतियों से किया संवाद और कहा पहले सरकारी शक्ल देखकर काम करती थी और हम नीतियां बनाकर प्रदेश में उद्योगों का कर रहे विकास, संवाद कार्यक्रम में उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर उद्योग राज्य मंत्री केके बिश्नोई, मुख्य सचिव श्रीनिवास, उद्योग सचिव शिखर अग्रवाल और बड़ी संख्या में उद्योगपति भी रहे मौजूद, मुख्यमंत्री ने औद्योगिक विकास के लिए 345 करोड रुपए के 66 विकास कार्यों का किया शिलान्यास, औद्योगिक क्षेत्र में तीन और नई नीतियां जारी की तथा बेरोजगारों को निजी कंपनियां के रोजगार नियुक्ति पत्र भी बांटे**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में गैस की कोई कमी नहीं है लेकिन कांग्रेस पार्टी के नेता बेवजह इस मुद्दे को हवा दे रहे हैं और लोगों को भ्रमित कर रहे हैं उन्होंने कहा कि गैस का संकट वैश्विक संकट है कांग्रेस पार्टी के नेताओं से मैं यह पूछना चाहता हूं कि यह संकट क्या केंद्र की मोदी सरकार ने खड़ा किया है या फिर राजस्थान सरकार ने फिर भी प्रदेश में लोगों को गैस के लिए परेशान नहीं होने दिया जाएगा पहले 5 दिन का गैस का स्टॉक था 8 दिन का हो गया है इसलिए लोगों को चिंतित होने की जरूरत नहीं है मुख्यमंत्री शर्मा बुधवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में उद्योगपतियों के साथ संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्र में 345 करोड रुपए के 66 विकास कार्यों का शिलान्यास किया तथा औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए तीन नई नीतियां भी जारी की इसके अलावा निजी क्षेत्र की कंपनियों की ओर से प्रदेश के बेरोजगारों को रोजगार पत्र भी मुख्यमंत्री ने वितरित किए इस मौके पर मुख्यमंत्री शर्मा ने उपस्थित उद्योगपतियों से कहा कि पहले राजस्थान में सरकार शक्ल देखकर काम करती थी जिसमें भ्रष्टाचार की गुंजाइश ज्यादा होती थी और हमारी सरकार नीतियां बनाकर प्रदेश में औद्योगिक माहौल तैयार करने में पूरी ताकत से जुटी हुई है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश में निवेश बढ़ाने और नए उद्योगपतियों को राहत देने के लिए कई नीतियां बनाई है जिनके माध्यम से प्रदेश में देश और विदेश के निवेशक काफी रुचि दिखा रहे हैं उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 34 नीतियां बनाई है जिनके आधार पर हम प्रदेश के औद्योगिक माहौल और विकास को गति देने का प्रयास कर रहे हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सवा दो साल पहले जब हमने प्रदेश की सत्ता हाथ में ली थी उस समय प्रदेश के जो हालात थे वह किसी से छुपे हुए नहीं है उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में केंद्र सरकार से आने वाले पैसे को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया गया और बिजली सरकार से जुड़े लोग सिर्फ कुर्सी बचाने और कुर्सी हासिल करने के लिए आपस में नूरा कुश्ती का खेल खेलते रहे जिसकी वजह से प्रदेश का विकास पूरी तरह से अवरुद्ध रहा, प्रदेश का युवा सड़कों पर आंदोलन करता रहा और सरकार से जुड़े लोग अपने नजदीक लोगों को मौज करवाते रहे और प्रदेश के लोगों को भगवान के भरोसे छोड़ दिया मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि जब हमने शासन की बागोर हाथ शासन की बागडोर हाथ में ली उस समय प्रदेश के हालात अच्छे होते तो आज राजस्थान और भी तेज गति से विकास कर रहा होता क्योंकि अभी हम पिछली सरकार की गलतियां, कर्मियों को दूर करने के साथ-साथ टूट खुद को दूर करने में समय और मेहनत लग रहे हैं क्योंकि अगर पुराने घर को तोड़कर नया घर बनाते हैं तो उसमें बहुत सी दिक्कत और परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिसकी वजह से समय लगता है जबकि नया घर हम तुरंत डिजाइनर और आर्किटेक्ट से नक्शा बनाकर तैयार कर लेते हैं लेकिन पुराने घर को सुधारने में काफी समय लगता है यही हाल हमारा हो रहा है फिर भी हमने पिछले 2 साल में पानी बिजली सड़क चिकित्सा शिक्षा रोजगार उद्योग युवा और महिला विकास अपराधों पर रोकथाम इत्यादि क्षेत्र में शानदार काम किया है जिसका असर देखने को भी मिल रहा है।




## हमारी सरकार की नीतियों और निर्णय से ही 8 लाख करोड़ रुपए के समझौते धरातल पर आ सके

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम में मौजूद उद्योगपतियों से कहा कि यह हमारी सरकार की औद्योगिक क्षेत्र में लिए गए बड़े-बड़े निर्णय और नीतियों का ही असर है कि हमने अपनी सरकार के पहले कार्यकाल में ही 35 लाख करोड रुपए के समझौते किए जिसमें अब तक आठ लाख करोड़ रुपए के समझौते धरातल पर उतर गए उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान में करीब 4500 मेहमानों के आने की ही संभावना थी लेकिन देश के कोने-कोने और दुनिया भर से 10000 मेहमान इस कार्यक्रम में आए जिसके फल स्वरुप इतनी बड़ी तादाद में समझौते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रवासी राजस्थानियों का भी आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रवासी राजस्थानियों ने राजस्थान में निवेश के लिए अपनी गहन दिलचस्पी दिखा रहे हैं निवेश के साथ-साथ सामाजिक सरोकार के कार्यों में भी प्रवासी राजस्थानी दिलचस्पी दिखा रहे हैं मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान में निवेश के अपार संभावनाएं हैं प्रदेश के सभी जिलों मे कुछ ना कुछ अपनी एक अलग क्वालिटी है जिसके दम पर यहां हर जिले में निवेश की अपार संभावना है जिसमें निवेश करने से उद्योगपतियों को भी फायदा होगा और सरकार को भी उन्होंने कहा कि हमारी सरकार नए उद्योगपतियों और निवेश करने वाले व्यक्तियों की सभी तरह की समस्याओं का समाधान करने के लिए कृत संकल्प है उन्होंने कहा कि नए उद्योगपतियों को हमारी सरकार बिल्कुल भी किसी भी बात के लिए परेशान नहीं होने देगी उन्होंने उपस्थित उद्योगपतियों से आग्रह किया कि वह खुद भी यहां और निवेश करें तथा अन्य उद्योगपतियों और अपने जानकारी रिश्तेदार उद्योगपतियों को भी यहां निवेश के लिए प्रेरित करें।

## उद्योग,किसान और आम उपभोक्ता को अगले साल 24 घंटे बिजली देंगे

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमने शासन की बागडोर हाथ में लेने के बाद सबसे पहले इस बात पर सामूहिक मंथन किया कि प्रदेश के विकास को कैसे और किस तरह से तेज गति से आगे बढ़ाया जाए और सबसे पहले प्रदेश में किस क्षेत्र में ज्यादा काम करने की जरूरत है इसके लिए मैंने मंत्रिमंडल के साथियों और विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञ लोगों तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ चर्चा की और प्रदेश के विकास के लिए रोड मैप तैयार किया जिसमें हमने सबसे पहले पानी और बिजली के क्षेत्र में सबसे ज्यादा कार्य करने की जरूरत समझी जिसमें हमने पिछले सवा 2 साल में पानी और बिजली के क्षेत्र में शानदार काम किया है चाहे रामसेतु जल परियोजना हो या फिर यमुना जल समझौता की डीपीआर तैयार करने की बात हो या फिर इंदिरा गांधी गंग नहर की बात हो या फिर नर्मदा नदी से मिलने वाला पानी हो या फिर माही डैम का मामला हो ऐसे अनेक विषयों पर हमने बड़े निर्णय और फैसला किया जिसके माध्यम से प्रत्येक के सभी जिलों में पेयजल और खेती के पानी के लिए हमने बड़ी-बड़ी परियोजनाएं शुरू की है जिसके आने वाले समय में बहुत अच्छे नतीजे मिलेंगे और यहां राजस्थान में पानी की कोई कमी नहीं रहेगी उन्होंने कहा कि उद्योगों के लिए पानी और बिजली दोनों बहुत जरूरी होती है इसलिए राजस्थान में उद्योगों को समुचित पानी उपलब्ध करवाने की दिशा में सरकार तेजी से कार्य कर रही है इसके अलावा हम बिजली में भी शानदार काम कर रहे हैं हमारा किसान सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली उत्पादन करने लगा है जिसके माध्यम से राजस्थान बहुत जल्दी ही बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बनने वाला है उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 तक हम प्रदेश के उद्योग, किसान और ग्राहकों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध करवाएंगे यह हमारा संकल्प है उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद उद्योगपतियों से कहा कि हमारी सरकार उद्योगों को पानी और बिजली की बिल्कुल भी कमी नहीं आने देगी इसके अलावा राजस्थान में अब सड़क रेल और वायु कनेक्टिविटी में भी जबरदस्त सुधार हुआ है इसलिए वर्तमान मे पूरे देश में निवेश की दृष्टि से राजस्थान सबसे सुरक्षित और सबसे सुगम स्टेट है ।

## तेज निर्णय, पारदर्शी नीतियां और मजबूत क्रियान्वयन के साथ राजस्थान को अग्रणी बनाना है- राज्यवर्धन राठौड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान दिवस समारोह सप्ताह के तहत बुधवार को आयोजित उद्यमी संवाद समारोह में उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने प्रदेश की औद्योगिक नीति और सरकार की कार्यशैली पर स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि यह सरकार निर्माण करने वाली सरकार है।

उन्होंने कहा कि हम सभी का आईडेंटिटी होती है लेकिन हमारी सबकी सबसे बड़ी पहचान हमारा देश है और उसके बाद राजस्थानी। हमें इसका गर्व है। आज राजस्थान का जन्मदिन है और हम इस पर गौरवान्वित महसूस करते हैं। उद्योग से जुड़े व्यक्तियों को दिल से बधाई क्योंकि आपकी ही वजह से आज भारत दुनिया में पांचवें नंबर पर आ खड़ा हुआ है। राठौड़ ने उद्यमियों को राष्ट्रनिर्माण का अहम स्तंभ बताते हुए कहा कि आज भारत की वैश्विक आर्थिक स्थिति में उनकी बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी ने तय कर लिया था कि आर्थिक मजबूती लानी है और इसके लिए हमें योद्धाओं की जरूरत है। जो इस लक्ष्य को हासिल करने में सहयोगी बन सके। हमने तय किया कि उद्योग विभाग में हर तरह से हम उद्यमियों को सहायता, नीतिगत मदद और कार्यान्वयन में मदद देंगे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सरकार ने एक साल में 24 नई नीतियां लागू की हैं, जिनमें पारदर्शिता और निष्पक्षता को प्राथमिकता दी गई है। आज सरकार के कानून खुली किताब की तरह हैं, इनमें किसी प्रकार का दुराव-छिपाव नहीं है। उन्होंने उद्यमियों के लिए भरोसे और स्पष्ट सोच वाली सरकार की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि यही वर्तमान सरकार की कार्यशैली है। राठौड़ ने सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बताया कि हमारी सरकार ने मात्र एक वर्ष में 1400 से अधिक डायरेक्ट लैंड अलॉटमेंट किए हैं। 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू साइन हुए। इनमें से 8000 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स धरातल पर उतारे गए। उन्होंने राइजिंग राजस्थान को सरकार की एक्जीक्यूशन क्षमता का मजबूत उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि जब हम इसका जिक्र करते हैं तो हम जमीनों के अलॉटमेंट, पॉलिसीज की भी बात करते हैं। इनमें तो कई ऐसी नीतियां हैं जो पहली बार बनी हैं। पुरानी पॉलिसीज को सुधारा गया उनकी कमियां दूर की गईं। ये सब उद्यमियों की सुविधा के लिए किया गया। उन्होंने बताया कि हमने मात्र एक वर्ष के भीतर 1400 से ज्यादा डायरेक्ट लैंड अलॉटमेंट किए हैं। जो कि एक रिकॉर्ड है। डायरेक्ट लैंड अलॉटमेंट से लागत भी कम हो रही है। आप जब उद्योग लगाते हैं तो सबसे बड़ी समस्या जमीन संबंधी ही आती है। मुख्यमंत्री जी का फैसला था कि राज्य के सारे 4 हजार प्लॉट आपके सामने रख दिए जाएं ताकि आप अपने हिसाब से उनमें चुनाव कर सकें कि आपको कौनसी जमीन चाहिए। ये हमारी सरकार के काम करने का अंदाज है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उन्होंने राजस्थान के विकास में दोनों हाथों से खुलकर आर्थिक मदद दी। उन्होंने कहा कि हम मोदी जी के परफॉर्म रिफॉर्म और ट्रांसफॉर्म विजन में विश्वास रखते हैं और अगर देश को विकसित राष्ट्र बनना है तो निश्चित रूप से उसमें उद्योगों को आगे बढ़ाना ही होगा। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि सरकार ईज ऑफ डूइंग बिनजेस के साथ अब कॉस्ट ऑफ डूईंग बिजनेस को भी कम करने पर फोकस कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने आने वाले समय में उद्यमियों के लिए 11 हजार 5 सौ एकड़ भूमि का बैंक भी बनाया है ताकि नए उद्यमियों को जमीन संबंधी समस्याएं नहीं आए। हमारी सरकार ने केवल दो साल के अंदर 1400 करोड़ रूपए उद्योगों को सब्सिडी के तौर पर दिए हैं। हम लैंड वेलिडेशन एक्ट लेकर आए जिससे उद्यमियों को आने वाली समस्याओं का निदान किया जा सके। इसके अलावा जो व्यवसाय पहले से काम कर रहे हैं वे ज्यादा ग्रो कर पाएं उस पर भी सरकार काम कर रही है।







## राज्यपाल ने दिया कुमारी को सामाजिक और सामुदायिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए मानद उपाधि से सम्मानित किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को जयपुर में आईआईएस यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को सामाजिक और सामुदायिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए मानद उपाधि से सम्मानित किया इससे पहले भी दिया कुमारी विभिन्न विश्वविद्यालय की ओर से इस तरह की उपाधियों से सम्मानित हो चुकी हैं बुधवार को आईआईएस यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से दिया कुमारी को यह बड़ा सम्मान राज्यपाल के हाथों से दिलवाया जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि दिया कुमारी के लिए कहीं जा सकती है इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि महिलाएं अबला नहीं बल्कि सबला है इसी भाव से अगर महिलाएं कार्य करेगी तो वह तेजी से आगे बढ़ेगी जिसकी वजह से परिवार समाज प्रदेश और देश का विकास और तेजी से होगा उन्होंने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष में देश में महिलाएं हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं और दुनिया में भारत की महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में अपना और देश का गौरव बढ़ाया है उन्होंने कहा कि भारतवर्ष में महिलाएं प्राचीन समय से ही अपने धैर्य, वीरता, संयम, साहस, बुद्धि कौशल इत्यादि में खुद को साबित किया है उन्होंने कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई ने सिर्फ 20 साल की आयु में ही अंग्रेजों के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी ।



## मुस्कान राठौड़ को शिव-सरस्वती मेमोरियल गोल्ड मेडल



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** शहर की आईआईएस डीम्ड यूनिवर्सिटी में बुधवार को दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल हरीभाऊ बागडे और विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी रहीं। इस अवसर पर वाइस चांसलर प्रो.टीएन माथुर और प्रो-चांसलर सुमित गुप्ता भी मौजूद रहे। इस अवसर पर बीए.ऑनर्स राजनीति विज्ञान की छात्रा मुस्कान राठौड़ को शिव-सरस्वती मेमोरियल गोल्ड मेडल प्रदान किया गया।

CMYK

## राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में त्रिपोलिया महादेव मंदिर में हुआ भव्य महाआरती का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में हिंदू नव वर्ष की पूर्व संध्या में त्रिपोलिया महादेव मंदिर में भव्य महाआरती कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर में भोले बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया गया। इस दौरान महिलाओं ने अपने हाथों में दीपक लेकर भोले बाबा की आरती में भाग लेकर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। त्रिपोलिया मंदिर के महंत जितेंद्र खेड़ापति ने बताया कि हिंदू नव वर्ष जो की सनातन के अनुरूप शास्त्र अनुसार विक्रम संवत का प्रारंभ होगा, जिसकी पूर्व संध्या पर श्री त्रिपोलिया महादेव में भव्य महा आरती और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया। उन्होंने राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में राज्य के मंदिरों में आरती कार्यक्रम आयोजित कराने की इस पहल पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्य सनातन संस्कृति को आगे बढाते हैं। इस दौरान त्रिपोलिया शिव मंदिर के महन्त जितेन्द्र खेडापति, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, ऋषिराज शर्मा, महेन्द्र गुर्जर सहित बडी संख्या में श्रृद्धालु मौजूद रहे।

## रिटायर्ड आयकर अधिकारियों ने समस्याओं के समाधान हेतु सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(निसं.)।** सेंट्रल रेवेन्यू (इनकम टैक्स) रिटायर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन, राजस्थान का एक शिष्टमंडल प्रेमप्रकाश (आई.आर.एस.) की अध्यक्षता एवं एस.सी. हाड़ा (जनरल सेक्रेटरी) के नेतृत्व में प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर, राजस्थान सुमित कुमार (आई.आर.एस.) से मिला। शिष्टमंडल ने रिटायर्ड अधिकारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए ज्ञापन प्रस्तुत किया। ज्ञापन में मुख्य रूप से एरियर बिल्स के भुगतान, पेंशन अपग्रेडेशन तथा केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के निर्देश संख्या 5642 दिनांक 21 जनवरी 2026 को शीघ्र लागू करने की मांग की गई। इस अवसर पर प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर सुमित कुमार ने प्रतिनिधिमंडल के साथ सौहार्दपूर्ण वार्ता करते हुए आश्वासन दिया कि उठाई गई समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई जल्द ही की जाएगी। चर्चा के दौरान एसोसिएशन के संरक्षक गोविंद वर्मा, कोषाध्यक्ष रामेश चंद्र सिंघल एवं बी.एम. सक्सेना ने भी रिटायर्ड अधिकारियों के पक्ष को मजबूती से रखा। यह जानकारी एस.सी. हाड़ा, जनरल सेक्रेटरी ने दी।

## स्कीम दो स्थित श्री बैकुंठ धाम मंदिर में भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा नवरात्रि पर्व



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर की स्कीम दो स्थित श्री बैकुंठ धाम मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि पर 19 मार्च से 27 मार्च तक मां भगवती जग जननी मां का नवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। जिसमें प्रतिदिन माता के भजनों व कथा का गुणगान होगा। महंत सुमेर गिरी महाराज ने बताया कि यह आयोजन दोपहर तीन बजे से 6:30 बजे तक कार्यक्रम प्रतिदिन चलेगा, जिसमे भक्तों के द्वारा मां को चुन्नियां नारियल, प्रसाद, फूल माला, पान आदि चढ़ाए जाते हैं। प्रतिदिन भक्त महिला मंडल द्वारा माता के मीठे-मीठे भजन व दुर्गा सप्तशती की कथा की जाती है। महंत सुमेर गिरी महाराज ने बताया कि दिनांक 25 मार्च को हवन, 26 मार्च को कन्या पूजन व दोपहर 12 बजे भगवान राम जी का जन्मदिन मनाया जाएगा। श्याम 6 बजे माता का प्रसाद, जिसमें माता की चूड़ियां खजाना व खेतड़ी का प्रसाद प्रदान किया जाता है। जिससे घर में सुख समृद्धि आती है। अतः में महंत ने अनुरोध कियाहै कि सभी भक्त मंदिर श्री बैकुंठ धाम में पधार कर माता के गुणगान व दर्शन का लाभ उठाएं। यहां माता की अखंड ज्योत 12 महीने जल्ती रहती है।

## श्री रामायणी मंदिर में 9 दिवसीय मानस पाठ आज से



जयपुर टाइम्स

**अलवर/(निसं.)** श्रीरामायणी हनुमान मंदिर में नवरात्र उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर सेवक जगदीश शर्मा ने बताया कि मंगलवार को मंदिर समिति अध्यक्ष जनकसिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई बैठक में तैयारियों की समीक्षा कर अंतिम रूप दिया गया। उन्होंने बताया कि 19 मार्च गुरुवार को प्रातः श्रीरामचरित मानस के अखंड पाठ प्रारंभ होंगे। जिनका श्रीरामनवमी पर 27 मार्च गुरुवार को हवन के साथ कन्या पूजन कर समापन होगा। पाठ के दौरान प्रतिदिन सायं 6 से 8 बजे तक संगीतमय आरती एवं रामधुनी की जाएगी। मंदिर परिसर में आकर्षक प्रकाश सज्जा की होगी। सभी पाठकों से समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

## राजस्थान दिवस 2026: खैरथल तिजारा में सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का होगा आयोजन

**खैरथल तिजारा(निस)।** जिला प्रशासन खैरथल तिजारा एवं पर्यटन विभाग, राजस्थान के संयुक्त तत्वाधान में राजस्थान दिवस 2025 का भव्य आयोजन 19 मार्च को किया जायेगा। यह आयोजन राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर और विविधताओं को दर्शाने के उद्देश्य से किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं, लोक नृत्यों कार्यक्रमों आयोजन होगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने बताया कि कार्यक्रम का सायं 7:00 बजे लक्ष्मी नारायण मंदिर, पुरानी अनाज मंडी, खैरथल में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा, जिसमें राजस्थान के सुप्रसिद्ध लोक कलाकारों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक संध्या में कालबेलिया, चरी, घूमर, भपंग वादन, कच्ची घोड़ी नृत्य, मयूर नृत्य और फूलों की होली जैसे पारंपरिक नृत्यों का प्रदर्शन होगा। यह आयोजन राजस्थानी संस्कृति की समृद्धि और विविधता का सजीव चित्रण करेगा। कार्यक्रम में खास आकर्षण मयूर एवं फूलों की होली, जिसमें जाने-माने लोक कलाकार अपने अनोखे अंदाज में श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम समीर (SAMIR) से बदलकर समीर लिलगर (SAMIR LILGAR) रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे मेरे नये नाम समीर लिलगर (SAMIR LILGAR) पुत्र आदम अली (ADAM ALI) से जाना-पहचाना जावे।

**समीर लिलगर पुत्र आदम अली जाति-लिलगर निवासी ग्राम-चुवा तहसील-सांजू जिला-नागौर**

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम मोहम्मद शोयल (MOHAMMED SHOYAL) से बदलकर मोहम्मद शोयल लिलघर (MOHAMMED SHOYAL LILGHAR) रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे मेरे नये नाम मोहम्मद शोयल लिलघर (MOHAMMED SHOYAL LILGHAR) से जाना-पहचाना जावे।

**मोहम्मद शोयल लिलघर पुत्र इकबाल लिलघर जाति-लिलगर निवासी-पंचमुखी बालाजी मंदिर के पास वार्ड न. 39, सुजानगढ़ जिला-चूरू।**

# उद्यमी संवाद समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित, मुख्यमंत्री ने किया उद्योगपतियों से संवाद

**इंडस्ट्रियल पार्क प्रमोशन सहित तीन नई नीतियों का किया गया अनावरण**

**उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की योजनाओं के लाभार्थियों को सौंपे चेक, स्वीकृति पत्र और भूमि आवंटन पत्र**

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** राजस्थान दिवस उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में बुधवार को कलक्ट्रेट में उद्यमी संवाद समारोह के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वर्चुअली प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों से वीसी के माध्यम से जुडे उद्योगपतियों के साथ संवाद भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने 3 नई नीतियों का अनावरण, विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास, लाभार्थियों को चेक, स्वीकृति पत्र, भूमि आवंटन पत्र वितरण सहित अनेकों सौगातें प्रदान की। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री राजस्थान इंडस्ट्रियल पार्क प्रमोशन पॉलिसी, राजस्थान एयरोस्पेस एंड डिफेंस और राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी का अनावरण किया। इसके अलावा रीको आद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विकास से जुड़े 119 करोड़ रुपये लागत के 40 कार्यों का लोकार्पण और 226 करोड़ रुपये के 46 कार्यों का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री शर्मा ने एकीकृत क्लस्टर विकास योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार और विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना के तहत लाभार्थियों को ऋण के चेक सौंपें। साथ ही, एमएसएमई नीति, निर्यात प्रोत्साहन नीति, आरएफसी की युवा उद्यम प्रोत्साहन योजना के तहत लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, रीको के ऋण के स्वीकृति पत्र प्रदान किए।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में एडीएम प्रथम बीना महावर, उपखण्ड अधिकारी अलवर माधव भारद्वाज, रीको के प्रबंधक परेश सक्सेना, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक संजय प्रधान, मत्स्य उद्योग संघ के अध्यक्ष मनोज गुप्ता, अलवर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधी अमित श्यामसुखा, मत्स्य मिनरल एशोसियेशन के अध्यक्ष मनीष गुप्ता, राजगढ़ इण्डस्ट्रीज एशोसियेशन के अध्यक्ष गोपेश शर्मा, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष शंशाक झालानी एवं उद्योगों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## घरेलू गैस के अवैध संग्रहण, परिवहन एवं व्यापार करने पर 150 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** घरेलू गैस के अवैध संग्रहण, परिवहन एवं व्यापार करने पर रसद विभाग की टीम द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 150 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किए गए। जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने बताया कि प्रवर्तन जांच दल द्वारा राजगढ तहसील के ग्राम धनखेडा में धारासिंह मीणा के परिसर में अवैध रूप से संग्रहित सिलेंडरों की जांच करने पर 1 वाहन (केन्टरा) में 57 सिलेंडर भरे हुए तथा 50 सिलेंडर खाली पाए गए एवं 43 सिलेंडर जमीन पर रखे पाए गए। वहीं 2 गैस रिफलिंग की इलेक्ट्रिक मोटर रिफलिंग सेटअप के साथ एवं वजन तौलने हेतु 2 इलेक्ट्रॉनिक कांटे पाए गए। मौजूद सभी 150 सिलेंडरों को मय वाहन तथा 2 इलेक्ट्रिक गैस रिफलिंग मोटर (मय पाइप फिटेड 6 रेग्यूलेटर) व वजन तौलने के 2 कांटों को कब्जे में लेकर सुरक्षा की दृष्टि सिलेंडरों को व मोटर एवं कांटे को मैसर्स रिद्धि-सिद्धि गैस एजेंसी अलवर को सुपुर्द किया गया तथा वाहन को एमआईए थाना के मालाखाना इंचार्ज की सुपुर्दगी में दिया गया। इन सिलेंडरों के भण्डारण संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज अजय मीणा द्वारा मौके पर प्रस्तुत नहीं किए गए व बताया कि उसकी पत्नी प्रिया मीणा की फर्म श्री बालाजी एण्टरप्राइजेज का मै. कॉन्फिडेंस पेट्रोलियम इंडिया लि. नागपुर के साथ डीलरशिप एग्रीमेंट है जिसके तहत मेरे मामा धारासिंह मीणा के साथ मिलकर गैस का व्यापार किया जाता है। इस दौरान सिलेंडर्स के भण्डारण से संबंधित विस्फोटक विभाग से जारी अनुज्ञप्ति का अभाव पाया गया। मौके पर गैस रिफलिंग मोटर का पाया जाना प्रमाणित करता है कि अजय मीणा द्वारा अवैध रिफलिंग का कार्य किया जाता है जो कि एलपीजी कंट्रोल ऑर्डर 2000 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है।

## भारत विकास परिषद् अलवर की नई कार्यकारिणी निर्वाचित, होली मिलन में रंगा सदन

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** भारत विकास परिषद् अलवर एवं भारत विकास परिषद् अलवर चैरिटेबल ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी के चुनाव परिषद भवन में आयोजित साधारण सभा में सफलतापूर्वक संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया प्रांत द्वारा नियुक्त चुनाव अधिकारी सुनील खंडेलवाल (जिला सह समन्वयक) की देखरेख में आयोजित की गई। सर्वसम्मति से वर्ष 2026-27 के लिए परिषद की कार्यकारिणी में गिरीश गुप्ता को शाखा अध्यक्ष, अशोक गुप्ता को शाखा सचिव तथा लोकेश गोयल को शाखा कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। वहीं वर्ष 2026-28 के लिए चैरिटेबल ट्रस्ट में प्रदीप गोयल अध्यक्ष, सुरेश मेठी सचिव एवं दिलीप गोयल कोषाध्यक्ष पद पर पुनः निर्वाचित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरानुसार मां भारती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के साथ हुआ। शाखा अध्यक्ष सुरेश गोयल ने स्वागत भाषण देते हुए उपस्थित सदस्यों का अभिनंदन किया। इस दौरान शाखा सचिव राधेश्याम एवं ट्रस्ट सचिव सुरेश मेठी ने अपने-अपने कार्यकाल का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। रीजन संगठन सचिव अशोक मित्तल, पूर्व रीजन संरक्षक डॉ. के.के. गुप्ता एवं पूर्व प्रांतीय संरक्षक डॉ. कुमकुम कपूर ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साधारण सभा के उपरांत आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में संयोजक हरीश जसोरिया, वैशाली जसोरिया एवं उनकी टीम ने मनोरंजक खेलों के माध्यम से सदस्यों को होली के उत्साह में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन दीक्षा अग्रवाल एवं नीना गुप्ता ने किया, जबकि ज्योति सिन्हा ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का सुमधुर गायन प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन शाखा कोषाध्यक्ष अशोक गुप्ता द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में शाखा के 135 सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अंत में राष्ट्रगान के पश्चात् सुरुचिपूर्ण भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## प्रस्तावित क्रिटिकल टाइगर हैबिटाट के संबंध समेकित परामर्श प्रतिवेदन तैयार करने हेतु बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) के सदस्य सी.पी गोयल की मौजूदगी एवं जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में प्रस्तावित क्रिटिकल टाइगर हैबिटाट सेंचुअरी के संबंध में प्राप्त सुझाव/परामर्श/आपत्ति इत्यादि एवं उनके संबंध में उपवन संरक्षक, बाघ परियोजना सरिस्का से प्राप्त टिप्पणियों के संबंध में एक समेकित परामर्श प्रतिवेदन तैयार कराने के लिए बैठक का आयोजन हुआ।बैठक में जिला कलक्टर ने प्रस्तावित क्रिटिकल टाइगर हैबिटाट सेंचुअरी के संबंध में सुझाव/परामर्श/आपत्ति की सम्पूर्ण कार्यवाही के बारे में विस्तार से अवगत कराते हुए कहा कि समेकित परामर्श प्रतिवेदन तैयार करने के लिए जनप्रतिनिधिगण, संस्थाओं, हितधारकों एवं आमजन द्वारा सुझाव दिए जा सकते हैं। को बैठक में औद्योगिक एवं व्यावसायिक संगठनों द्वारा सीटीएच के साइंटिफिक्ट एवं युक्तियुक्त निर्धारण के संबंध में अपने सुझाव प्रस्तुत किए। वहीं सरिस्का क्षेत्र के ग्रामवासियों द्वारा सीटीएच निर्धारण में उनके गांवों की वस्तुस्थिति स्पष्ट करने के संबंध में शंकाओं व सुझावों से अवगत कराया, जिस पर वन विभाग के अधिकारियों ने प्रत्येक बिन्दु पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सीटीएच के दायरे में वन विभाग की भूमि को ही सम्मिलित किया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली ने सीटीएच की प्रक्रिया के संबंध में अपने सुझाव एवं शिकायतों के बारे में बताया। बैठक में सरिस्का के क्षेत्रीय निदेशक संग्राम सिंह कटिहार, एडीएम द्वितीय योगेश कुमार डागुर, डीएफओ सरिस्का अभिमन्यु सहारण, डीएफओ अलवर राजेन्द्र हुड्डा सहित हितधारक समूहों के प्रतिनिधि एवं बडी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## रहना वाली माता मेले की तैयारियां तेज: प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** विक्रम संवत 2083 के प्रथम दिन नवदुर्गा से शुरू होने वाले रहना वाली माता मंदिर मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन सतर्क नजर आया। बुधवार को उपखंड अधिकारी सुशीला मीणा के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था सुचारू रखने, सड़कों पर अतिक्रमण हटाने तथा पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मेला अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हो, इसके लिए अधीनस्थ कर्मचारियों को विशेष रूप से सतर्क रहने को कहा गया। इस मौके पर तहसीलदार दीप्ति देव, मनियां पुलिस वृत्ताधिकारी खलील अहमद, नायब तहसीलदार हरिओम शर्मा, बाबू सत्येंद्र शर्मा तथा दिहौली थाना अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि रहना वाली माता का यह प्रसिद्ध मेला 19 मार्च 2026 से शुरू होकर 2 अप्रैल (पूर्णिमा) तक चलेगा, जिसमें लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे।

## त्योहारों को लेकर पुलिस सतर्क- शांति व सौहार्द बनाए रखने के लिए बैठकें आयोजित

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** आगामी नवरात्रि, ईद, रामनवमी, महावीर जयंती एवं हनुमान जयंती को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय बाड़ी) कमल कुमार जांगिड़ के मार्गदर्शन में जिलेभर में बैठकें आयोजित की जा रही हैं। निर्देशानुसार जिले के सभी थानों पर नागरिक सहयोग समूह, सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक एवं शांति समिति के सदस्यों की संयुक्त बैठकें कर त्योहारों को सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्वक मनाने की रूपरेखा तैयार की जा रही है। बैठकों में नवरात्रि स्थापना, रामनवमी एवं ईद को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा की गई तथा आमजन से सुझाव भी लिए गए। पुलिस अधिकारियों ने सभी से अपील की कि वे एक-दूसरे के धर्म का सम्मान करते हुए आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। इसके साथ ही दूरसंचार अपराध, यातायात नियमों तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी भी दी गई। असामाजिक गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील करते हुए कहा गया कि प्राप्त सुझावों पर अमल कर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा।

## राजस्थान दिवस पर उद्यमी संवाद: निवेश बढ़ाने व नई औद्योगिक नीतियों पर चर्चा

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजस्थान दिवस समारोह 2026 के तहत सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के वीसी कक्ष में उद्यमी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जयपुर स्थित राज्य स्तरीय समारोह का सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उद्योगपतियों से संवाद करते हुए विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया तथा निजी क्षेत्र में रोजगार पत्र भी वितरित किए। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राजस्थान इंडस्ट्रियल पार्क प्रमोशन पॉलिसी, राजस्थान एयरोस्पेस एंड डिफेंस पॉलिसी तथा राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी का विमोचन किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक मितुल गोयल सहित प्रमुख उद्यमी एवं औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर उद्यमियों को राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीतियों की जानकारी देते हुए निवेश के अनुकूल वातावरण पर चर्चा की गई। साथ ही जिला उद्योग केंद्र द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर स्थानीय व्यापारियों व युवाओं को उद्यमिता और निवेश के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में व्यापार, उद्योग एवं स्टार्टअप से जुड़े युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सरकार की नीतियों में रुचि दिखाई।

## शिक्षक संघ की बैठक में बड़ा निर्णय: 22 मार्च को नववर्ष मिलन व शिक्षक सम्मान समारोह

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों की बैठक पूर्व प्रदेश महामंत्री व राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य व जिलाध्यक्ष हरी सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि संघ की ओर से 22 मार्च को शाम 4 बजे सोना हवेली होटल में भारतीय नववर्ष स्नेह मिलन एवं शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में विक्रम संवत 2083 के उपलक्ष्य में जिलाध्यक्ष हरिसिंह गुर्जर, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर लोधी एवं पूर्व प्रदेश मंत्री हरिसिंह (बाड़ी) को उनके शैक्षणिक योगदान व सेवानिवृत्ति पर सम्मानित किया जाएगा। संघ के जिला मंत्री चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए स्वागत, मंच व्यवस्था, अतिथि आमंत्रण व भोजन सहित विभिन्न समितियों का गठन कर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर भी चर्चा हुई। राजेश शर्मा ने सरकार से तबादलों पर लगी रोक हटाने, लंबित डीपीसी कराने तथा स्कूलों में रिक्त पद भरने की मांग उठाई। साथ ही प्रदेश की जलवायु परिस्थितियों को देखते हुए स्कूल संचालन 21 जून की बजाय 1 जुलाई से शुरू करने का सुझाव दिया। जिलाध्यक्ष हरिसिंह गुर्जर ने सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्राथमिक कक्षाओं को अलग संचालित करने, प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में कम से कम पांच शिक्षकों की नियुक्ति, स्टाफिंग पैटर्न लागू करने, लंबित पदोन्नतियां व काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू करने सहित विभिन्न मांगें रखीं। इसके अलावा पैरा टीचर, शिक्षाकर्मी, पंचायत सहायक व मदरसा कर्मियों को स्थाई करने, इंटर्नशिप अवधि का वेतन देने तथा शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने की मांग भी की गई। बैठक में सभाध्यक्ष अलिंद चौहान, महिला प्रकोष्ठ संयोजिका प्रियंका चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर लोधी, अनिल मिश्रा, आमोद श्रीवास्तव, भानु प्रताप परमार, कुलदीप शर्मा, मनोज मीणा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय पंचायत समिति सांभरलेक जिला जयपुर**

क्रमांकः- पंससां/लेखा / 2026 / 1244 दिनांक- 18/03/2026


**नीलामी सूचना**

पंचायत समिति कार्यालय परिसर के बाहर स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजनान्तर्गत निर्मित दूकान नं. 04 को किराये पर देने हेतु नीलामी सूचना आमंत्रित की जाती है। इच्छुक एवं योग्य नीलामीदाता 13000/- हजार रूपये धरोहर राशि कार्यालय में जमा कर दिनांक 27.03.2026 समय प्रातः 10:00 बजे तक नीलामी दर प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकता है।

**विकास अधिकारी**
**पंचायत समिति सांभरलेक**

# तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर गाड़ी डिवाइडर से टकराकर रोड से 30 फीट नीचे खाई में गिरी, तीन दोस्तों की मौत

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के कोटा जिले में कैथून थाना इलाके में बुधवार को सुबह बालापुरा और कराडिया गांव के बीच तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर गाड़ी रोड पर डिवाइडर से टकराकर रोड से नीचे 30 फुट गहरी खाई में गिर गई जिसकी वजह से गाड़ी में सवार तीन युवकों की मौत हो गई। मृतक महाराष्ट्र के पुणे के रहने वाले थे पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है पुलिस मृतक के परिजनों के आने का इंतजार कर रही है । परिजनों के आने के बाद ही सभी मृतक का पोस्टमार्टम किया जाएगा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 26 फरवरी को पुणे के रहने वाले 10 युवक जम्मू कश्मीर और लद्दाख भ्रमण के लिए निकले थे इन सभी जगह पर भ्रमण करने के बाद यह सभी युवक वापस दो अलग-अलग गाड़ियों में पुणे जा रहे थे जिसमें एक फॉर्च्यूनर गाड़ी में तीन युवक बैठे हुए थे और दूसरी गाड़ी में साथ युवक बैठे हुए थे बुधवार की सुबह कोटा जिले में मुंबई दिल्ली एक्सप्रेस हाईवे पर कैथून थाना इलाके मेंफॉर्च्यूनर गाड़ी का चालक तेज रफ्तार से गाड़ी को चला रहा था इसलिए फॉर्च्यूनर रोड पर डिवाइडर से टकराकर रोड से नीचे करीब 30 फीट गहरी खाई में गिर गई । आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया स्थानीय लोगों ने और पुलिस ने खाई में गिरी फॉर्च्यूनर गाड़ी में फंसे गंभीर रूप से घायल तीनों युवक को तुरंत अस्पताल में भी पहुंचा लेकिन तीनों युवक की मौत हो गई। मृतकों के नाम सिद्धांत, कुणाल और एक अन्य युवक है यह तीनों ही पुणे के रहने वाले हैं और आपस में गहरे दोस्त भी थे बाद में इनके पीछे आ रही एक अन्य गाड़ी में सवार उनके दूसरे ग्रुप के दोस्तों ने तुरंत अपनी गाड़ी को घटनास्थल पर रोक और इस पूरी घटना के बारे में मृतक तीनों युवक के परिजनों को भी उन्होंने सूचना दी हालांकि पुलिस का कहना है कि कहीं ना कहीं फॉर्च्यूनर गाड़ी के चालक को नींद की झपकी आ गई जिसकी वजह से यह दर्दनाक हादसा हुआ है लेकिन पुलिस इस घटना से जुड़े प्रत्येक पहलुओं की गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है इस दुर्घटना का कारण कोई अन्य वजह तो नहीं है इस बात की भी जांच पड़ताल की जा रही है इसके लिए मृतक युवकों के दूसरे ग्रुप के दोस्तों से भी पुलिस आवश्यक पूछताछ कर रही है।

## सरकारी स्कूल में अध्यापक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जोधपुर जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर कापरड़ा इलाके में सरकारी स्कूल परिसर में स्थित एक पेड़ पर रस्सी से लटका हुआ शिक्षक की बॉडी को बरामद किया गया है। मौके पर मृतक शिक्षक सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस सुसाइड नोट की जांच कर रही है प्रथम दृश्य यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। लेकिन पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल करते हुए मृतक के परिजनों से भी पूछताछ कर रही है स्कूल परिसर में इस तरह से शिक्षक के आत्महत्या किए जाने के मामले को देखकर स्थानीय लोग भी काफी चकित हैं आखिर ऐसी कौन सी वजह थी जिसकी वजह से शिक्षक ने आत्महत्या की है इस बात की। चर्चा इलाके के लोग भी करते हुए दिखाई दिए पुलिस मृतक शिक्षक के मोबाइल फोन कॉल डिटेल की भी जांच पड़ताल कर रही है। इसके अलावा स्कूल के अन्य शिक्षक और छात्रों से भी पूछताछ करके यह पता लगाया जा रहा है कि मृतक शिक्षक हाव भाव से क्या वास्तव में परेशान दिख रहा था। हालांकि घटनास्थल पर सुसाइड नोट मिला है सुसाइड नोट की सत्यता का भी पता लगाया जा रहा है सुसाइड नोट में जो बातें लिखी गई है उनकी भी जांच पड़ताल की जा रही है लेकिन खबर लिखे जाने तक पुलिस ने सुसाइड नोट में लिखी गई बातों को उजागर नहीं किया था। पुलिस का कहना है कि फिलहाल सुसाइड नोट में लिखी गई बातों की सत्यता का पता लगाया जा रहा है पुलिस इस बात की भी जांच पड़ताल कर रही है कि पुलिस की जांच को दिशाहीन करने के लिए इस मामले को आत्महत्या का रूप तो नहीं दिया गया। इसलिए पुलिस मृतक शिक्षक की बॉडी का पोस्टमार्टम भी करवा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस की जांच सही दिशा में आगे बढ़ पाएगी फिलहाल पुलिस प्रथम दृष्टा इसे आत्महत्या मान रही है लेकिन इस प्रकरण में पुलिस अन्य सभी डाउट भी दूर करना चाहती है ।

## झोटवाड़ा में ऐतिहासिक विकास कार्यों को लेकर क्षेत्र की जनता ने राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का किया शानदार स्वागत और जताया आभार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ की निगरानी में समूचे क्षेत्र में शानदार कार्य संपन्न हो चुके हैं और जो कार्य अभी चल रहे हैं, वे अपने पूरी क्षमता के साथ तीव्र गति से निर्माणरत हैं। इन्हीं विकास कार्यों का धन्यवाद करने के लिए झोटवाड़ा क्षेत्र के नागरिकों ने बड़ी संख्या में कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के निवास पर आकर मुलाकात की और तहेदिल से शुक्रिया करते हुए आभार व्यक्त किया। इसमें क्षेत्र के नागरिक, महिलाएं, युवा और भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल थे। उन्होंने क्षेत्र में कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ की त्वरित और प्रभावी पहल को सराहा, जिससे जनता की असुविधाओं का तुरंत समाधान हुआ। क्षेत्रवासियों ने कहा कि उनके द्वारा की गई घोषणाओं से शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में विकास को गति मिलेगी। झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के शहरी, ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यों के तहत सड़क निर्माण, सड़कों के चौड़ाईकरण, ड्रेनेज, सीवरेज, आरओबी निर्माण आदि का कार्य विधायक कोष से स्वीकृत राशि से किया जा रहा है। अपने निवास पर आए नागरिकों से कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बेहद आत्मीयता से मुलाकात की और उनकी बातों को ध्यान पूर्वक सुना। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने नागरिकों से आह्वान किया कि आगे भी अगर उन्हें किसी प्रकार की समस्याएं आती हैं, तो सीधे उनसे आकर मिला जा सकता है। जनसमस्याओं पर तुरंत एक्शन लिया जाएगा। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि उनका प्राथमिक उद्देश्य जनता की सुविधा और क्षेत्र का समग्र विकास है। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में लगातार चल रहे काम इस दिशा में उनके दृढ़ संकल्प का प्रमाण हैं। खेल के क्षेत्र में कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ आमेर में महाराणा प्रताप खेलकूद विवि की स्थापना के लिए उनका आभार प्रकट किया।

## राजस्थान हाई कोर्ट ने भीनमाल एडीजे राजेंद्र साहू को निलंबित किया, आधा दर्जन गंभीर मामलों में हो रही है जांच

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान हाई कोर्ट की जोधपुर खंडपीठ ने भीनमाल एडीजे राजेंद्र साहू को फिलहाल निलंबित कर दिया है क्योंकि साहू के खिलाफ आधा दर्जन गंभीर मामलों की जांच जारी है। इसलिए इन मामलों की जांच प्रभावित नहीं हो इसीलिए राजस्थान हाई कोर्ट की जोधपुर खंडपीठ की ओर से साहू को निलंबित किया गया है निलंबन के दौरान साहू जोधपुर पीठ में अपनी उपस्थित नियमित रूप से दर्ज करवाएंगे। जानकारी के अनुसार राजेंद्र साहू के खिलाफ आधा दर्जन मामलों में जो जांच जारी है यह सभी मामले काफी गंभीर बताई गए हैं और साहू पर गंभीर आरोप लगे हैं इसलिए यह सब जांच प्रभावित नहीं हो इसलिए राजस्थान हाई कोर्ट प्रशासन ने साहू को निलंबित करने का कदम उठाया है। जानकार लोगों का कहना है कि राजस्थान हाई कोर्ट का यह कदम काफी स्वागत योग्य है क्योंकि साहू एक जिम्मेदार पद पर बैठे हुए हैं इसलिए अगर जिम्मेदार पद पर बैठे हुए किसी व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगते हैं तो उनकी जांच भी सार्थक होनी ही चाहिए ताकि लोगों में न्याय प्रणाली के प्रति सकारात्मक और अच्छा संदेश जाएगा इसीलिए हाई कोर्ट प्रशासन ने साहू को निलंबित किया ।

## यात्रियों की सुविधा हेतु जोधपुर-रामदेवरा-भगत की कोठी स्पेशल रेलसेवा का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु जोधपुर-रामदेवरा-भगत की कोठी स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है।उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 04867, जोधपुर-रामदेवरा स्पेशल रेलसेवा दिनांक 19.3.26 से 26.3.26 तक (8 ट्रिप) जोधपुर से 9.30 बजे रवाना होकर 13.00 बजे रामदेवरा पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04868, रामदेवरा-भगत की कोठी स्पेशल रेलसेवा दिनांक 19.3.26 से 26.3.26 तक (8 ट्रिप) रामदेवरा से 14.00 बजे रवाना होकर 17.30 बजे भगत की कोठी पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में जोधपुर, राईकाबाग, मंडोर, मारवाड मथानिया, ओसियां, मारवाड लोहावट एवं फलौदी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 8 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बो सहित कुल 10 डिब्बे होंगे।

## 61 छात्राओं को मिली साईकिलें

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय स्टेशन रोड स्थित राजकीय प्रेमसुख भीवसरिया बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बालिकाओं को साईकिलें वितरित की गई। प्रधानाचार्या शीतल मिश्रा ने बताया कि कक्षा 9 की 61 पात्र-छात्राओं को राजस्थान सरकार द्वारा प्रदत्त साइकिलों का वितरण किया गया। इस दौरान राजेंद्र गिड़िया, मांगीलाल भाटी, नरेश कुमार, हीराराम मेघवाल, प्रियंका, त्रिलोकचंद, सुधा जांगिड़, सरिता फुलवारिया, गणपति प्रजापत, मीनाक्षी शर्मा, सरोज मीणा आदि उपस्थित रहे।

## सरिस्का टाइगर रिजर्व के जंगल में भीषण आग लगी, अजमेर में गत्ता फैक्ट्री में भी भीषण आग लगने से कर्मचारियों में मची खलबली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** विश्व विख्यात सरिस्का टाइगर रिजर्व के जंगल में टहला रेंज में अज्ञात कारण की वजह से भीषण आग लग गई यह आज करीब दो हेक्टर इलाके में फैल गई। इसलिए आज पर काबू पाने में मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी और करीब 5 घंटे की मशक्कत के बाद डिंपल विभाग की कइ 'गाड़ियों इलाके में फैल गई इसलिए आज पर काबू पाने में मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी और करीब 5 घंटे की मशक्कत के बाद दमकल विभाग की कई गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इस आग से जंगल में भारी मात्रा में घास फूस छोटे हरे पेड़ इत्यादि सब जलकर स्वाह हो गए कुछ छोटे जीव जंतु भी इस आगजनी की चपेट में आए हैं। जब तक इस आग पर काबू नहीं पाया गया तब तक सरिस्का टाइगर रिजर्व से जुड़े लोगों और आसपास इलाके में स्थित ग्रामीण के चेहरों पर भी घबराहट देखी गई क्योंकि यह आग तेजी से आगे बढ़ रही थी और ग्रामीणों को यह चिंता सता रही थी कि कहीं यह आग जंगल से निकालकर आसपास के गांव तक नहीं फैल जाए। इसलिए स्थानीय ग्रामीणों ने भी आग बुझाने में पूरा सहयोग किया जिसकी वजह से आग पर जल्दी से काबू पा लिया गया । जानकारी के अनुसार जंगल में भीषण आग लगने की वजह से सरिस्का टाइगर रिजर्व में मौजूद अन्य वन्य जीव भी इधर-उधर अपनी जान को खतरे में देखकर भागने लगे एक अन्य आगजनी की घटना प्रदेश के अजमेर में मांगलियावास इलाके में देखने को मिला जहां गत्ता फैक्ट्री में अज्ञात कारण की वजह से भीषण आग लग गई फैक्ट्री में आग लगने की वजह से फैक्ट्री में मौजूद कर्मचारी और मजदूर तुरंत फैक्ट्री से बाहर निकल गए इसलिए फैक्ट्री में इस आगजनी की घटना से किसी भी तरह की जनहानि तो नहीं हुई है लेकिन फैक्ट्री में रखा लाखों रुपए का समान जलकर स्वाद जरूर हो गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस और दमकल विभाग की गाड़ी भी मौके पर पहुंची और आग बुझाने के युद्ध स्तर पर प्रयास शुरू किए गए क्योंकि यह गत्ता फैक्ट्री थी इसलिए आग को विकराल रूप धारण करने में ज्यादा समय नहीं लगा इसलिए थोड़ी ही देर में आग ने पूरी फैक्ट्री को अपने आगोश में ले लिया जिसकी वजह से आग बुझाने में मौके पर मौजूद दमकल विभाग की गाड़ियों को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा । प्रदेश में मंगलवार की रात करीब 2:00 बजे उदयपुर में भी एक कॉलोनी में मकान के बाहर खड़ी कार में अज्ञात कारण की वजह से आग लग गई जिसकी वजह से कार पूरी तरह से जलकर क्षतिग्रस्त हो गई यह आज खुद ही अपने आप लगी या फिर किसी ने खड़ी कार को जलाने का प्रयास किया यह अभी जांच का विषय बना हुआ है गाड़ी के मालिक ने भी इस घटना को लेकर काफी आश्चर्य जताया है और कहा कि वह खुद भी नहीं जानता गाड़ी में आग कैसे लगी ।

## स्कूल बस के दरवाजे से गिरकर छात्र बस के टायर के नीचे दब गया, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के डूंगरपुर जिले में सारदा थाना इलाके के घोड़ाफला गांव में एक स्कूल बस के टायर के नीचे दबकर मौत के मुंह में चला गया इस हादसे के बाद मृतक छात्रा के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। स्कूल में पढ़ने वाले अन्य छात्रों के परिजनों में भी इस हादसे को लेकर गहरा आक्रोश छाया हुआ है मृतक छात्रा के परिजनों ने स्कूल प्रबंधन और चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग भी की है । सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है और मृतक छात्रा के शव को कब्जे में किया घटना स्थल से आवश्यकता है पुलिस मृतक छात्र की बॉडी का पोस्टमार्टम भी करवा रही है इस मामले की पुलिस ने गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह दर्दनाक हादसा घोड़ाफल गांव में हुआ जब एक छात्र बस के दरवाजे के बिल्कुल नजदीक खड़ा था अचानक बस के चालक ने एकदम से ब्रेक लगाया जिसकी वजह से दरवाजे पर खड़े छात्र का संतुलन बिगड़ गया और वह बस के नीचे गिर गया बस के नीचे गिरने के बाद वह बस के टायर के नीचे आ गया जिसकी वजह से वह मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए सागवाड़ा अस्पताल में लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उल्लेखनीय है कि पहले भी एक निजी स्कूल की दो बसों के चालक के लापरवाही से दोनों बसों में आपस में भिड़ंत हो गई थी जिसमें 30 से ज्यादा छात्र घायल हो गए थे। दोनों बस के चालक एक दूसरे को आगे निकलने के प्रयास में काफी देर तक ओवरटेक कर रहे थे । ओवरटेक करने के दौरान ही दोनों बस आपस में गिर गई और दोनों ही बस पलट गई थी इससे पहले भी प्रदेश में निजी बस चालक की लापरवाही से कई बार बड़े हादसे हुए हैं जिसमें बच्चों की जिंदगी खतरे में पड़ी है। अब जिस तरह से बुधवार को निजी बस की टायर के नीचे दबने से डूंगरपुर जिले में छात्र की जो मौत हुई है यह भी कहीं ना कहीं बस चालक की लापरवाही को उजागर करती है क्योंकि पहले तो स्कूल के छात्र को दरवाजे के नजदीक खड़ा ही नहीं करना था और अगर छात्र को दरवाजे के नजदीकी खड़ा किया गया था तो फिर चालक को ब्रेक लगाने के दौरान काफी सावधानी रखनी चाहिए लेकिन उसने अचानक ब्रेक लगाया जिसकी वजह से बस के दरवाजे के नजदीक खड़े छात्र का संतुलन बिगड़ गया और वह बस के नीचे गिरकर बस के टायर के नीचे आ गया ।

## सरिस्का में खदान-रिसॉर्ट्स को फायदा देने के लिए क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट युक्तिकरण के नाम पर किया जा रहा बड़ा खेल : जूली

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा सरकार पर सरिस्का के क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट के साथ छेड़छाड़ करने का गंभीर आरोप लगाते हुए कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि सरिस्का के मूल संरक्षित क्षेत्र को कमजोर करने का कोई भी प्रयास न केवल पर्यावरण विरोधी है, बल्कि वन्यजीव संरक्षण के नाम पर चल रहे सरकारी दावों की पोल भी खोलता है। जूली ने कहा कि सरकार सुनियोजित तरीके से कफ सीटीएच क्षेत्र को बफर जोन में बदलने की साजिश कर रही है, ताकि सुप्रीम कोर्ट द्वारा बंद की गई 104 खदानों और लगभग 100 रिसॉर्ट्स को दोबारा चालू किया जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पूरा खेल कुछ चुनिंदा हितों को लाभ पहुंचाने के लिए खेला जा रहा है, जबकि बाघों और जैव विविधता की सुरक्षा को दरकिनार किया जा रहा है।जूली ने कहा कि देश में आज तक कोई सी टी एच बदला नहीं गया और पूर्व प्रधानमंत्री स्व डॉ.मनमोहन सिंह जी को याद करते हुए कहा कि हमारा जो सीटीएच बना और उन्होंने सरिस्का में बाघ संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाए। इसमें बाघ विशेषज्ञ, वन्यजीव प्रेमी इत्यादि शामिल थे और उन्होंने सीटीएच बनाया था। उन्होंने स्पष्ट कहा लेकिन आज यहां कमेटी में माइनिंग के लोग हैं , माइनिंग के लोग तय करेंगे कि सीटीएच कहां बनेगा। उन्होंने इसे बहुत बड़ा घोटाला करार दिया है। उन्होंने बाघों के बढ़ते विचरण क्षेत्र को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति की रिपोर्ट संख्या 9/2024, दिनांक 22 जुलाई 2024 में भी सरिस्का बाघ परियोजना के सीटीएच के युक्तिकरण का उल्लेख है। उस समय जहां बाघों की संख्या लगभग 40 थी, वहीं अब यह बढ़कर 52 हो चुकी है। ऐसे में बाघों के विस्तार और प्रजनन को देखते हुए सीटीएच को और मजबूत किया जाना चाहिए, न कि उसे सीमित करने की कोशिश की जानी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जिन क्षेत्रों में बाघों की नियमित आवाजाही है और जहां शावकों का जन्म हुआ है, उन्हें अनिवार्य रूप से सीटीएच में शामिल किया जाना चाहिए। इसके विपरीत सरकार इन क्षेत्रों को बाहर करने की दिशा में काम कर रही है, जो बेहद चिंताजनक है। श्री जूली ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव के संबंध में कोई प्रारूप अधिसूचना जारी नहीं की और न ही आम जनता, पर्यावरण विशेषज्ञों एवं संबंधित हितधारकों से सुझाव या आपत्तियां आमंत्रित कीं। यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के अभाव और लोकतांत्रिक मूल्यों की अनदेखी को दर्शाती है। उन्होंने मांग की कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 8 सितंबर 2025 के निर्णय की अक्षरशः पालना सुनिश्चित की जाए। साथ ही, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धारा 38-वी के प्रावधानों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता के साथ सीटीएच की सीमाओं का पुनर्निर्धारण किया जाए, ताकि सरिस्का के बाघों और उनके प्राकृतिक आवास की रक्षा सुनिश्चित हो सके। जूली ने कहा है कि अगर सरकार ने इस दिशा में सही कदम नहीं उठाया तो कांग्रेस पार्टी इसके लिए एक बहुत बड़ा जन आंदोलन शुरू करेगी ।

## नवरात्री पर बिलासपुर-भगत की कोठी-बिलासपुर एवं बिलासपुर-बीकानेर-बिलासपुर रेलसेवा का डोंगरगढ स्टेशन पर होगा अस्थाई ठहराव

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा नवरात्री मेले के अवसर पर मॉ बम्लेश्वरी मन्दिर में होने वाले अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा बिलासपुर-भगत की कोठी-बिलासपुर एवं बिलासपुर-बीकानेर-बिलासपुर रेलसेवा का डोंगरगढ स्टेशन पर अस्थाई ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 20843, बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस रेलसेवा जो दिनांक 23.3.23 व 24.3.26 को बिलासपुर से प्रस्थान करेगी वह डोंगरगढ स्टेशन पर 21.56 बजे आगमन एवं 21.58 बजे प्रस्थान करेगी इसी प्रकार गाडी संख्या 20844, भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस रेलसेवा जो दिनांक 19.3.26, 21.3.26 व 26.3.26 को भगत की कोठी से प्रस्थान करेगी वह डोंगरगढ स्टेशन पर 5.40 बजे आगमन एवं 5.42 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह गाडी संख्या 20845, बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस दिनांक 19.3.26, 21.3.26 व 26.3.26 को बिलासपुर से प्रस्थान करेगी वह डोंगरगढ स्टेशन पर 21.56 बजे आगमन एवं 21.58 बजे प्रस्थान करेगी इसी प्रकार गाडी संख्या 20846, बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस दिनांक 22.3.26 व 24.3.26 को को बीकानेर से प्रस्थान करेगी वह डोंगरगढ स्टेशन पर 5.40 बजे आगमन एवं 5.42 बजे प्रस्थान करेगी।

## बीकानेर, जैसलमेर और बाड़मेर क्षेत्रों में नई रेल लाइनों के निर्माण प्रगति पर: अश्विनी वैष्णव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल मंत्रालय की अनुदान मांगों (2026-27) पर संसद में हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि भारतीय रेलवे वर्तमान में अभूतपूर्व विस्तार और आधुनिकीकरण के दौर से गुजर रही है, जिसे केंद्रीय बजट 2026-27 में 2.78 लाख करोड़ रूपए के रिकॉर्ड बजटीय आवंटन से सशक्त बनाया गया है। रेल मंत्री वैष्णव ने रेखांकित किया कि रेलवे में एक प्रमुख संरचनात्मक सुधार रेल बजट का आम बजट में विलय था, जिसके परिणामस्वरूप तीन प्रमुख लाभ हुए हैं। उन्होंने भारतीय रेल के वर्तमान रूपांतरण को 'धीमी प्रगति' से 'सुपर-फास्ट ट्रांसफॉर्मेशन' की ओर एक बड़े बदलाव के रूप में वर्णित किया, जो इस राष्ट्रीय परिवहन सेवा के लिए एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है। वैष्णव ने सीमावर्ती और सामरिक क्षेत्रों में रेल कनेक्टिविटी पर दिए जा रहे विशेष बल को रेखांकित किया।उन्होंने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में संपर्क को मजबूत करने के लिए कई परियोजनाएं शुरू की गई हैं, जो सामरिक आवाजाही और क्षेत्रीय विकास दोनों को बढ़ावा देंगी। जम्मू-कश्मीर में बारामूला-उरी विस्तार (डीपीआर चरण), काजीगुंड-बडगाम दोहरीकरण और जम्मू-राजौरी-पुंछ कनेक्टिविटी के लिए सर्वेक्षण जैसे कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। उत्तरी और पश्चिमी सीमावर्ती क्षेत्रों में, अनुपगढ़-खाजूवाला, जैसलमेर-बाड़मेर-भीलडी और भारत-पाकिस्तान सीमा के साथ अन्य मार्गों जैसी परियोजनाओं को पहुंच और लॉजिस्टिक्स में सुधार के लिए विकसित किया जा रहा है। राजस्थान में सीमावर्ती क्षेत्र में रेल नेटवर्क को सुदृढ़ बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। राजस्थान के अनूपगढ़-बीकानेर को जोड़ने के लिए 187 किलोमीटर नई रेल लाइन के कार्य को 2277 करोड़ रूपए के निर्माण करने की डीपीआर तैयार की गई है तथा स्वीकृति के आगामी चरण में है। इसके अतिरिक्त जैसलमेर-भाभर,भीलड़ी वाया बाडमेर, 380 किलोमीटर तथा खाजूवाला-जैसलमेर 260 किलोमीटर नई रेल के लिए फाइनल लोकेशन सर्वे का कार्य प्रगति पर है। रेलवे द्वारा किए जा रहे कार्यों के फलस्वरूप सीमावर्ती क्षेत्रों में रेल नेटवर्क मजबूत होने के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों को बेहतर रेल सम्पर्क उपलब्ध होगा। इसके साथ ही क्षेत्र में रेल लाइनो के निर्माण से समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और स्थापत्य कला के साथ धार्मिक और सामारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण राजस्थान राज्य में व्यापारिक व सामाजिक सम्बन्ध प्रगाढ़ होगे।

## रेल यात्रियों की सुविधा के लिए कई बड़े कदम और कई बड़े निर्णय लिए गए : अश्विनी वैष्णव

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने संसद में रेल मंत्रालय की अनुदान मांगों की चर्चा के जवाब में कहा कि सरकार ने रेल यात्रियों की सुविधा के लिए कई बड़े निर्णय और कई बड़े कदम उठाए हैं उन्होंने कहा रेलवे आम नागरिकों के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। वैष्णव ने कहा कि आम आदमी सुविधा के लिए नॉन एसी डिब्बों की लगातार वृद्धि की जा रही है। साथ ही साधारण डिब्बों की साफ सफाई पर भी अत्यधिक बल दिया जा रहा है, ताकि आम यात्री की यात्रा सुविधाजनक हो सके। श्री वैष्णव ने कहा कि रेलवे आम नागरिकों के लिए किफायती यात्रा को प्राथमिकता देना जारी रखे हुए है। लगभग 70 प्रतिशत कोच जनरल और स्लीपर श्रेणी के हैं, जो अधिकांश यात्रियों के लिए सुलभता सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त जनरल कोच (सामान्य श्रेणी के डिब्बे) शुरू किए गए हैं, जिनमें वर्ष 2024-25 में लगभग 1,250 कोच और 2025-26 में करीब 860 कोच शामिल हैं। उन्होंने जानकारी दी कि रेलवे वर्तमान में प्रतिवर्ष लगभग 60,000 करोड़ रूपए की यात्री सब्सिडी प्रदान कर रही है, जो प्रति यात्री औसतन लगभग 45 प्रतिशत की छूट के बराबर है। इसके अतिरिक्त, मुंबई जैसे उपनगरीय (सबअर्बन) इलाकों में लगभग 3,000 करोड़ रूपए की अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान की जा रही है।रोजगार के विषय पर वैष्णव ने बताया कि पिछले एक दशक में रेलवे में लगभग 5 लाख नौकरियां प्रदान की गई हैं, जबकि 1.43 लाख भर्तियों की प्रक्रिया वर्तमान में जारी है। उन्होंने एक व्यवस्थित वार्षिक भर्ती कैलेंडर की शुरुआत पर प्रकाश डाला, जो पूर्वानुमान और पारदर्शिता सुनिश्चित करता है। रेलवे की भर्ती परीक्षाएं 15 भाषाओं में और 150 शहरों में आयोजित की जा रही हैं, जिनमें लगभग 3.6 करोड़ उम्मीदवारों की भागीदारी देखी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि शिकायतों के त्वरित निवारण और परीक्षाओं का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए एक केंद्रीय निगरानी प्रणाली (वार रूम) स्थापित की गई है। रेलवे में तकनीक, नवाचार और 'मेक इन इंडिया' पर अपनी बात रखते हुए,अश्विनी वैष्णव ने परिचालन, रखरखाव, बुनियादी ढांचे और यात्री सेवाओं सहित भारतीय रेलवे के सभी क्षेत्रों में तकनीक और 'मेक इन इंडिया' की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जुलाई 2025 में लॉन्च किए गए रेलवन ऐप ने व्यापक लोकप्रियता हासिल की है, जिसके अब तक 2.5 करोड़ से अधिक डाउनलोड हो चुके हैं और इसके माध्यम से प्रतिदिन लगभग 9.5 लाख टिकटों का सफल ट्रांजैक्शन हो रहा है। यह ऐप आरक्षित और अनारक्षित टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट, ट्रेन पूछताछ, पीएनआर स्थिति और शिकायत निवारण जैसी कई यात्री सेवाओं को एक ही प्लेटफॉर्म पर एकीकृत करता है। स्टेशनों का कायाकल्प और क्षमता में वृद्धि के बारे में श्री वैष्णव ने बताया कि भारतीय रेलवे ने वैश्विक स्तर पर स्टेशन पुनर्विकास के सबसे बड़े कार्यक्रमों में से एक शुरू किया है, जिसके तहत लगभग 1,300 स्टेशनों को कवर किया जा रहा है। इनमें से लगभग 180 स्टेशनों का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि करीब 500 स्टेशन पूर्ण होने के उन्नत चरण में हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक प्रथाओं के विपरीत, जहाँ पुनर्निर्माण के दौरान स्टेशनों को अक्सर बंद कर दिया जाता है।

## अमावस्या पर कोलीवाड़ा में उमड़ा गौसेवा का सैलाब

लापसी-चारा व 11 हजार दान से गूंजा गौशाला परिसर



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** पावन अमावस्या के अवसर पर कोलीवाड़ा स्थित श्री राम गौशाला में आयोजित 'गौसेवा महाअभियान' में श्रद्धा, सेवा और समर्पण का अनूठा संगम देखने को मिला। माह की प्रत्येक अमावस्या पर होने वाली परंपरा इस बार जनआंदोलन का रूप लेती नजर आई, जिसमें हर वर्ग और आयु के लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। सुबह से ही गौशाला परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। 'गौ माता की जय' के जयघोष के बीच गोवंश के लिए पौष्टिक लापसी, हरा चारा और गुड़ का वितरण किया गया, जिससे पूरे परिसर में भक्ति और सेवा का वातावरण बन गया। गौसेवा में भामाशाहों ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया। चंपालाल अंबावत परिवार द्वारा करीब 3.50 क्विंटल लापसी समर्पित की गई। वहीं सुमित कुमार सुथार ने एक ट्रॉली हरा चारा भेंट किया। गौशाला मंत्री भंवरलाल परमार ने चार कार्टन गुड़ प्रदान किया, जबकि सदस्य किशोर सिंह राजपुरोहित ने ?11 हजार का नगद सहयोग देकर अपनी आस्था व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान गौशाला कर्मचारियों ने अनुशासन और समर्पण के साथ सैकड़ों गोवंश को सुव्यवस्थित रूप से आहार वितरित किया। पूरे आयोजन में कहीं भी अव्यवस्था देखने को नहीं मिली। इस अवसर पर गौशाला अध्यक्ष धीरज सांखला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवलाल परिहार, उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा, कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पुरोहित, मंत्री भंवरलाल परमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार पुखराज कुमावत ने किया। गौशाला परिवार ने सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सेवा, संस्कार और एकता का संदेश देते हैं और नई पीढ़ी को प्रेरित करते हैं।

## उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा में सख्तीः 7.70 लाख अभ्यर्थियों के लिए कड़े प्रबंध

प्रश्नपत्र लीक पर शून्य सहनशीललता

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने कहा कि राज्य सरकार निष्पक्ष और विश्वसनीय परीक्षा प्रणाली के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा प्रश्नपत्र लीक पर शून्य सहनशीलता की नीति के तहत कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा-2025 की तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए परीक्षा को पारदर्शी और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। यह परीक्षा 5 और 6 अप्रैल को राज्य के 1174 केंद्रों पर आयोजित होगी, जिसमें लगभग 7.70 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे। मुख्य सचिव ने सभी स्तरों पर समन्वय और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए संभागीय आयुक्तों, जिला कलक्टरों और पुलिस अधिकारियों को सतत निगरानी एवं मजबूत कानून व्यवस्था बनाए रखने को कहा। उन्होंने प्रश्नपत्रों की गोपनीयता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उनके सुरक्षित भंडारण, परिवहन और समयबद्ध वितरण के लिए विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने, फर्जी अभ्यर्थियों को रोकने तथा प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर दृश्य रिकॉर्डिंग और विशेष जांच दल की सक्रियता सुनिश्चित करने को कहा गया। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर दायरे में जनसेवा केंद्र और अन्य तकनीकी सेवाएं परीक्षा अवधि में बंद रहें तथा किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया जाए। अभ्यर्थियों की पहचान के लिए कूट संकेत युक्त प्रवेश पत्र, फोटो पहचान और वीडियो रिकॉर्डिंग जैसी बहुस्तरीय व्यवस्था लागू की जाएगी। बैठक में पुलिस महानिदेशक ने परीक्षा को संवेदनशील बताते हुए पुख्ता योजना बनाने पर जोर दिया। राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य हेमंत प्रियदर्शिनी और सचिव रामनिवास मेहता ने भी परीक्षा की तैयारियों की जानकारी दी। यह परीक्षा राज्य के 41 शहरों में आयोजित की जाएगी। बैठक में वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## ज्योतिष व पौरोहित्य प्रशिक्षण शिविर में पंचम दिन देव-दर्शन व मुहूर्त ज्ञान



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** पंडित नटवरलाल जोशी की स्मृति में आयोजित ज्योतिष-पौरोहित्य व पारंपरिक पंचांग प्रशिक्षण शिविर के पंचम दिन बुधवार को देव-दर्शन, पूजा-पाठ एवं मुहूर्त ज्ञान पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। शिविर का आयोजन शंकराचार्य अभिनव शिक्षण समिति की ओर से भारत सरकार के केंद्रीय विश्वविद्यालय के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत दानव दलन हनुमान मंदिर में लक्ष्मी- नारायण, सीताराम एवं हनुमान के दर्शन कर राम स्तुति, सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ एवं आरती की गई। इसके पश्चात बड़े मंदिर में ठाकुरजी रघुनाथ जी व हनुमान जी के दर्शन कर स्तुतिगान और रुद्राष्टाध्यायी का पाठ कर आरती संपन्न हुई।आचार्य महेंद्र ने मुहूर्त प्रकरण में पूज्य, ग्राह्य व त्याज्य के साथ 4, 8 व 12वें चंद्र, सूर्य व गुरु के प्रभावों की जानकारी दी। इस अवसर पर महंत अशोकदास, पं. नवीन जोशी, गोवर्धन शास्त्री, महंत महावीर दास, महावीर शर्मा, शशिकांत जोशी, अमित शर्मा, आर.के. तिवारी, नंदकिशोर ढंढ सहित कई प्रबुद्ध नागरिक व प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। शिविर का समापन गुरुवार को चैत्र प्रतिपदा पर नववर्ष अभिनंदन एवं विद्या पंचांग विमोचन कार्यक्रम के साथ मुरली मनोहर मंदिर में होगा, जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र व विशिष्ट विद्वानों को सम्मानित किया जाएगा।

# अमेरिका को अराजक बनाते ट्रंप

*युद्ध का परिदृश्य हमेशा त्रासद होता है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इस त्रासदी ने और विकराल रूप ले लिया। तब अमेरिका ने अपनी मारक क्षमताएं दिखाईं कि महज कुछ ही घंटों के दौरान वह कैसे लाखों लोगों को काल के गाल में धकेल सकता है। युद्ध के बाद अपने दामन पर पड़े छींटों को साफ करने की मंशा से आत्ममंथन करते हुए अमेरिका ने ऐसे वैश्विक प्रयासों को लेकर पहल की, जिसमें युद्ध की विकरालता न बढ़े और खासतौर से आम नागरिकों को नुकसान न पहुंचे। तब जिनेवा कन्वेंशन जैसे प्रोटोकॉल के अतिरिक्त ऐसे अन्य अनेक उपाय किए गए कि युद्ध के दौरान पेयजल स्रोतों जैसे ढांचों को कतई निशाना न बनाया जाए, ताकि नागरिकों की परेशानी न बढ़े। हालांकि, सभ्यता-मानवता को पोषित करने वाली ऐसी परंपरा भी हाल के वर्षों में कई बार तार-तार हुई है। यूक्रेन पर हमले के बाद रूस ने नागरिकों के लिए बिजली की आपूर्ति तक काट दी। इससे हाड़ कंपाने वाली सर्दियां यूक्रेन के लोगों के लिए और बेरहम साबित होने लगी। संयुक्त राष्ट्र आयोग के अनुसार इजरायल ने गाजा में फलस्तीन के लोगों को दाने-दाने के लिए तरसा दिया। उसने स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर शैक्षणिक संस्थानों तक पर भीषण बमबारी की और बच्चों को भी निशाना बनाने से गुरेज नहीं किया। संयुक्त अरब अमीरात ने सूडान में ऐसी*



कल्पना कीजिए कि ईरान अपने एजेंट मेक्सिको में उतार दे और वहां टेक्सास सीमा से वे अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर एक मिसाइल दाग दें। भले ही उनकी ऐसी कोई मंशा न हो, लेकिन इस दौरान लापरवाही के चलते ऐसे हमले में कोई अमेरिकी स्कूल ध्वस्त हो जाए, जिसमें 175 जान गंवानी पड़ें। इसके बाद वे तेल डिपो को जलाने लग जाएं और लोगों को रासायनिक वर्षा का शिकार बनाएं।

ऐसी स्थितियों में स्कूल, क्लिनिक और सामान्य जनजीवन ठप पड़ जाए और फिर भी ईरानी नेता धमकाएं कि अमेरिकी को इस हद तक तबाह कर देंगे कि वह कभी फिर से उठ खड़ा न हो पाए। निश्चित ही ऐसी स्थिति में राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के साथ-साथ हम सभी लोग निर्दोष नागरिकों पर हुए इस घृणित हमले को लेकर अपना आक्रोश प्रकट करेंगे और ऐसा करना बिल्कुल सही भी होगा।

युद्ध का परिदृश्य हमेशा त्रासद होता है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इस त्रासदी ने और विकराल रूप ले लिया। तब अमेरिका ने अपनी मारक क्षमताएं दिखाईं कि महज कुछ ही घंटों के दौरान वह कैसे लाखों लोगों को काल के गाल में धकेल सकता है। युद्ध के बाद अपने दामन पर पड़े छींटों को साफ करने की मंशा से आत्ममंथन करते हुए अमेरिका ने ऐसे वैश्विक प्रयासों को लेकर पहल की, जिसमें युद्ध की विकरालता न बढ़े और खासतौर से आम नागरिकों को नुकसान न पहुंचे।

तब जिनेवा कन्वेंशन जैसे प्रोटोकॉल के अतिरिक्त ऐसे अन्य अनेक उपाय किए गए कि युद्ध के दौरान पेयजल स्रोतों जैसे ढांचों को कतई निशाना न बनाया जाए, ताकि नागरिकों की परेशानी न बढ़े। हालांकि, सभ्यता-मानवता को पोषित करने वाली ऐसी परंपरा भी हाल के वर्षों में कई बार तार-तार हुई है। यूक्रेन पर हमले के बाद रूस ने नागरिकों के लिए बिजली की आपूर्ति तक काट दी। इससे हाड़ कंपाने वाली सर्दियां यूक्रेन के लोगों के लिए और बेरहम साबित होने लगी।

संयुक्त राष्ट्र आयोग के अनुसार इजरायल ने गाजा में फलस्तीन के लोगों को दाने-दाने के लिए तरसा दिया। उसने स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर शैक्षणिक संस्थानों तक पर भीषण बमबारी की और बच्चों को भी निशाना बनाने से गुरेज नहीं किया। संयुक्त अरब अमीरात ने सूडान में ऐसी मिलीशिया को शह दी, जिसने सामूहिक दुष्कर्मों और नरसंहार को अंजाम दिया। वहां पहले से ही मुश्किलें झेल रहे लोगों पर आफत की एक नई बारिश हो गई।

जहां तक गाजा की बात है तो वहां अमेरिका द्वारा आपूर्ति किए जा रहे हथियारों से ही तबाही मचाई गई और वाशिंगटन ने अपने सहयोगी की निंदा करने से भी परहेज ही किया। इसके बावजूद उसने आधे-अधूरे मन से ही सही, लेकिन वहां युद्ध के दौरान भी सामान्य तौर-तरीकों को कायम रखने की वकालत जारी रखी। जबकि ईरान के मामले में मुझे इस बात का डर है कि वह अपने इस रुख से भी पलट जाए तो कोई हैरत की बात नहीं। इस युद्ध में उन मूल्यों को ताक पर रखा जा सकता है, जिसके साथ सभी सभ्य देश खुद को बंधा हुआ देखते थे। वे मूल्य जो हमारी साझा मानवता को सहेजने के लिए बहुत जरूरी समझे गए हैं। ईरान पर हमला अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन करता हुआ ही प्रतीत होता है, क्योंकि न तो संयुक्त राष्ट्र ने इसकी अनुमति दी है और न ही आत्मरक्षा के लिए इसकी कोई आवश्यकता थी।

ईरान का आरोप है कि उसके उस संयंत्र को भी निशाना बनाया गया है, जिससे 30 गांवों को पेयजल की आपूर्ति होती थी। हालांकि अमेरिका और इजरायल ने इस आरोप को खारिज किया है। वहीं, ईरानी रेड क्रेसेंट सोसायटी का यह भी कहना है कि देश में 14 मेडिकल कालेज, 65 स्कूलों और 17,000 घर हमलों के शिकार बने हैं। वर्तमान परिदृश्य को लेकर यूनिसेफ का कहना है कि भिन्न-भिन्न देशों में छिड़ी लड़ाई के चलते अब तक 1,100 से अधिक बच्चे मारे गए हैं।

मैं इस बात को लेकर और अधिक चिंतित हूं कि अगर ट्रंप की हताशा बढ़ती गई और पहले से तय लक्ष्यों पर निशाने से उनके मंसूबे पूरे नहीं होते तो वे सैन्य प्रतिष्ठानों के साथ-साथ इलेक्ट्रिक ग्रिड, हाईवे और पुलों जैसे नागरिक सुविधाओं से जुड़े ढांचों पर भी हमला कर सकते हैं ताकि ईरान को भारी नुकसान पहुंचाया जा सके।

इससे नागरिकों की मुश्किलें बढ़ेंगी और असंतोष भड़क सकता है। राष्ट्रपति और उनके आसपास जमा मंडली ने ऐसे इरादे जाहिर भी किए हैं। ट्रंप ने प्रेस से बाकायदा यह कहा है, 'अगर उन्होंने कोई दुस्साहस दिखाया तो उन्हें ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि उससे उबरने के लिए दुनिया में उनकी कोई मदद नहीं कर पाएगा।'

पूरी दुनिया यह देख रही है। जहां कुछ देशों ने ईरान पर हमले को सही बताया है तो उसका विरोध करने वाले भी कम नहीं हैं। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने ईरान पर अमेरिकी-इजरायली हमले को बेपरवाही से भरा और अवैध बताया है।

# संवैधानिक मर्यादा का खुला उल्लंघन

*पहले यह विधाननगर में आयोजित होना था, लेकिन बंगाल प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य कारणों का हवाला देते हुए इसे स्थानांतरित कर दिया। नए स्थान तक पहुंचना कठिन था और इतना छोटा था कि ज्यादा लोग शामिल नहीं हो सकते थे। स्वाभाविक था कि राष्ट्रपति विधाननगर भी गईं, संथाल भाई-बहन वहां भी थे। वहां उन्हें राज्य सरकार के रवैये के प्रति अपना असंतोष प्रकट करने तथा सच्चाई अभिव्यक्त करने को बाध्य होना पड़ा। वस्तुतः बंगाल की धरती पर उतरने के समय से ही सरकार द्वारा राष्ट्रपति की अवहेलना और अपमान की शुरुआत हो गई थी। सामान्य प्रोटोकाल और परंपरा के अनुसार राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री या अगर किसी कारणवश वह नहीं आ सकें तो उनकी जगह कोई मंत्री रहते हैं। इसके साथ प्रदेश के पुलिस महानिदेशक और मुख्य सचिव*

पिछले दिनों पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य प्रशासन का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के प्रति व्यवहार न केवल लोकतांत्रिक शिष्टाचार का उल्लंघन है, बल्कि यह भविष्य के लिए एक चिंताजनक मिसाल भी है। ममता बनर्जी ने कहा कि राष्ट्रपति भाजपा के एजेंडा में फंस गई हैं। भाजपा उनसे अपना एजेंडा पूरा करवा रही है। आप 50 बार आएं तो सभी कार्यक्रमों में उपस्थित होना संभव नहीं होगा। भाजपा की चिंता सत्ता होती है और मेरी चिंता मेरे राज्य की जनता होती है। यानी वह कह रही थीं कि आप भाजपा का एजेंडा पूरा करने के लिए बार-बार बंगाल आती हैं और उम्मीद करती हैं कि मैं आपके स्वागत के लिए रहूं तो ऐसा नहीं हो सकता। क्या ममता बनर्जी की इस तरह की भाषा और व्यवहार को सामान्य लोकतांत्रिक मर्यादा और संविधान की भावनाओं के अनुरूप भी माना जा सकता है?

ममता बनर्जी इसके पहले राज्यपाल से लेकर चुनाव आयोग, केंद्रीय जांच एजेंसियों और कई बार न्यायपालिका को भी इसी भाषा में आरोपित कर चुकी हैं। अभी तक राष्ट्रपति का पद उनके अपमान और दुर्व्यवहार से बचा हुआ था। राष्ट्रपति को आरोपित करना वास्तव में राजनीतिक पतन की पराकाष्ठा है। राष्ट्रपति के पद को स्तरहीन दलीय राजनीति से बाहर रखा जाना चाहिए। दरअसल राष्ट्रपति मुर्मु पश्चिम बंगाल में 9वां अंतरराष्ट्रीय संताल समारोह एवं कांफ्रेंस को संबोधित करने गई थीं। यह कार्यक्रम बागडोगरा हवाई अड्डा के पास सिलीगुड़ी महकमा परिषद के गोंसाईपुर में आयोजित किया गया।



पहले यह विधाननगर में आयोजित होना था, लेकिन बंगाल प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य कारणों का हवाला देते हुए इसे स्थानांतरित कर दिया। नए स्थान तक पहुंचना कठिन था और इतना छोटा था कि ज्यादा लोग शामिल नहीं हो सकते थे। स्वाभाविक था कि राष्ट्रपति विधाननगर भी गईं, संथाल भाई-बहन वहां भी थे। वहां उन्हें राज्य सरकार के रवैये के प्रति अपना असंतोष प्रकट करने तथा सच्चाई अभिव्यक्त करने को बाध्य होना पड़ा। वस्तुतः बंगाल की धरती पर उतरने के समय से ही सरकार द्वारा राष्ट्रपति की अवहेलना और अपमान की शुरुआत हो गई थी। सामान्य प्रोटोकाल और परंपरा के अनुसार राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री या अगर किसी कारणवश वह नहीं आ सकें तो उनकी जगह कोई मंत्री रहते हैं। इसके साथ प्रदेश के पुलिस महानिदेशक और मुख्य सचिव भी उपस्थित रहते हैं, लेकिन राष्ट्रपति मुर्मु के स्वागत के लिए वहां ये नहीं थे। स्वतंत्र भारत में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ जब कोई राज्य सरकार राष्ट्रपति के कार्यक्रम के लिए उपयुक्त जगह की अनुमति न दे, उनकी पूरी तरह अवहेलना करे और असंतोष व्यक्त करने पर प्रतिक्रिया ऐसे दे जैसे अपने किसी राजनीतिक प्रतिस्पर्धी से टकरा रही है। राष्ट्रपति देश के संवैधानिक अभिभावक होते हैं। सभी को उस पद की गरिमा और स्थापित परंपरा के अनुरूप सम्मान देना होता है।

राष्ट्रपति की भावनाओं को मुख्यमंत्री के नाते ममता बनर्जी को गंभीरता से लेना चाहिए था, लेकिन बजाय इसके उन्होंने राष्ट्रपति को ही कठघरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने यहां तक कहा कि सम्मेलन, उसकी फंडिंग, आयोजकों के बारे में उन्हें कुछ भी पता नहीं था। राष्ट्रपति के किसी प्रदेश में दौरे की सूचना राज्य सरकार के पास सबसे पहले जाती है। उसमें उनके सारे कार्यक्रम वर्णित होते हैं। राष्ट्रपति भवन के अधिकारी प्रदेश सरकार के साथ संपर्क में रहते हैं। उसके अनुसार उनका प्रोटोकाल, कार्यक्रम में सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं होती हैं।

क्या ममता बनर्जी के प्रशासन ने राष्ट्रपति के कार्यक्रम के बारे में उन्हें जानकारी ही नहीं दी? अगर ऐसा है तो इसकी जांच होनी चाहिए, किंतु ममता के व्यवहार से ऐसा लगता नहीं कि उन्हें कुछ पता नहीं था।?

# विधानसभा चुनाव से पहले बड़े पैमाने पर तबादल

विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के बड़े पैमाने पर स्थानांतरण अथवा उन्हें उनके वर्तमान पदों से हटाए जाने के चुनाव आयोग के फैसले से यही पता चलता है कि सरकारों और नौकरशाही में किस तरह मिलीभगत हो जाती है। चूंकि भाजपा शासित असम में भी अधिकारियों को हटाया गया है, इसलिए इस आरोप के लिए कोई स्थान नहीं बचता कि चुनाव आयोग एकतरफा कार्रवाई कर रहा है, पर ऐसे आरोप सामने आएंगे ही। बीते दिनों तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने बंगाल में बड़े पैमाने पर अधिकारियों के तबादलों को लेकर अपना गुस्सा संसद में निकाला। इसकी कहीं कोई आवश्यकता नहीं थी, क्योंकि इन




तबादलों का भारत सरकार से कोई लेना-देना नहीं, लेकिन विपक्ष की चुनाव आयोग पर पक्षपाती होने के आरोप लगाने की आदत हो गई है। वास्तव में इसी आदत के चलते तृणमूल कांग्रेस की अगुआई में विपक्ष की ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की पहल की गई है। संकीर्ण राजनीति प्रेरित इस पहल से यह सच्चाई बदलने वाली नहीं है कि बंगाल उन राज्यों में अग्रणी है, जहां अनेक पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता के तौर पर काम करते दिखते रहे हैं। इसके कई उदाहरण भी सामने आ चुके हैं। वास्तव में इसीलिए चुनाव आयोग को वहां के मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी के साथ दर्जनों पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी हटाने पड़े हैं। लोकसभा चुनाव के समय भी बंगाल में कई अधिकारियों को हटाया गया था। इनमें बंगाल के तत्कालीन डीजीपी भी थे। चुनाव बाद ममता बनर्जी ने उन्हें फिर से पुलिस प्रमुख बना दिया था। अभी हाल में उन्होंने उन्हें राज्यसभा भेजा। ऐसे मामले नए नहीं हैं। कई बार तो नौकरशाह इस्तीफा देकर या फिर वीआरएस लेकर सत्तारूढ़ दल के प्रत्याशी बनकर चुनाव मैदान में उतर जाते हैं। इस तरह के प्रसंग यही बताते हैं कि नौकरशाही का किस तरह राजनीतिकरण हो गया है। नौकरशाही के राजनीतिकरण के लिए किसी दल या सरकार विशेष को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन इतना तो है ही कुछ राज्यों में यह हद से ज्यादा बढ़ गया है। नौकरशाही का राजनीतिकरण अथवा सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों की ओर से नौकरशाहों के समक्ष अपने दल के सदस्य के तौर पर काम करने की परिस्थितियां पैदा करने से प्रशासनिक तंत्र का अवमूल्यन ही हो रहा है।

## पीर की जाल में रोजा इफ्तार पार्टी, दिया भाईचारे का संदेश



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** सांचौर क्षेत्र के प्रतापपुरा स्थित पीर की जाल में बुधवार को पवित्र माह-ए-रमजान के अवसर पर भव्य रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। शाम करीब 7 बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान रोजेदारों ने नमाज अदा करने के बाद सामूहिक रूप से इफ्तार किया। इफ्तार में खजूर, फल, शरबत सहित विभिन्न व्यंजन परोसे गए। आयोजन स्थल को आकर्षक तरीके से सजाया गया था, जिससे माहौल पूरी तरह रमजानमय नजर आया। आयोजनकर्ता गौरव सारण एवं सहयोगियों ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में विभिन्न समाजों के लोग एक साथ बैठे और इफ्तार किया, जो सामाजिक समरसता का प्रतीक बना। अंत में आयोजनकर्ताओं ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

## एक अधिकारी पर दो नगरपालिकाओं का भारः तखतगढ़ में प्रशासनिक व्यवस्था चरमराई, जनता परेशान

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर/तखतगढ़।(निस)** नगर प्रशासन की महत्वपूर्ण कड़ी माने जाने वाले अधिशाषी अधिकारी पर दो नगरपालिकाओं का अतिरिक्त भार तखतगढ़ की व्यवस्थाओं पर भारी पड़ता नजर आ रहा है। तखतगढ़ नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी मगराज चौधरी के पास वर्तमान में रानी नगरपालिका का भी अतिरिक्त प्रभार है, जिससे स्थानीय प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी उन्हें बार-बार नगरपालिका के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। कई बार अधिशाषी अधिकारी के अनुपस्थित रहने से आमजन को निराश लौटना पड़ता है। सीमित कार्य दिवस और बीच-बीच में आने वाली छुट्टियों के कारण समस्या और गंभीर हो गई है। नगर में नामांतरण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण स्वीकृति, सफाई व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सेवाओं की गति धीमी पड़ गई है। विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं और कई फाइलें लंबित पड़ी हैं। इस स्थिति को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। नागरिकों का कहना है कि एक ही अधिकारी को दो नगरपालिकाओं का प्रभार देना व्यवहारिक नहीं है और इससे आमजन को नुकसान उठाना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने तखतगढ़ में स्थायी अधिशाषी अधिकारी की नियुक्ति की मांग उठाते हुए कहा कि जब तक पूर्णकालिक अधिकारी नहीं लगाया जाएगा, तब तक व्यवस्थाओं में सुधार संभव नहीं है। अब लोगों के बीच यह सवाल बना हुआ है कि उन्हें इस समस्या से राहत कब मिलेगी।

## जल जीवन मिशन 2.0 में राजस्थान बना देश का पहला राज्य, हर घर जल की दिशा में बड़ा कदम

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** 'हर घर जल' के संकल्प को साकार करने की दिशा में राजस्थान ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए जल जीवन मिशन 2.0 के तहत भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के साथ एमओयू करने वाला देश का पहला राज्य बनने का गौरव प्राप्त किया है। यह एमओयू केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, मुख्यमंत्री भजन लाल एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल की उपस्थिति में नई दिल्ली में हस्ताक्षरित किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए केंद्र से आग्रह किया था, जिसके बाद यह समझौता संभव हो सका। उन्होंने कहा कि यह कदम राज्य में जल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने और प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के बेहतर समन्वय से मिशन को नई गति मिलेगी और दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक भी स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इससे विशेष रूप से महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार आएगा और दैनिक जीवन अधिक सुरक्षित व सुगम बनेगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल जीवन मिशन को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। यह एमओयू हर ग्रामीण परिवार तक नल से नियमित व स्वच्छ जल आपूर्ति सुनिश्चित करने, सेवा गुणवत्ता में सुधार तथा समयबद्ध लक्ष्य प्राप्ति में सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री वी सोमाना, जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोरा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव के पोस्टर का विमोचन



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा महोत्सव के पोस्टर का विधिवत विमोचन राजस्थान पेंशनर मंच के पदाधिकारियों ने किया। यह आयोजन विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में 2 अप्रैल से 8 अप्रैल तक आयोजित होगा। यह महोत्सव निजी गार्डन में आयोजित किया जाएगा। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में राजस्थान पेंशनर मंच के अध्यक्ष राधेश्याम यादव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी ने बताया कि यह महोत्सव क्षेत्र में आध्यात्मिक जागरूकता और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने का कार्य करेगा। उन्होंने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कथा में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सीताराम कुमावत, विनोद शर्मा, मोहनलाल सैनी, पवन यादव सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

# वकील- शिक्षक की मौत के मामले में चौंमू में बार एसोसिएशन का धरना प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** चौमूं में बुधवार को वकीलों ने विरोध प्रदर्शन किया। वे सुबह करीब 11:00 चौमूं पुलिस थाने के बाहर धरने पर बैठे और दोपहर 3:00 तक धरना प्रदर्शन जारी किया। दोपहर 3:00 बजे बाद तीसरे दौर की वार्ता में वकीलों और प्रशासन के बीच सहमति बनी और प्रदर्शन खत्म किया गया। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से डेयरी बूथ संविदा पर नौकरी और 10 लाख रुपए के मुआवजे की बात पर सहमति बनी। साथ ही चौंमू के स्थानीय जनप्रतिनिधियों की ओर से 11 लाख रुपए देने की घोषणा हुई। इस तरह मृतक वकील विजेंद्र सैनी के परिजनों को कुल 21 लाख रुपए की आर्थिक सहायता सहित अन्य बातों पर सहमति बनी। विरोध प्रदर्शन कर रहे वकीलों से आईपीएस उषा यादव, एसडीएम दिलीप सिंह राठौड़, तहसीलदार डॉ. विजयपाल बिश्नोई, एसएचओ हरविंदर सिंह ने समझाइश की। यह प्रदर्शन अधिवक्ता विजेंद्र सैनी को न्याय दिलाने और रेंटल थार गाड़ियों पर रोक लगाने की मांग को लेकर किया गया था। यह मामला एक सड़क हादसे से जुड़ा हुआ है जिसमें तेज रफ्तार थार गाड़ी ने स्कूटी सवार को जबरदस्त टक्कर मार दी थी। हादसा मंगलवार को एन एच-52 गोविंदगढ़ क्षेत्र में हुआ था। इस दुर्घटना में अधिवक्ता विजेंद्र सैनी और सेवानिवृत्त शिक्षक सत्यनारायण सैनी की मौके पर ही मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि हादसा इतना भीषण था कि दोनों को संभलने का मौका नहीं मिला। घटना के बाद स्थानीय लोगों और वकीलों में नाराजगी है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई, दोषियों की गिरफ्तारी और खतरनाक रेंटल वाहनों पर शीघ्र नियंत्रण लगाने की मांग की है।



### परिजनों को मुआवजा, नौकरी समेत कई मांगः

मृतक वकील के परिवार के लिए एक करोड रुपए का आर्थिक मुआवजा, सरकारी नौकरी, डेयरी बूथ और बच्चों की आजीवन निशुल्क शिक्षा सहित अन्य मांगों को लेकर यह धरना दिया जा रहा है। सड़क हादसे में रिटायर्ड शिक्षक सत्यनारायण सैनी उम्र 70 वर्ष और उनके बेटे वकील विजेंद्र सैनी उम्र 35 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई थी। विजेंद्र सैनी का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया था। वकीलों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होगी यह घटना जारी रहेगा। चौंमू विधायक डॉ. शिखा मिल बराला, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, आरएलपी प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव, माली समाज अध्यक्ष हीरालाल सैनी, दिनेश सैनी तिगरिया, पूर्व अध्यक्ष मदन लाल सतरावला, चौंमू बार एसोसिएशन अध्यक्ष चरण सिंह चौधरी, पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष महेंद्र सैनी, विनोद शर्मा, विश्वनाथ सिंह, एडवोकेट सुरेश गोदारा, प्रवीण सैनी, हेमराज यादव, एडवोकेट पवन प्रजापति, एडवोकेट महेश देव सैनी, एडवोकेट जगदीश कुलदीप, सैनी समाज उपाध्यक्ष हरिनारायण सैनी, भाजपा नेता बाबूलाल सैनी, सैनी समाज मंत्री भंवरलाल पापटवाण, एडवोकेट राजेश गोरा, आदि विरोध प्रदर्शन में काफी संख्या में जनप्रतिनिधि, व्यापारी, संगठन आदि मौजूद रहे।

## जनता की आवाज बनकर सीएम तक पहुंचे राजेश गुर्जर

### दमदार पैरवी से गूंजे जयपुर देहात दक्षिण के मुद्दे



जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** भाजपा जयपुर देहात दक्षिण के जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर ने एक बार फिर अपने सशक्त नेतृत्व और जनसमर्पित कार्यशैली का परिचय देते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के समक्ष क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को पूरी मजबूती और स्पष्टता के साथ उठाया। जनहित के मुद्दों पर बेबाकी से अपनी बात रखने वाले राजेश गुर्जर की इस पहल को क्षेत्र में व्यापक सराहना मिल रही है। मुलाकात के दौरान राजेश गुर्जर ने बगरू-फागी सड़क निर्माण की आवश्यकता को प्रमुखता से रखते हुए इसे क्षेत्र की जीवनरेखा बताया। उन्होंने कहा कि इस मार्ग के बनने से हजारों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। साथ ही दूदू-सांभर सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए इसे उनकी संवेदनशील नेतृत्व क्षमता का परिणाम बताया। राजेश गुर्जर ने दूदू क्षेत्र में संचालित हड्डी फैक्ट्री के मुद्दे को भी जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह फैक्ट्री क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बनी हुई है, जिसे तत्काल बंद किया जाना चाहिए। उनकी इस बेबाक पैरवी ने बैठक में मौजूद सभी का ध्यान आकर्षित किया। अपने सशक्त नेतृत्व और जमीनी पकड़ के लिए पहचाने जाने वाले राजेश गुर्जर ने मुख्यमंत्री को सांभर स्थित शाकंभरी माता मंदिर और जोबनेर स्थित ज्वाला माता के दर्शन हेतु आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने इस आमंत्रण को सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हुए क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का भरोसा दिलाया। राजेश गुर्जर की सक्रियता, स्पष्ट सोच और जनता के मुद्दों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उन्हें एक मजबूत और भरोसेमंद जननेता के रूप में स्थापित कर रही है। उनकी इस पहल से न केवल क्षेत्रीय समस्याओं को नई आवाज मिली है, बल्कि कार्यकर्ताओं और आमजन में भी नया उत्साह देखने को मिल रहा है। क्षेत्र के लोगों का मानना है कि राजेश गुर्जर जैसे नेतृत्व के चलते जयपुर देहात दक्षिण का विकास अब और तेज गति से आगे बढ़ेगा।

## अजंता वर्ल्ड सैकेंडरी स्कूल में मेगा पीटीएम के साथ वार्षिक रिजल्ट घोषित




जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चौमूं शहर के गिरिराज नगर स्थित अजंता वर्ल्ड सेकेंडरी स्कूल में मेगा पीटीएम के साथ वार्षिक रिजल्ट घोषित किया गया। क्लास सेकंड की कियारा वर्मा 99.99 अंकों के साथ स्कूल टॉपर रही । स्कूल डायरेक्टर डॉ. मालीराम यादव और प्रिंसिपल संगीता तिवारी ने बताया कि सभी टॉपर्स बच्चों को मेडल और मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया और उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी । सम्मान समारोह के दौरान पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी चमन लाल वर्मा, उप प्राचार्य सुभाष चंद वर्मा, समाजसेवी प्रेम सिंह सोलंकी, एडवोकेट पवन कुमार प्रजापति सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे । बच्चों के अभिभावकों ने कहा कि स्कूल बच्चों पर पर्सनली मेहनत करता है और सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है, उसी का परिणाम है कि आज बच्चे अच्छे अंकों से पास हो रहे हैं । सभी टीचर्स का धन्यवाद । इस दौरान स्कूल स्टाफ ललित सैनी, मदन लाल यादव, अनुराग शर्मा, मोनिका बागोरिया, पूजा शर्मा, मंजू सैनी, इंद्रा शर्मा, रचना बागोरिया, रेखा अग्रवाल और गीता नासना मौजूद रहे ।

## नारी चौपाल को सफल बनाने के निर्देशः 23 मार्च को जोबनेर में होगा आयोजन

### अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी



जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक/जोबनेर(निस)।** जिला कलक्टर जितेंद्र कुमार सोनी की पहल पर 'सक्षम जयपुर' अभियान के तहत 23 मार्च को आयोजित होने वाले नारी चौपाल कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जोबनेर उपखंड कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपखंड अधिकारी नेहा राठी ने विभिन्न विभागों के तहसील स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सांभर उपखंड अधिकारी ऋषिराज कपिल व किशनगढ़ रेनवाल उपखंड अधिकारी सर्वेश शर्मा भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने अधिक से अधिक महिलाओं को कार्यक्रम से जोड़ने और उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी मृणाल कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा समझाते हुए बताया कि इसमें महिलाओं को सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा तथा सुझाव भी लिए जाएंगे। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक राजेश डोगीवाल ने बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं को विभिन्न योजनाओं, नारी सशक्तिकरण, बाल सहायता सेवा 1098, पोक्सो अधिनियम 2012 की जानकारी देकर जागरूक किया जाएगा। बैठक में नगरपालिका अधिशासी अधिकारी राकेश कुमार शर्मा, तहसीलदार घनश्याम सिंह देवल, विकास अधिकारी ताराचंद, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नंद सिंह राठौड़, महिला व बाल विकास अधिकारी प्रिया वर्मा, महिला अधिकारिता पर्यवेक्षक पूजा शर्मा (सांभर), उत्तरा मीना (किशनगढ़), सुनीता घायल, इनाया फाउंडेशन की सचिव नितिशा शर्मा, क्षेत्र समन्वयक योगेंद्र कुमार सैन, संतोष भार्गव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चौंमू में निकली भगवा शोभायात्रा रैली, पुष्प वर्षा से स्वागत




जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** शहर में बुधवार शाम को हिंदू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर विशाल भगवा शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा अंजनी हनुमान धाम मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरी जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा लगभग 1 किलोमीटर लंबी थी। जिसमें हाथी, घोड़े, ऊट और शाही बैंड बाजा मुख्य आकर्षण रहे। श्रद्धालुओं ने सिर पर भगवा पड़ी पहनकर, हाथ में भगवा ध्वज लेकर जय श्री राम के नारे लगाए जा रहे थे। भगवान श्री राम से संबंधित सजीव झांकिया सहित कई धार्मिक झांकियां भी प्रसिद्ध की गई। शोभायात्रा में 11 डीजे साउंड और अघोरी नृत्य भी शामिल थे। इस शोभा यात्रा के अवसर पर नववर्ष समारोह समिति के संयोजक रविंद्र शर्मा व रामकिशोर सैनी सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। शोभायात्रा में चौंमू विधायक डॉ. से शिखा मिल बराला, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्याम शर्मा, आरएलपी महामंत्री छुट्टन यादव, आरपीएस अधिकारी प्रदीप शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष आशीष दुसाध, उद्योगपति मुकेश फडया, समाजसेवी कैलाश जमालपुरिया, अरविंद यादव, एडवोकेट गौरव सैनी, सुवालाल सैनी, महेश शेरावत, एडवोकेट सुरेश गोदारा, निवर्तमान पार्षद शायरमल सैनी, सैनी समाज पूर्व अध्यक्ष मदन लाल जादम, भंवरलाल पापटवाण, सैनी समाज पूर्व उपाध्यक्ष जितेंद्र सैनी, पूर्व प्रतिपक्ष नेता शैलेंद्र चौधरी आदि जनप्रतिनिधि ग नागरिक व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। शोभायात्रा का चौंमू शहर के निवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, पूरे मार्ग पर कड़ी व्यवस्था बनाए रखी गई है। आईपीएस एवं चौंमू एसीपी उषा यादव के पर्यवेक्षक में चौंमू थाना प्रभारी हरविंदर सिंह के नेतृत्व में पुलिस सुरक्षा की निगरानी की गई और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया।

## आरोपी महिला लच्छु के पति ने खाया विषाक्त

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** गणपतसिंह मांडोली प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी महिला लच्छू के पति सवाराम चौधरी ने बुधवार शाम को विषाक्त खा लिया। पता चलते ही परिजन उसे भीनमाल स्थित निजी अस्पताल में ले गए। डॉ रमेश देवासी ने बताया कि उपचार चल रहा है। पुलिस को सूचना दी गई है। बता दें कि लच्छू को गणपतसिंह मांडोली के हत्या प्रकरण में गिरफ्तार कर चार दिन के रिमांड पर लिया गया है।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम आने वाली छात्राओं का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** ए.एन. एन. टी. सी. धौलपुर पर राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं और पूजा रावत का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डा. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत- राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 13 मार्च को राज्य, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण संस्थान-झालाना-जयपुर में किया गया जहाँ यह प्रतियोगिता 3 चरणों में सम्पन्न हुई एवं उक्त राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में ए. एन. एम. प्रशिक्षण केन्द्र धौलपुर की छात्राओं ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर सम्पूर्ण राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया और छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए प्रदान की। कार्यक्रम में अति. मुख्य चिकित्सा व स्वास्थय अधिकारी डा. गौरव मीणा उपस्थित रहे और उन्होंने छात्राओं को आगे भी ऐसी प्रतियोगिता में में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन राज्य में अनूठी पहल है। इस तरह की प्रतियोगिताओं से प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता में सुधार होगा। ए.एन.एम प्रशिक्षण केन्द्र के नोडल अधिकारी डी. शिव कुमार शर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता राज्य स्तरीय अधिकारियों की देखरेख में आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि विजेता टीम को एन. एच. एम.के मिशन निदेशक डा. अमित यादव ने बधाईयां प्रेषित की। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन स्वास्थ्य विभाग की निदेशक डा. मधुरतेश्वर, मातृ व शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के परियोजना निदेशक डा. तरुण चौधरी, प्री सर्विस एजूकेशन प्रकोष्ठ के राज्य कार्यक्रम अधिकारी अरविन्द कुमार बाजीया, राज्य स्वास्थय परिवार कल्याण संस्थान की रजिस्ट्रार डा. पूजा चौधरी व क्विज मास्टर ए. एन. एम. प्रशिक्षण केंद्र पाली के प्रधानाचार्य के. सी. सेनी तथा वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी हेमन्त यादव की निग??रानी में किया गया। डॉ. शिवकुमार शर्मा ने छात्राओं को अभूतपूर्व उपलब्धि पर बधाई प्रदान की। ए.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्र की प्रधानाचार्या कल्पना सेगर ने विजेता छात्राओं को मिठाई खिलाई व माला पहना कर मोमेंटो प्रदान किए। प्रधानाचार्य ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नीलम, ओमप्रकाश लोधी पंकज मुगल दीपिका, राधा, अवधेश प्रशिक्षक एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## भागवत कथा के दूसरे दिन कृष्ण भक्ति का संदेश, कथा श्रवण से कल्याण बताया



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कस्बे के वार्ड 2 स्थित गोगामेड़ी प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन बुधवार को कथा वाचक संत श्री कृष्णकांत उपाध्याय (वृंदावन) ने अमर कथा व शुकदेवजी के जन्म प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा का श्रवण करना भगवान की कृपा से ही संभव होता है और जो श्रद्धालु सीखने व पाने की भावना से कथा में आते हैं, उन्हें इसका विशेष लाभ मिलता है। कथावाचक ने कहा कि मनुष्य जीवन भोग-विलास के लिए नहीं, बल्कि कृष्ण भक्ति के लिए मिला है। उन्होंने श्रद्धालुओं को जीवन का उद्देश्य भगवान श्रीकृष्ण की प्राप्ति बताते हुए कहा कि प्रभु से बढ़कर कोई सुख, संपत्ति या सम्पदा नहीं है। उन्होंने बताया कि भागवत कथा श्रवण करने वालों का सदैव कल्याण होता है और यह सभी को बिना भेदभाव मनवांछित फल प्रदान करती है। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## विद्युत लाइन हटवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** शेखसर और कुमास में 11 चङ्क लाइन हटवाने के लिए गत दिवस ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के झुंझुनूं आगमन के दौरान उनको ज्ञापन सौपा गया। मण्डावा पंचायत समिति सदस्य राहुल कुमास के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपकर कहा कि ग्राम शेखसर व कुमास में श्मशान भूमि में से 11चङ्क की लाइन जा रही है और कुमास में आबादी क्षेत्र से लाइन जा रही है जिसका ख़तरा हर समय बना रहता है इससे आमजन को कभी भी हानी हो सकती है जल्द से जल्द इस लाइन को हटाया जाए। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि, उपाध्यक्ष महावीर ढाका शेखसर सरपंच प्रतिनिधि महेश पुनिया, विकास ईशरवाल, कुरड़ाराम राजकुमार, संजीव महला आदि मौजूद रहे।

## त्योहारों को लेकर शांति समिति बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** आगामी त्योहार ईद उल फित्तर, रामनवमी व गणगौर को लेकर बुधवार को तारानगर थाना परिसर में डीएसपी रोहित सांखला की अध्यक्षता में सीएलजी व शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने पर जोर दिया गया। डीएसपी रोहित सांखला व थाना प्रभारी आरपीएस सविता बुरी ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे, एकता और सद्भाव का संदेश देते हैं, इसलिए सभी नागरिक मिल-जुलकर शांतिपूर्वक त्योहार मनाएं और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। बैठक में एसआई सत्य प्रकाश जांगिड़, अमर सिंह चारण, मोहम्मद तैयब, अनूप खंडेलवाल, बाबू हुसैन कुरैशी, एएसआई सुमेर सिंह मीणा सहित पुलिस स्टाफ व सीएलजी सदस्य उपस्थित रहे।

## रक्तदान शिविर में सैकड़ों युवाओं ने किया रक्तदान



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** शहर के निकटवर्ती गांव ढाणी छत्तूसिंह निवासी योगेंद्र सिंह राठौड़ की द्वितीय पुण्यतिथि पर बुधवार को कस्बे के एम.के. मल्टीस्पेशलिस्ट क्लिनिक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सैकड़ों युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ योगेंद्र सिंह के पिता प्रताप सिंह, मोहर सिंह राठौड़ व कुलदीप बीका ने किया। चूरू के भरतिया ब्लड बैंक व स्वास्तिक ब्लड बैंक की टीम ने रक्त संग्रहण कर सेवाएं दी। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। योगेंद्र सिंह के भाई व राष्ट्रीय करणी सेना के तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि पिछले वर्ष भी प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया था। इस अवसर पर नायब तहसीलदार बजरंग सिंह, धर्मवीर सिंह, कानू सिंह, सतपाल, राकेश शर्मा, संजय पंवार, गिरवर सिंह, अमित मित्तल, प्रदीप सिंह ढाढर सहित कई नागरिक उपस्थित रहे।

# ईद-उल-फित्र की तैयारियों में जुटे रोजेदार, बाजार में बढ़ी रौनक

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा क्षेत्र में रमजान का 27 वां रोजा खत्म हो गया है, और ईद की तैयारियां जोरों पर हैं। बाजार में चप्पल, कपड़े, कास्मेटिक और अन्य सामान की भारी खरीदारी हो रही है। परिवार के साथ खरीदारी करते लोग उत्सव का माहौल बना रहे हैं। बच्चों के चेहरे पर ईद की खुशी साफ नजर आ रही है। लोग के ऊपर ईद की खुमारी चढ़कर बोलने लगी। महीने भर से सुनसान पड़ी मार्केट में गुलजार दिखी। चप्पल, कास्मेटिक, चूड़ी, कुर्ता पायजामा, किराना, सेवई के साथ ड्राईफ्रूट की दुकानों पर भारी भीड़ दिख रही है। हर कोई ईद का भव्य बनाने के लिए तैयारियों में जुटे हुए हैं।रमजान माह धीरे- धीरे खत्म हो रहा है। ईद की तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। ईद की खुमारी हर किसी पर चढ़कर बोल रही है। बजारों में खरीदार से बाजार गुलजार दिखाई दे रहा है।

हर कोई तैयांरियों में व्यस्त है। ईद की तैयारियां घर से बाजारों तक दिखाई दे रही है। ईद की सबसे बड़ी तैयारी कपड़ों की मानी जा रही है। अधिकतर लोग ईद के मौके पर कुर्ता पायजामा पसन्द कर रहे हैं। जबकि युवा वर्ग जींस व शर्ट खरीदते दिखाई दे रहे हैं। महिलाएं कास्मेटिक दुकानों से क्रीम, पाउडर, चूड़ी, मेहदी सहित अन्य सामान भरी



संख्या में खरीदने बाजार पहुंच रही हैं। सेमरियावां स्थित कास्मेटिक की दुकान कर रहे मदनी ने बताया कि ईद के चार दिन पहले से हम लोगों की दुकानों पर ग्राहक दिखाई देते हैं। सुबह आठ बजे से रात 12 बजे तक ग्रहकों की भीड़ खरीदारी करते दिखाई पड़ती है। प्रत्येक दिन लाख से ऊपर का व्यापार होता है। खरीदारी करने आई महिला शबनूर खातून, अलीशा जहां, कमरुन्निसा, रहमातुन्निसा आदि ने बताया कि अब तो सेमरियावां में हर सामान मिलता है। बस्ती व अन्य स्थानों पर नही जाना पड़ता है। डिजायनर चप्पल जूती से पटा बाजार ईद को देखते हुए बाजारों में डिजायनर चप्पल व जूती की मांग बढ़ गई है। यहां डिजाइनदार चप्पल व जूती 100 से लेकर 500 तक बिक रही है। डिजायनर चप्पल की दुकानों पर महिलाएं ही अधिक दिखाई दे रही हैं। सेमरियावां के चप्पल के दुकानदार मतीउर्रहमान, शादाब, जमीर अहमद ने बताया कि यह डिजायनर चप्पल लखनऊ, आगरा, कानपुर व दिल्ली से मंगाया जा रहा है। ईद के मौके पर अधिक बिक्री होती है।बच्चों के चेहरों पर दिखी ईद की खुशी ईद के करीब आते ही बच्चों के चेहरों पर खास खुशी नजर आ रही है। बाजारों में बच्चे अपने पसंद के कपड़े, जूते और टोपी खरीदने की जिद करते दिखाई दे रहे हैं। अभिभावक भी बच्चों की खुशी के लिए उनकी पसंद का सामान खरीद रहे हैं। रोजे के साथ खरीदारी की तैयारी रोजेदार दिनभर रोजा रखने के बाद भी ईद की तैयारियों में जुटे हुए हैं। इफ्तार के बाद लोग बाजारों का रुख कर खरीदारी कर रहे हैं, जिससे देर रात तक बाजारों में रौनक बनी रहती है।परिवार के साथ खरीदारी का अलग ही माहौल ईद की खरीदारी के लिए लोग परिवार के साथ बाजार पहुंच रहे हैं। पति-पत्नी और बच्चों के साथ खरीदारी करते लोग त्योहार की खुशियों को साझा करते नजर आ रहे हैं, जिससे बाजारों में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है।

# झुंझुनूं जिला जेल में सघन सर्च अभियान, दो घंटे तक चली कार्रवाई; कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित जिला जेल में मंगलवार को प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण करते हुए व्यापक सर्च अभियान चलाया। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेंद्र राजावत के नेतृत्व में करीब 100 पुलिसकर्मियों के जाब्ते ने जेल परिसर के चप्पे-चप्पे की बारीकी से जांच की। सुबह करीब 10 बजे शुरू हुआ यह अभियान लगभग दो घंटे तक चला। इस दौरान जेल की सभी बैरकों, बंदियों के सामान, उनके रहने के स्थानों और कपड़ों की गहन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान मोबाइल फोन, नशे के पदार्थ और धारदार हथियार जैसी प्रतिबंधित वस्तुओं पर विशेष नजर रखी गई, हालांकि विस्तृत जांच के बावजूद कोई भी आपत्तिजनक या संदिग्ध सामग्री बरामद नहीं हुई। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग




और एएसपी देवेंद्र राजावत ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ रिकॉर्ड, बंदियों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता और साफ-सफाई की स्थिति का भी जायजा लिया। सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। निरीक्षण के बाद कलेक्टर ने जेल प्रशासन को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बैरकों की नियमित जांच सुनिश्चित करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को देने के निर्देश दिए, ताकि जेल की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ बनी रहे।

# झुंझुनूं जिला जेल में सघन सर्च अभियान, दो घंटे तक चली कार्रवाई

## कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं,(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित जिला जेल में मंगलवार को प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण करते हुए व्यापक सर्च अभियान चलाया। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेंद्र राजावत के नेतृत्व में करीब 100 पुलिसकर्मियों के जाब्ते ने जेल परिसर के चप्पे-चप्पे की बारीकी से जांच की। सुबह करीब 10 बजे शुरू हुआ यह अभियान लगभग दो घंटे तक चला। इस दौरान जेल की सभी बैरकों, बंदियों के सामान, उनके रहने के स्थानों और कपड़ों की गहन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान मोबाइल फोन, नशे के पदार्थ और धारदार हथियार जैसी प्रतिबंधित वस्तुओं पर विशेष नजर रखी गई, हालांकि विस्तृत जांच के बावजूद कोई भी आपत्तिजनक या संदिग्ध सामग्री बरामद नहीं हुई। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग और एएसपी देवेंद्र राजावत ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ रिकॉर्ड, बंदियों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता और साफ-सफाई की स्थिति का भी जायजा लिया। सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। निरीक्षण के बाद कलेक्टर ने जेल प्रशासन को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बैरकों की नियमित जांच सुनिश्चित करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को देने के निर्देश दिए, ताकि जेल की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ बनी रहे।

## मारपीट मामले में एक कांग्रेस कार्यकर्ता सहित दो गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर रतनगढ़ में 15 मार्च को घंटाघर के पास 67 वर्षीय व्यक्ति के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ता सहित दो जनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि रतनगढ़ निवासी 67 वर्षीय राकेश सोनी ने दी रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि वह कार्य से 15 मार्च की दोपहर बाजार आया था। इस दौरान घंटाघर के पास कुछ लोग एकत्रित होकर नारेबाजी कर रहे थे। जब वह वहां पहुंचा, तो उसके साथ दो-तीन लोगों ने मारपीट की। प्रकरण का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें पुलिस ने सूर्यप्रकाश सैनी व कयूम को पूछताछ के लिए थाने लेकर आई, जहां पर इनके किए गए व्यवहार के कारण पुलिस ने दोनों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया है।

# राजस्थान दिवस पर झुंझुनूं में 'युवा शक्ति समारोह' आयोजित



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** राजस्थान दिवस समारोह की श्रृंखला में मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित सूचना केंद्र सभागार में 'युवा शक्ति समारोह' आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में नवयुक्त एवं हाल ही में विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयनित युवाओं की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. गर्ग ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि रोजगार व स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। युवाओं से आह्वान किया गया कि वे इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनें। कार्यक्रम का संचालन रामकरण ने किया। समारोह में मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव, जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह, एडीईओ जयप्रकाश महला, उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय के सहायक निदेशक दयानंद यादव, एपीआरओ विकास चाहर सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं सैकड़ों की संख्या में नवचयनित युवा कार्मिक उपस्थित रहे।

## लोगों को दी विधिक जानकारी

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू के निर्देशानुसार पीएलवी अशोक तिवाड़ी ने लाडनू बस स्टेण्ड एवं स्टेशन रोड पर लोगों को जागरूक किया। लोगों को निःशुल्क कानूनी सलाह, सरकारी योजनाओं (पेंशन, राशन कार्ड, प्रमाण पत्र) का लाभ और न्याय दिलाने आदि के बारे में बताया गया। अशोक तिवाड़ी ने विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजना एवं कानूनी जानकारी दी।

## नामदेव का मुंबई में सम्मान

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** मुबई में विगत दिवस को हुए एक कार्यक्रम में अंक ज्योतिषाचार्य सुरेंद्र नामदेव का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में आत्म निर्भर भारत अभियान के कार्यवाहक अध्यक्ष व भाजपा किसान मोर्चा पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रामकुमार पाल ने सुरेद्र नामदेव को प्रतीक चिन्ह भेंट किया और ज्योतिष को लेकर उनके अनुभव, ज्ञान की सराहना की। कार्यक्रम में बॉलीवुड संगीतकार दिलीप सेन भी मौजूद रहे।



**कार्यालय नगरपालिका, रतननगर (चूरू)**
फोन नं– 01562–281224 ईमेल– mun_rnagar@yahoo.in
Date : 16-03-2026
**Notice Inviting Bid**
Bids for of Diggi cleaning work invited from interested bidders upto 05:00 PM 27-03-2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state official website.
UBN is: DLB2526SLRC38892
Raj.Samwad/C/25/22770
Executive officer
Municipal Board, Ratannagar

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, राजगढ (चूरू)**
Address -eonp.sdlp@yahoo.in Phone :- 01559 – 222039
क्रमांक :–न.पा.रा. / 2025–26 / 7933 दिनांकः– 13.03.2026
**–: वार्षिक निविदा सूचना 2026–27 :–**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है किनगर पालिका राजगढ (चूरू) द्वारा वित्तिय वर्ष 2026–27 में करवाये जाने वाले कार्यो / सामान क्रय एवं विभिन्न वार्षिक कार्यो हेतू निविदा आमंत्रित कि जाती है निविदा हेतू निविदा प्रपत्र दिनांक 24.03.2026 को दोपहर 02:00 बजे तक विक्रय किये जायेंगे व दिनांक 24.03.2026 को 05:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे एवं आगामी कार्य दिवस को सक्षम अधिकारी की उपस्थिति में खोली जायेगी। जिसका विस्तृत विवरण portal (http://sppp.raj.nic.in) तथा नगर पालिका कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। जिनका बिड क्रमांक निम्नानुसार है:–

| NIB Code DLB2526B2830 | | | |
|---|---|---|---|
| UBN Code- | | | |
| 1 | DLB2526GSOB38155 | 12 | DLB2526GSOB38213 |
| 2 | DLB2526GSOB38194 | 13 | DLB2526GSOB38215 |
| 3 | DLB2526GSOB38195 | 14 | DLB2526GSOB38217 |
| 4 | DLB2526GSOB38196 | 15 | DLB2526GSOB38218 |
| 5 | DLB2526GSOB38198 | 16 | DLB2526GSOB38220 |
| 6 | DLB2526GSOB38200 | 17 | DLB2526SSOB38156 |
| 7 | DLB2526GSOB38203 | 18 | DLB2526SSOB38157 |
| 8 | DLB2526GSOB38205 | 19 | DLB2526SSOB38219 |
| 9 | DLB2526GSOB38207 | 20 | DLB2526SSOB38221 |
| 10 | DLB2526GSOB38209 | 21 | DLB2526WSOB38193 |
| 11 | DLB2526GSOB38211 | 22 | DLB2526WSOB38201 |

राज.संवाद / सी / 25 / 22841 अधिशाषी अधिकारी

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419
क्रमांक :–न.प.सु / SWM / 2026 / 12151 दिनांक :– 13.03.2026
**निविदा सूचना – 2026**
नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यो के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों / फर्मस से निविदा दिनांक 23.03.2026 को दोपहर 1:00 बजे तक विक्रय की जाकर कार्य के सामने अंकित तिथि को दोपहर 3:00 बजे तक प्राप्त की जाकर उसी दिन सायं 4:00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जावेगी। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड कमांक– DLB2526SSOB38414 कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।
राज.संवाद / सी / 25 / 22734
आयुक्त
नगर परिषद सुजानगढ

**कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी उप जिला चिकित्सालय, खण्डेला (सीकर)**
Phone No. 01575-260081 Email- sdhkhandela@gmail.com
क्रमांक- 208 दिनाक 18.03.2026
**नीलामी सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खण्डेला सीकर में पुराने जीर्णशीर्ण भवन के ध्वस्तीकरण पश्चात भवन की अनुपयोगी सामग्री यथा खिडकी. दरवाजे, लोहे का अन्य सामान जिसका पुस्तक मुल्य 114300 ( अक्षरे एक लाख चौदह हजार तीन सौ रूपये मात्र) है कि सार्वजनिक नीलामी दिनांक 25.03.2026 को दोपहर 2.00 बजे पर सामुदायिक स्वा. केन्द्र खण्डेला के पुराने भवन में कि जायेगी जिसकी नियमानुसार धरोहर राशी रूपये 2500 (अक्षरे राशि दो हजार पांच सौ रूपये) नगद जमा करवाकर बोली दाता नीलामी में भाग लें सकेगें। नीलामी की अन्य शर्ते की जानकारी नीलामी प्रारम्भ होने से पूर्व कार्यालय से ली जा सकेगी। बोली स्वीकार करने अथवा न करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।
प्रमुख चिकित्सा अधिकारी,
उप जिला चिकित्सालय, खण्डेला (सीकर)

**कार्यालयः-अधीक्षक, राजकीय डी.बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**
Email-, msdbhchuru@gmail.com Phone :- 01562-250333
क्रमांकः- लेखा/निविदा/2025/4175 दिनांक- 12,3,26
**निविदा आमंत्रण सूचना**
इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री क्रय / वार्षिक दर संविदा / अनुबन्ध किये जाने हेतु इच्छुक निविदादाताओं यथा - विर्निमाताओं/ अधिकृत फर्मो / डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दरें आमंत्रित की जाती है । बोली संबंधी विस्तृत विवरण एवं शर्ते वैबसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | निविदा सामग्री का विवरण | अनुमानित राशि | प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | UBN No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मुख्यमंत्री निःशुल्क जाँच योजनान्तर्गत लेब रिजेण्टस क्रय हेतु | 9.00 लाख | 24-03-26 | MHS2526GSOB07379 |

DIPR/C/5429/2026
अधीक्षक
राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN SUJANGARH**
No:- 280-2883 Date: 10/03/2026
**Notice Inviting Bid No 26/2025-26**
Bids for 1 (One Nos) work are invited from interested bidders upto 03.00 PM dated 30.03.2026 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// eproc. rajasthan. gov. in/http://sppp.raj.nic.in) of the state and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 129.51 Lacs
NIB No. PWD2526A6083
UBN NO :-
1.. PWD2526WSOB25336
DIPR/C/5313/2026
Executive Engineer
PWD Dn. Sujangarh

# हिंदू नव वर्ष पर छोटा रुणिचा धाम में होगी भजन संध्या

जयपुर टाइम्स



**बिजौलियां(निस)।** हिंदू नव वर्ष पर छोटा रुणीचा धाम नया नगर में भजन संध्या का आयोजन होगा। भजन सम्राट गोकुल शर्मा व कंचन सपेरा भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। साथ ही भव्य फूलों की होली का आयोजन भी होगा। छोटा रुणिचा धाम के गादी पति हीरालाल जोगी ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 'दातार भक्तों के द्वार' यात्रा हाड़ौती के चार जिलों में घूम कर 40 दिन बाद मेवाड़ मांडलगढ़ विधानसभा में भव्य शोभा यात्रा के रूप में प्रवेश कर छोटा रुणिचा धाम मंदिर पहुंची।

# धौलपुर में सैटेलाइट अस्पताल खोलने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने धौलपुर के शहरी क्षेत्र में सेटेलाइट अस्पताल खुलवाने के लिए मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार भजन लाल शर्मा को पत्र लिखा। उन्होंने बताया कि धौलपुर के शहरी क्षेत्र में आम जनता की परेशानी को देखते हुए आम जनता की बेहद मांग पर पुराने जिला अस्पताल की बिल्डिंग मैं सैटेलाइट अस्पताल खोलने की मांग की है, उन्होंने बताया कि धौलपुर शहर का जिला अस्पताल पुरानी बिल्डिंग में चलता था। अब यह अस्पताल धौलपुर से 6 किलोमीटर दूर मेडिकल कॉलेज में बाड़ी रोड पर पहुंच गया है जिससे आम जनता व बुजुर्गों को रात्रि कालीन इमरजेंसी होने पर वाहन सुविधा के अभाव में अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। पत्र के माध्यम से राजवीर सिंह राजावत ने बताया कि पूर्व में मुख्यमंत्री की ओर से आम जनता को आश्वस्त किया गया था। हमने उन्हें पत्र के माध्यम से पुनः स्मरण कराया गया है। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विशंभर दयाल शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष बांके लाल लोधा, भरतपुर संभाग सह मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना, जिला मंत्री विजय त्यागी, बाचा राम बघेल, सोशल मीडिया प्रभारी ऋतिक वर्मा, पूर्व कार्यालय मंत्री नंद किशोर शुक्ला, कार्यालय प्रभारी बृजमोहन शर्मा, पूर्व मंत्री विनय परमार, शिवशंकर परिहार, प्रदीप सिसोदिया, सतपाल गुर्जर, अनमोल बंसल, फैजल खान आदि उपस्थित रहे।

# सांचौर में एनएच-68 पर तेल टैंकर पलटा, चालक जिंदा जला



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जिले के सांचौर क्षेत्र के सिवाड़ा के समीप नेशनल हाईवे-68 पर बुधवार दोपहर बाद बाड़मेर से गुजरात जा रहा तेल से भरा एक टैंकर पलट गया। जिससे उसमें आग लग गई। देखते ही देखते हाईवे पर करीब 200 मीटर तक आग फैल गई। चितलवाना थानाधिकारी भंवरलाल बिडियासर ने बताया कि हादसे में टैंकर चालक मौखावा निवासी (गुड़ामालानी) सुखराम पुत्र देदाराम मेघवाल की जलने से मौत हो गई। जबकि दूसरा व्यक्ति समय रहते बाहर निकल गया। सूचना मिलते ही सांचौर एसडीएम प्रमोद कुमार, स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए गए।

# लीना शर्मा को चार जिलों का प्रभार



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा व राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सारिका सिंह ने लीना शर्मा को बहरोड़-कोटपूतली, डीग, दौसा एवं टोंक जिलों का प्रभार सौंपा है। नई जिम्मेदारी मिलने पर लीना शर्मा ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए इसे अपने लिए गर्व और जिम्मेदारी का विषय बताया। उन्होंने कहा कि वे संगठन की मजबूती और महिला सशक्तिकरण के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगी। उन्होंने बताया कि चारों जिलों में संगठन को और अधिक सशक्त बनाना, महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

# अवैध सट्टा कारोबार पर पुलिस का शिकंजाः दो आरोपी गिरफ्तार, 18 हजार नकद जब्त

**धौलपुर(निस)।** कोतवाली थाना पुलिस ने अवैध सट्टा कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में लंबे समय से चल रही अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगा है। जानकारी के अनुसार, एएसआई शिवकुमार अपनी टीम के साथ गश्त पर थे, तभी डीएसटी प्रभारी एएसआई प्रेमसिंह से सूचना मिली कि मदीना कॉलोनी की जाटव बस्ती में दो व्यक्ति खुलेआम सट्टा खाईवाली कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ में एक आरोपी ने अपना नाम विजय बंसल (40) निवासी खरंजा रोड कोठी बताया, जिसके पास से सट्टा पर्चियां, तख्ती, बॉल पेन व 6,900 नकद बरामद हुए। वहीं दूसरे आरोपी भारत (22) निवासी जाटव बस्ती, मदीना कॉलोनी के पास से सट्टा सामग्री के साथ ?11,190 नकद मिले।

दोनों आरोपियों के पास सट्टा संचालन का कोई वैध लाइसेंस नहीं पाया गया। पुलिस ने मौके से कुल 18,090 नकद, सट्टा पर्चियां व अन्य उपकरण जब्त कर लिए। स्वतंत्र गवाह उपलब्ध नहीं होने पर कार्रवाई की वीडियो रिकॉर्डिंग कर साक्ष्य संकलित किए गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है।

# गणपतसिंह मांडोली प्रकरणः महिला कांस्टेबल भंवरी ने निभाई विशेष भूमिका, लच्छू से उगलवाया सच

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** जालोर जिले के बहुचर्चित गणपतसिंह मांडोली प्रकरण में एएसपी से लेकर तकनिकी सहयोगी समेत 23 पुलिस अधिकारियों-सिपाहियों की टीम अनुसन्धान में जुटी हुई थी, लेकिन टीम की सदस्य महिला कांस्टेबल भंवरी की एक ट्रिक ने पुलिस का काम आसान कर दिया और प्रकरण का पर्दाफाश हो गया। भंवरी की इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्रसिंह इंदौलिया ने भी खुशी जाहिर करते हुए पुलिस मुख्यालय को विशेष भूमिका के रूप में नाम भेजा है।

## पहले कई प्रयास हुए थे विफल :

दरअसल, गणपतसिंह परमार की संदिग्ध मौत के बाद पुलिस के अलग अलग जांच अधिकारियों ने डेढ़ सौ से अधिक लोगों से पूछताछ की, लेकिन अंत में जिन पर संदेह हुआ उसके ठोस प्रमाण नहीं मिल पा रहे थे। इस कारण पुलिस के लिए पर्दाफाश करना मुश्किल हो रहा था। इससे पहले इस प्रकरण में आरोपी महिला लच्छू पर शक हुआ तो पुलिस ने उससे कई बार पूछताछ के प्रयास किए, लेकिन लच्छू कई बार दांत जुड़ने की बीमार बताकर लेट जाती थी और इससे उसका ब्लड प्रेशर अस्थिर होने से पुलिस सच उगलवाने में विफल होती रही। महिला लच्छू की चालाकी के कारण सच बाहर नहीं आ पा रहा था। इधर, गणपतसिंह की 80 वर्षीय मां व पत्नी की ओर से जब 27 फरवरी से भूख हड़ताल शुरू की गई तो महिला कांस्टेबल भंवरी (352) को संदिग्ध महिला लच्छू पर निगरानी का दायित्व दिया गया। भंवरी ने उस पर 15 दिन से निगाह रखी, मौका पाते ही बड़े शालीन तरीके से ऐसी बातें की कि लच्छू ने सच उगल दिया। जैसे ही लच्छू ने जो बातें बताई उससे इस प्रकरण की कड़ियाँ जुड़ गई और पुलिस ने लच्छू के साथ साथ गजेंद्रसिंह राजपूत व वागाराम भील को गिरफ्तार कर लिया। जालोर एसपी ने महिला कांस्टेबल भंवरी के कार्यों की प्रशंसा की और इस प्रकरण के पर्दाफाश के रूप में भंवरी का नाम विशेष भूमिका के रूप में मुख्यालय भेजा है। ऐसे प्रकरणों के खुलासे में मुख्य भूमिका निभाने वाले सिपाहियों को अक्सर गैलेंट्री अवार्ड देने का प्रयास रहता है।

## मुख्य आरोपी के पिता से भी हो सकती है पूछताछ

इस मामले में फिलहाल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया है, लेकिन पुलिस के गहन अनुसन्धान के मुताबिक मुख्य आरोपी गजेन्द्रसिंह के पिता सुरेंद्रसिंह से भी पूछताछ की जा सकती है। बताया जा रहा है कि सुरेंद्रसिंह शुरुआत में इस प्रकरण का पर्दाफाश करने की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देने के दौरान साथ रहे।

# सुमेरपुर की सड़कों पर 'जाम का कहर', यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(पाली)।** शहर की यातायात व्यवस्था इन दिनों बदहाल ही नहीं, बल्कि पूरी तरह से पटरी से उतर चुकी है। मुख्य बाजार, आर्य समाज रोड, नगर पालिका रोड सहित प्रमुख मार्गों पर रोजाना जाम के हालात बन रहे हैं, जिससे आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है। हालात इतने गंभीर हैं कि कई बार लोगों को कुछ मीटर की दूरी तय करने में भी आधा-आधा घंटा लग रहा है।

सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि शहर के सबसे व्यस्त इलाकों में भी यातायात नियंत्रण के लिए ट्रैफिक पुलिस का कोई अता-पता नहीं है। दिनभर वाहन बेतरतीब तरीके से खड़े रहते हैं, दुकानों के बाहर अतिक्रमण फैला हुआ है और दोपहिया-चारपहिया वाहन चालक नियमों की खुलकर अवहेलना कर रहे हैं। नतीजा–हर चौराहे और गली में जाम की स्थिति बन रही है।

## बाजार बना जाम का 'हॉटस्पॉट'

मुख्य बाजार और आसपास के मार्गों पर स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। सड़कें पहले से ही संकरी हैं, ऊपर से अवैध पार्किंग और ठेले-रेहड़ी वालों के कब्जे ने रास्तों को और संकुचित कर दिया है। खरीदारी के पीक समय में हालात इतने बिगड़ जाते हैं कि पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। वाहन चालकों के बीच कई बार कहासुनी और विवाद की स्थिति भी बन जाती है।

## आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित

यातायात अव्यवस्था का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि जाम के चलते एंबुलेंस और अन्य





आपातकालीन सेवाओं को भी रास्ता नहीं मिल पाता। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि किसी मरीज को तत्काल अस्पताल पहुंचाना हो, तो जाम के कारण गंभीर जोखिम पैदा हो सकता है।

## जिम्मेदारों की उदासीनता पर उठे सवाल

शहरवासियों का आरोप है कि प्रशासन और यातायात पुलिस इस गंभीर समस्या को लेकर पूरी तरह लापरवाह बने हुए हैं। न तो नियमित रूप से ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जा रही है और न ही अवैध पार्किंग या अतिक्रमण के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नजर आ रही है। त्योहारों और बाजार के व्यस्त दिनों में भी व्यवस्था को संभालने के लिए कोई ठोस योजना दिखाई नहीं देती।

## व्यापारी और आमजन परेशान

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि जाम के कारण ग्राहक बाजार आने से कतराने लगे हैं, जिससे कारोबार पर सीधा असर पड़ रहा है। वहीं, स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है। जहां चाहे वहां वाहन खड़े कर दिए जाते हैं।

## शहरवासियों की मांग–तुरंत उठें ठोस कदम

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मुख्य बाजार और प्रमुख चौराहों पर स्थायी ट्रैफिक पुलिस तैनात की जाए,अवैध पार्किंग पर सख्त कार्रवाई हो, अतिक्रमण हटाकर सड़कों को चौड़ा किया जाए, व्यस्त समय में वन-वे या वैकल्पिक मार्ग लागू किए जाएं।

## आखिर कब मिलेगी राहत

लगातार बिगड़ती यातायात व्यवस्था के बीच अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर प्रशासन कब जागेगा? यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो सुमेरपुर की सड़कों पर जाम की यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है।

## फिलहाल, शहर की यातायात

व्यवस्था पूरी तरह 'राम भरोसे' चल रही है और आमजन राहत की उम्मीद में प्रशासन की ओर टकटकी लगाए हुए है।

# नियमों को ठेंगा, मौत को न्योताः जवाई बांध रोड पर ओवरलोड टेंपो पलटा

## प्रशासन की नाकामी बेनकाब

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** शहर की सड़कों पर कानून व्यवस्था किस कदर दम तोड़ चुकी है, इसका जीता-जागता उदाहरण जवाईबांध रोड पर सामने आया, जहां लोहे के सरियों से खचाखच भरा एक ओवरलोड टेंपो अचानक अनियंत्रित होकर बीच सड़क पलट गया। हादसा इतना खतरनाक था कि कुछ सेकंड की चूक पूरे क्षेत्र को मातम में बदल सकती थी, लेकिन संयोग से बड़ा जनहानि टल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टेंपो में क्षमता से कई गुना अधिक सरिए लादे गए थे। तेज रफ्तार और असंतुलित लोड के चलते वाहन अचानक डगमगाया और पलट गया। जैसे ही टेंपो सड़क पर उलटा, पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागे, वहीं कुछ ही मिनटों में मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।

## व्यस्त मार्ग पर मौत का खेल

जवाईबांध रोड सुमेरपुर का सबसे व्यस्त मार्ग माना जाता है, जहां हर वक्त वाहनों की आवाजाही रहती है। ऐसे संवेदनशील मार्ग पर ओवरलोड वाहन का बेखौफ दौड़ना सीधे-सीधे प्रशासन की लापरवाही और ट्रैफिक व्यवस्था की पोल खोलता है।

## नियम कागजों में, सड़क पर अराजकता

स्थानीय लोगों का साफ कहना है कि क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। दिन-रात भारी वाहन नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए सड़कों पर दौड़ते हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठे हैं। न तो कोई नियमित चेकिंग, न ही कोई ठोस कार्रवाई–ऐसे में हादसे होना अब आम बात बनती जा रही है।

## 'भगवान भरोसे' शहर की यातायात व्यवस्था

इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सुमेरपुर की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह भगवान भरोसे चल रही है। अगर यही हालात रहे, तो अगला हादसा सिर्फ एक खबर नहीं, बल्कि बड़ी त्रासदी बन सकता है।

## प्रशासन पर उठे तीखे सवाल

ओवरलोड वाहनों पर रोक क्यों नहीं? क्या ट्रैफिक पुलिस सिर्फ कागजों में ही सक्रिय है? आखिर कब तक लोगों की जान से खिलवाड़ होता रहेगा?

## सख्त कार्रवाई की उठी मांग

स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी भरे लहजे में प्रशासन से मांग की है किः ओवरलोड वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाए दोषी चालकों और मालिकों पर भारी जुर्माना व सख्त कानूनी कार्रवाई हो व्यस्त मार्गों पर नियमित ट्रैफिक निगरानी सुनिश्चित की जाए। यह हादसा सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि सिस्टम को आईना दिखाने वाली चेतावनी है। अगर अब भी प्रशासन नहीं जागा, तो अगली बार हालात काबू से बाहर हो सकते हैं।


## उद्यम प्रोत्साहन संस्थान

UDHYAM PROTSAHAN SANSTHAN
कार्यालय आयुक्त उद्योग, वाणिज्य एवं कारपोरेट सामाजिक दायित्व, राजस्थान
OFFICE OF THE COMMISSIONER INDUSTRIES, COMMERCE & CORPORATE SOCIAL RESPONSIBILITY, RAJASTHAN
उद्योग भवन, चिलक मार्ग,
जयपुर-302005
फोनः 2227727-29.3193 - 34, 2227630 (पी.बी.एक्स.)
क्रमांकः एफ1()यूपीएस/इण्ड/राज.हा.गार्ड/2026-27/ दिनांक- 13.3.2026

**ई-बिड आमंत्रण सूचना**
**बिड संख्या - 07/2025-26**

उद्यम प्रोत्साहन संस्थान में अकुशल श्रमिकों / सफाईकर्मी उपलब्ध कराने की सेवाओं हेतु संविदा दर पर राजस्थान सरकार के श्रम विभाग द्वारा समय-समय पर निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दरों के अनुसार उपलब्ध कराने हेतु सेवा प्रदाता ऐजेन्सियों से दर संविदा हेतु ऑनलाइन बोलियाँ आमंत्रित की जाती है । उक्त की अनुमानित लागत राशि रू. 27.00 लाख रूपये 02 वर्ष के लिये है ।
बोली का ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 23.03.2026 को सांय 5.00 बजे तक है। विस्तृत विवरण, जो कि बोली प्रपत्र में उपलब्ध है, अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अथवा राजस्थान सरकार के उपापन पोर्टल www. sppp. rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं उद्योग एवं वाणिज्य की विभाग की वेबसाईट industries.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
BUN No. DSI2526SLOB00106

एस. एस. शाह
अधिशाषी निदेशक
उद्यम प्रोत्साहन संस्थान
DIPR/C/5627/2026

## राजकीय महाविद्यालय, जयपुर, राजस्थान

गाँधी सर्किल, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर 302015 दूरभाष 0141-2709093 ई मेल govtcollegejaipur@gmail.com
वेबसाईट :- https//hte.rajasthan.gov.in/college/gcjaipur
क्रमांकः रा.म.ज/स्टोर/ 2026/359 दिनांक :- 13 मार्च, 2026

**ई-बोली सूचना संख्या**

Bids for ICT LAB ITEMS (Estimated value 20 Lakh) are invited from interested bidders upto 23-03-2026 till 11:00 AM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http//sppp.rajasthan.gov.in, http// eproc. rajasthan. gov. in) of the State and https// hte.rajasthan.gov.in/college/gc jaipur departmental Website.
NIB NO. ECD252640568
BN NO.- ECD2526GLOB00595

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय, जयपुर राजस्थान
DIPR/C/5609/2026

## कार्यालय नगर परिषद् कोटपूतली (कोटपूतली - बहरोड)

क्रमाक : न.प. कोट. / भूमि / 2026/7047 दिनांक :-11-03-2026

**प्रारूप- 10**
**(नियम 6 ( 7 )**
**लोक सूचना**

आवेदनकर्ता श्री सुभाष पटेल पुत्र श्री भोजराज पटेल जाति गुर्जर निवासी कांवर नगर, बासडी, तहसील कोटपूतली इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषित प्रयोजन (आवासीय) उपयोग हेतु ऐसी भूमि अपने अभिधृति अधिकारो के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नंबर | क्षेत्र | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| कोटपूतली-बहरोड, कोटपूतली | बासडी (कोटपूतली) | 2180/1701 | 0.9800 है. | आवासीय |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 - क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 1963 के अधिनियम पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन कर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर किसी कार्यालय दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थन दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त वर्णित समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निस्तारण किया जाएगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर मुहर के अधीन को जारी की गई है ।

प्राधिकृत अधिकारी
नगरपरिषद् कोटपूतली

## बेदखली घोषणापत्र मय नोटिस

1. हम मेवा देवी पत्नी श्री रोहिताश्व
2. रोहिताश्व पुत्र स्व0 तुलसीराम

समस्त जाति माली समस्त निवासी विद्युत ग्रिड के पास, माजरा बिडाला तहसील बानसूर जिला कोटपूतली बहरोड राज0 के रहने वाले हैं जो घोषणा करते हैं कि हमारी पुत्री प्रियंका आयु 26 वर्ष जिसका विवाह हमारे द्वारा किया जा चुका है तथा हमसे व हमारी स्वअर्जित चल अचल सम्पत्ति से प्रियंका का कोई लेना-देना, ताल्लुक वास्ता नहीं है। यह है कि प्रियंका हम दोनों का कहना नहीं मानती है। आये दिन हमसे झगडा-फसाद करती है, मारपीट करती है, ना ही हमारी किसी बात को सुनती है। दिगर बहकावे में प्रतिदिन जान माल इज्जत को खतरा पैदा करती है। बिना कोई सूचना दिये घर से चली जाती है तथा ना ही फोन से संपर्क करती है। हमारी आयु अब वृद्धावस्था में पहुँच चुकी है। इसलिए अब हम किसी प्रकार का कोई झगडाफसाद सहन नहीं कर सकते है तथा हम सुख शान्ति से अपना बुढापा गुजारना चाहते हैं। अतः हम हमारे पूर्ण होश हवाश में घोषणा करते हैं कि प्रियंका का हमसे हमारी सम्पत्ति से हमारी जान-माल सम्पत्ति से कोई लेना देना नहीं रहे तथा साथ ही निवेदन करते हैं कि प्रियंका व प्रियंका के कहे अनुसार कोई भी व्यक्ति हमारे जीवन में किसी प्रकार का कोइ हस्तक्षेप ना करें।

## बेदखली शपथ पत्र

मैं सुंदर लाल पुत्र श्री सूरजभान जाति- अहीर निवासी- गांव नायसरारना, तह0 - नीमराना, जिला- कोटपुतली - बहरोड, राजस्थान का रहने वाला हूँ। मैं शपथ पूर्वक बयान करता हूँ किः-
1. यह है कि मैनें उपरोक्त में नाम व पता सही एवं सत्य लिखवाया है।
2. यह है कि मेरी पुत्री निमिका जो कि मेरी सगी पुत्री है। मेरी पुत्री जो कि हमारे कहे में नहीं है तथा हमारी कोई बात नहीं मानती है तथा अपनी मर्जी से घर छोड़कर अन्य किसी लडके के साथ चली गई है तथा मेरे व परिवार के साथ हर समय दुरव्यवहार करती है। इसलिए मै मेरी पुत्री को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ती व जमीन जायदाद से बेदखल करता हूॅ।
3. यह है कि आज दिनांक- 12/03/2026 के उपरान्त मेरी पुत्री निमिका से मेरा व मेरे परिवार का आज के बाद कोई किसी प्रकार का कोई लेना देना नही है तथा मैं अपनी समस्त जमीन जायदाद व समस्त चल-अचल सम्पत्ती से निमिका को बेदखल कर रहा हूॅ। आज के बाद निमिका किसी भी प्रकार की घटना को अंजाम देती है या उसके साथ कोई किसी प्रकार की घटना होती है या किसी भी व्यक्ति के साथ पैसे का लेन देन करती है तो उससे मेरा व मेरे परिवार का कोई किसी प्रकार का सम्बन्ध सरोकार नहीं होगा। अगर मेरे व मेरे परिवार के नाम से निमिका किसी के साथ कोई किसी भी प्रकार का लेन देन करती है तो वह व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार रहेगा ।

**सत्यापनः-** मैं सत्यापति करता हूॅ कि जिम्मन नं0- 1 लगायत 3 में मेरे द्वारा दी गई जानकारी सही व सत्य है । ईश्वर मेरा साक्षी हैं।

(सुंदर लाल)
ह. शपथ कर्ता

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
19 मार्च, 2026

# कन्हैयालाल सेठिया की रचनाओं ने राजस्थानी भाषा की खुशबू को पूरे संसार में फैलाया : डॉ. मालानी

## राजस्थान कला, संस्कृति व विरासत संरक्षण अभियान को लेकर कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजस्थान कला, संस्कृति व विरासत संरक्षण अभियान के तत्वावधान में नगर श्री शोध संस्थान में मंगलवार शाम को राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कन्हैयालाल सेठिया राजस्थानी उछब मातृभाषा राजस्थानी के राजस्थान कला, संस्कृति व विरासत संरक्षण अभियान को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर और बैंड पर कालजयी गीत धरती धोरां री गाकर किया गया। कार्यक्रम संयोजक नितिन बजाज ने आगंतुक अतिथियों का शब्दों के माध्यम से स्वागत करते हुए कहा कि राजस्थान दिवस के संदर्भ में हुए इस आयोजन को राजस्थानी भाषा के मूर्धन्य कवि पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया को समर्पित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने कहा कि कन्हैयालाल सेठिया द्वारा रचित गीत धरती धोरां री को राजस्थान का राज्य गीत बनाया जाना चाहिए, क्योंकि यह गीत राजस्थान की वीर प्रसूता भूमि का वंदन गीत हैं। डॉ कच्छावा ने कन्हैयालाल सेठिया की रचना सरदार हियै सूं प्यारो हो और कुण जमीन रो धणी के माध्यम से सेठिया के राजस्थान को दिये महत्वपूर्ण अवदान पर विस्तृत चर्चा की। मुख्य वक्ता राजस्थान के युवा आईकॉन और बिड़ला हॉस्पीटल पिलानी के निदेशक डॉ. मधुसूदन मालानी ने आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि अपनी मातृभाषा, अपनी संस्कृति और अपनी विरासत को संरक्षित करने और उसे सजीव रखने के ऐसे प्रयास वंदनीय हैं। उन्होंने कहा कि कन्हैयालाल सेठिया की रचनाओं ने राजस्थानी भाषा की खुशबू को पूरे संसार में फैलाया है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. सुरेंद्र डी. सोनी ने अपने अकादमी कार्यकाल में सेठिया की हवेली में कार्यक्रम करवाने का उदाहरण देते हुए कहा कि सुजानगढ़ में कन्हैयालाल सेठिया की हवेली को एक ऐतिहासिक स्मारक के रूप में परिवर्तित करने की महत्ती आवश्यकता हैं। क्योंकि उस हवेली में बैठ कर सेठिया ने साहित्य साधना की। राजस्थानी उच्छब कार्यक्रम के अध्यक्ष साहित्यकार डॉ. कमल सिंह कोठारी ने कहा कि मातृभाषा के बिना किसी प्रदेश की पहचान नहीं हो सकती। उन्होंने सरकार से मांग रखी कि राजस्थानी भाषा को अविलम्ब संविधान की आठवीं अनुसूची में जोड़ा जाये। इस अवसर पर कन्हैया लाल सेठिया और राजस्थान के एकीकरण को लेकर उन्होंने कुछ दोहे भी सुनाएं। विशिष्ट अतिथि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर डॉ. बाजोरिया की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर नेचर एनवायरनमेंट एंड वाइल्डलाइफ सोसाइटी के अध्यक्ष कन्हैयालाल स्वामी, सुजानगढ़ कैमिस्ट एसोसिएशन के सचिव सुमनेश शर्मा, सोशल एक्टिविस्ट पार्थ सोनी, स्नेक रेस्क्यूवर महेश धर्ड, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। गुरूदास भारती ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रवि दाधीच ने किया।

## शोभायात्रा को लेकर सर्व हिंदू समाज की ओर से पोस्टर का विमोचन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय भास्कर भवन में बुधवार को सर्व हिंदू समाज की ओर से 26 मार्च को रामनवमी पर्व पर निकलने वाली विशाल भगवा शोभा यात्रा को लेकर पोस्टर विमोचन किया गया। रामनवमी शोभायात्रा आयोजन समिति के संयोजक गोपीचंद शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पर विशाल भगवा रैली का आयोजन किया जाएगा। शोभायात्रा इंद्रमणि पार्क से रवाना होकर रेलवे स्टेशन, नई सड़क, सुभाष चौक, सफेद घंटाघर, गढ़ चौराहा होते हुए श्रीराम मंदिर में पहुंचेगी। इस दौरान ध्यान नाथ महाराज ने चूरू वासियों से आग्रह किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर शोभायात्रा को सफल बनाएं। इस अवसर पर ओमप्रकाश सैनी, आशीष चोटिया, हरीश बजाज, कालू गौड़, विनोद शर्मा, प्रदीप सिंह, कुलदीप सिंह जागावत, पंकज पारीक, नितिन बुंदेला, संजय सिंघानिया, कमलेश राव, परमेंद्र सिंह शेखावत, जनार्दन आचार्य, रतन बजाज सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## पेयजल किल्लत का समाधान करने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** जलदाय विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय पहुंचकर कांग्रेस नेताओं ने पेयजल किल्लत की समस्या के समाधान की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि गर्मी के मौसम की शुरूआत होते ही पेयजल किल्लत शुरू हो गई है और लोगों को काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए समय पर नियमित जलापूर्ति कर जनता को राहत प्रदान की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस नेता बजरंग सैन, निवर्तमान उप सभापत अमित मारोठिया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप तोदी, एडवोकेट सलीम खान, ओंकारमल मेघवाल, विद्याधर बेनीवाल, अमजद खान कायमखानी, कन्हैयालाल माली सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## जन्मदिन आयोजन पर वसुंधरा राजे ने जताया आभार

### महेश बसावतिया व साथियों की सराहना



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं/जयपुर(निस)।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने अपने जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम को अविस्मरणीय बताते हुए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने विप्र समाज के कार्यकर्ता महेश बसावतिया व उनके साथियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता और जनसंपर्क को मजबूत करते हैं। राजे ने अपने संदेश में कहा कि कार्यक्रम न केवल भव्य रहा, बल्कि भावनात्मक रूप से भी बेहद खास था। उन्होंने आयोजकों के स्नेह, शुभकामनाओं और सहयोग को अपनी ताकत बताते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार का समर्थन मिलने का विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि समाज का अपनापन और विश्वास ही उनकी राजनीतिक व सामाजिक यात्रा की असली ऊर्जा है। इधर, आभार पत्र सामने आने के बाद झुंझुनूं जिले व पिलानी क्षेत्र में कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, इस तरह के संवाद कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के साथ संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का संदेश भी देते।

## तीन दुकानों की छत पर लगी आग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** स्थानीय छापर रोड़ पर स्थित एक कार बाजार के कार्यालय व दो अन्य दुकानों की छत पर आग लग गई। दरअसल तीन दुकानों की छत एक ही है और दुकानों की छत पर कोई कचरा या घास-फूस पड़ा था। जिसमें अचानक आग लग गई। बाद में आस-पास के लोगो ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। गनीमत ये रही कि आग में कोई घायल नहीं हुआ और समय रहते ही इस पर काबू पा लिया गया।

## शहीद हरलाल कालेर को श्रद्धांजलिः दाऊदसर में तिरंगा यात्रा, गूंजे 'भारत माता' के जयकारे

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** उत्तराखंड के हर्षिल क्षेत्र में पांच अगस्त 2025 को आई प्राकृतिक आपदा के दौरान ड्यूटी पर शहीद हुए गांव दाऊदसर निवासी हवलदार हरलाल कालेर की स्मृति में बुधवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर अमर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की और 'भारत माता की जय' के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। जानकारी के अनुसार किसान डालूराम कालेर के बड़े पुत्र हरलाल कालेर 7 अप्रैल 2010 को भारतीय सेना में भर्ती हुए थे और 14वीं बटालियन राजपूताना राइफल्स में हवलदार के पद पर उत्तराखंड में तैनात थे। प्राकृतिक आपदा के दौरान वे शहीद हो गए थे। घटना के बाद उनकी पार्थिव देह नहीं मिल सकी, जिसके पश्चात सेना द्वारा उन्हें अमर शहीद का दर्जा दिया गया तथा कुछ समय पूर्व उनका मृत्यु प्रमाण पत्र भी जारी किया गया। बुधवार को गौरीसर से सेना की टुकड़ी तिरंगा लेकर पहुंची, जहां ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। तिरंगा यात्रा शहीद के निवास व खेत में बनी ढाणी तक पहुंची, जहां सेना अधिकारियों ने शहीद के पिता डालूराम कालेर व पुत्र मोहित को तिरंगा सुपुर्द किया। इसके बाद तेजाजी मंदिर तक यात्रा निकाली गई। गांव में प्रस्तावित शहीद स्मारक स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विधायक पूसाराम गोदारा, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष इंद्राज खीचड़, पूर्व प्रधान संतोष तालणियां, सुरेंद्र हुड्डा, रालोपा जिला उपाध्यक्ष गजानंद सिहाग, राधेश्याम सारण, मदनलाल जाखड़, एसडीएम मिथिलेश कुमार, डीवाईएसपी इंसार अली, तहसीलदार पूजा पारीक, सब इंस्पेक्टर बलसंत सिंह सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने शहीद हरलाल कालेर के बलिदान को नमन करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और देश सेवा के इस सर्वोच्च त्याग को सदैव स्मरण रखने का संकल्प लिया।

## बैद परिवार देगा शिक्षा को संबलः हुडेरा व पायली स्कूलों में 30.57 लाख से कक्ष-कक्ष व शौचालय निर्माण

जयपुर टाइम्स



रतनगढ़(निस)। क्षेत्र के राजकीय विद्यालयों के विकास में निरंतर योगदान दे रहे समाजसेवी जोधराज बैद परिवार ने निकटवर्ती ग्राम पायली और हुडेरा अगुणा के सरकारी स्कूलों में करीब 30.57 लाख के निर्माण कार्य स्वीकृत किए हैं। इस राशि से दोनों विद्यालयों में कक्षा-कक्ष, बरामदे एवं शौचालय ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा। भामाशाह प्रेरक कुलदीप व्यास ने बताया कि राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय, पायली में जर्जर कमरों को हटाने के बाद नए कक्षों की आवश्यकता थी। इस पर बैद परिवार ने यहां तीन कक्षा-कक्ष बरामदे सहित स्वीकृत किए। वहीं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, हुडेरा अगुणा में दो कक्षा-कक्ष, बरामदा व छात्र-छात्राओं के लिए शौचालय ब्लॉक का निर्माण कराया जाएगा। यह कार्य जी.पी. प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड की सीएसआर योजना के तहत इसी सप्ताह शुरू होगा।

बैद परिवार पूर्व में भी जिले के कई विद्यालयों–लोहा, नोसरिया, सेहला, लसेड़ी (राजगढ़) सहित अन्य स्थानों पर सभागार, कक्ष-कक्ष, शौचालय, प्रवेश द्वार, फर्नीचर व स्मार्ट बोर्ड जैसे संसाधनों पर करोड़ों रुपए खर्च कर चुका है। साथ ही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लूंछ में ?31 लाख की लागत से बन रहा इंदिरा देवी बैद सभागार भी शीघ्र पूर्ण होने वाला है। विद्यालयों के संस्था प्रधानों ने इस सहयोग के लिए बैद परिवार का आभार जताते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणादायक पहल बताया।

### चूरू में एसपी का जुलूस निकाल कर भव्य अभिनंदन

## पुलिस कप्तान यादव के स्वागत में शहरवासियो ने बिछाए पलक पांवड़े

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** चूरू पुलिस कप्तान जय यादव के डीआईजी बनने पर मंगलवार को शहरवासियों ने उनके स्वागत में पलक पांवड़े बिछा दिए। शहर में जगह-जगह विभिन्न संगठनों ने यादव का भव्य स्वागत किया। इस दौरान ऋषिकुल ब्रह्मचार्य आश्रम से पुलिस लाइन तक जगह-जगह माला पहनाकर, पुष्प वर्षा कर व शॉल ओढ़ाकर डीआईजी जय यादव का अभिनंदन किया। व्यापारी सुनील भाऊवाला व महेंद्र चौबे ने बताया कि डीआईजी जय यादव का दो साल से ज्यादा का कार्यकाल चूरू में रहा। उनकी पदोन्नती डीआईजी बीएसएफ में स्थानान्तरण होने पर ऋषिकुल ब्रह्मचार्य आश्रम, मोजासिया चौक, राजगढ़िया इंपोरियम, गढ़ चौराहा, सुभाष चौक, खेमका पेट्रोल पंप पर यादव का भव्य स्वागत किया। उसके बाद सदर थाने से उनके आवास तक एसपी को घोड़ी पर बिठाकर डीजे व चंग नृत्य के साथ भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर ईश्वर सिंह राठौड़, सुधाकर सहल, मुन्ना बजाज, पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया, हरि भालेरी वाला, विश्वनाथ राजगुरु, तेजपाल शर्मा, मंगतूराम चोटिया, लालचंद शर्मा, डीएसपी सुनील झाझड़िया, मनीष कुमावत सहित पुलिस का पूरा लवाजमा व कालिका टीम उपस्थित रही।

## बीड़ी-गुटखे की दुकान की आड़ में गांजा बेच रहा था आरोपी, 388 ग्राम बरामद

जयपुर टाइम्स

**जाजोद(निस)।** सीकर जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन एंटी वेनम के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिला विशेष शाखा और जाजोद थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 388 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जाजोद थानाधिकारी गिरधारी लाल ने बताया कि लाडपुर निवासी 50 वर्षीय जगदीश प्रसाद को पकड़ा गया है, जो बीड़ी-गुटखे की दुकान की आड़ में अवैध रूप से गांजे का कारोबार कर रहा था। मुखबिर की सूचना पर टीम ने मौके पर दबिश दी और आरोपी के कब्जे से गांजा बरामद किया। कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नुनावत के निर्देशन में चलाई जा रही मुहिम के तहत की गई। इस दौरान जिला विशेष शाखा और स्थानीय पुलिस ने समन्वय के साथ कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस का जिले में नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी है और इस तरह के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## विफा प्रदेश अध्यक्ष राजेश कर्नल व जिलाध्यक्ष का किया स्वागत

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** बार काउंसिल के चुनाव के लिए अधिवक्ताओं से संपर्क करने आए जयपुर जोन के प्रदेश अध्यक्ष पंडित राजेश शर्मा एडवोकेट व सीकर जिलाध्यक्ष जयप्रकाश दाधीच का घंटाघर के पास विप्र बंधुओं ने स्वागत किया। तहसील अध्यक्ष मनोज मिश्रा व महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ.अर्चना पुरोहित के नेतृत्व में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष का दुपट्टा व प्रतीक चिह्न प्रदान कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कर्नल राजेश ने कहा कि लक्ष्मणगढ़ व सीकर जिले के विप्र बंधुओं के स्नेह व सम्मान की वजह से वह चौथी बार अध्यक्ष बने हैं। इस अवसर पर पार्षद व नगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप दाधीच, बबलू महर्षि, अशोक पुजारी, पवन बुटोलिया, अमित शर्मा, प्रमोद शर्मा, अंजनी कुमार, कमल सुरोलिया, कृष्णा पाराशर, आस्था शर्मा, डिंपल जोशी, रेखा पुजारी, कुसुम लता पुजारी, संजना शर्मा, ममता पारीक, सरिता शर्मा सहित बड़ी संख्या में विप्र बंधु व महिलाएं उपस्थित रहीं।



## शोभासर में रक्तदान शिविरः युवाओं ने दिखाया उत्साह



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** शहर के निकटवर्ती गांव शोभासर में एनएस ग्रुप के चेयरमैन भामाशाह नारायण अग्रवाल के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। भाजपा नेता इमरान खान ने बताया कि शिविर सुबह 9 बजे से शुरू हुआ, जिसमें प्रतिष्ठा ब्लड बैंक जयपुर व एसके हॉस्पिटल सीकर की ब्लड बैंक टीम ने रक्त संग्रहण किया। शिविर में रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र व बर्तन देकर सम्मानित किया गया। शिविर के दौरान रविशंकर पुजारी, सत्यप्रकाश पुजारी, बनवारी स्वामी, महावीर सिंह (पार्वतीसर), मनीष गुलेरिया (सालासर), मुकेश गोदारा, भंवरलाल सामोता, रामदेव स्वामी, डॉ. लादूसिंह राव, सलावत खान, सुभाष प्रजापत, जीतेन्द्र सोनी, विक्रम सिंह, ओमप्रकाश डूडी, अटल अग्रवाल व महेश मेघवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने रक्तदान कर सेवा भाव का परिचय दिया। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर समाज में मानवता और सेवा की भावना को सशक्त करते हैं।

## स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

**सालासर(निस)।** कस्बे के शिव मन्दिर परिसर में श्रमदान किया गया । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शोभासर में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के चौथे दिन गांव के शिव मंदिर परिसर में सफाई करवाई गई। प्रभारी सुमन ने बताया कि चौथे दिन विद्यालय परिसर में योगाभ्यास करवाया गया। सहप्रभारी श्रीमति यशोदा ने बताया कि शिवमन्दिर में सफाई के लिए पुजारी संजय शर्मा ने स्वयंसेवकों व विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया।

## बेटियों की समय पर शादी के बारे में चर्चा

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति राजस्थान की सुजानगढ़ शाखा की नवगठित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक सत्संग भवन के प्रांगण में करनीदान मंत्री के सानिध्य में आयोजित की गई। बैठक में प्रमिला राठी, संतोष खंडेलवाल का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। महिला संभाग को विशेषता से समिति के निर्देशानुसार प्रचार-प्रसार में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया गया। सभी को एकजुट होकर बेटी की शादी समय से करने एवं आगे की पढ़ाई ससुराल वालों से कराई जाए, इस बात पर संस्था का बैनर लगाकर अनेकों धार्मिक कार्यक्रमों में एवं स्कूलों कॉलेजों में प्रचार प्रचार की जरूरत बताई गई। बैठक में सांवरमल भोजक, गोविंद राम, मदन गोपाल सोनी, नारायण बेदी, प्रमिला राठी, चंद्रप्रभा सोनी, स्वाति शर्मा, संतोष खंडेलवाल आदि मौजूद रहे। अध्यक्ष पूनमचंद सारस्वत ने आभार जताया।



## सैंकड़ों रोजेदारों ने एक साथ खोला रोजा

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय लीलगरान मस्जिद के पास यंग नौजवान कमेटी लीलगर समाज की ओर से रोजा इफ्तार की दावत का आयोजन किया गया। निवर्तमान पार्षद आसिफ अली चैहान ने बताया कि दावत में पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, भाजपा नेता संतोष मेघवाल, कांग्रेस नेता इदरीश गौरी, पूर्व सभापति हाजी सिकन्दर अली खिलजी, राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र कीलक, डॉ. लियाकत अली, समाज के सदर हसन भाटी, रामनारायण रूलाणिया, जगदेव बेड़ा, रेखाराम मेहरड़ा, बजरंग सैन, डॉ. एस के छाबड़ा, सलीम खुड़ीका, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ कांग्रेस के अध्यक्ष फारूक भूट्टा, इमरान खां, साकिर खान बैसवा आदि ने शिरकत की। दावत में सैंकडें रोजेदारों ने मुल्क व दुनियां में अमन, चैन के लिए दुआ की और रोजा खोला।



स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।



## शो छोड़ना आसान है पर जिम्मेदारी निभाना चुनौती

अभिनेत्री निक्की तंबोली रियलिटी शो 'द 50' से बाहर हो गई हैं। उन्हें डबल एविक्शन में शो से बाहर कर दिया गया। शो से निकलने के बाद निक्की ने बुधवार को इंस्टाग्राम के जरिए शो में चल रहे संघर्ष और अपनी हालत के बारे में बात की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक नोट लिखा और अपनी भावनाएं व संघर्ष साझा किए। निक्की ने लिखा, 'कई लोग कह रहे हैं कि जब अरबाज को शो से निकाला गया, तो मुझे भी शो छोड़ देना चाहिए था, लेकिन शो में आने का मतलब जिम्मेदारी और वादा निभाना होता है। भावनाओं में आकर शो छोड़ना आसान लग सकता है पर कमिटमेंट निभाना असली हिम्मत है।' निक्की ने लिखा कि जब मेरे भाई का देहांत हुआ था, तब भी मैं अगले दिन 'खतरों के खिलाड़ी' की शूटिंग के लिए गई थी। उन्होंने लिखा, 'मेरे लिए कमिटमेंट का मतलब यही होता है। भावनाएं सच्ची होती हैं, लेकिन जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। शो ने मुझे हमेशा सम्मान, महत्व और प्राथमिकता दी। कमिटमेंट सिर्फ भावनाओं का नाम नहीं, बल्कि उस हिम्मत का नाम भी है, जब पता होता है कि बाहर लोग आलोचना करेंगे, कहानियां बनाएंगे, फिर भी आप मजबूत रहते हैं।' निक्की ने बताया कि शो में जाने से पहले वे डेंगू से ठीक होकर आई थीं। इसलिए ठीक से परफॉर्म नहीं कर पा रही थीं। उन्होंने लिखा, 'कई लोगों ने मेरी परफॉर्मेंस को जज किया, बिना जाने कि मैं डेंगू से ठीक होकर आई थी। शरीर में थकान, कमजोरी और बहुत ज्यादा थकावट थी। छोटी-छोटी चीजें भी भारी लगती थीं, फिर भी मैं हर दिन हिम्मत से शो में गई।'

उन्होंने कहा कि शो में उनका मुकाबला किसी दूसरे से नहीं बल्कि खुद से था। उन्होंने कहा, 'मेरा असली मुकाबला किसी से नहीं बल्कि खुद से था।अपनी ताकत, सीमाओं और शरीर की लड़ाई से। सबसे कठिन लड़ाइयां अक्सर दिखाई नहीं देतीं। हर दिन वहां पहुंचना, थकान के बावजूद खड़े रहना और हार न मानना यही मेरी असली चुनौती थी। निक्की ने अपनी बात को खत्म करते हुए लिखा, 'अगर किसी को मेरी परफॉर्मेंस अच्छी नहीं लगी तो कोई बात नहीं क्योंकि हर दिन मैं वहां जाकर खुद से लड़ रही थी। मेरी असली जीत यही थी कि शरीर हार मानना चाहता था, लेकिन मैं खड़ी रही और आगे बढ़ती रही।'



## 'मेड इन कोरिया' एक्ट्रेस प्रिया मोहन ने साझा किया कोरिया शूट का दुख

प्रिया मोहन की तामिल फिल्म 'मेड इन कोरिया' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। हाल ही में एक्ट्रेस ने कोरिया में शूटिंग करते हुए आई परेशानी के बारे में एक इंटरव्यू में चर्चा की। साथ ही वहां हुए अपने अनुभव के बारे में भी बताया।

### खाना सबसे बड़ा चैलेंज


अभिनेत्री प्रिया मोहन ने बातचीत में अपनी तामिल फिल्म 'मेड इन कोरिया' के काफी कुछ बताया। उन्होंने कहा कि कोरिया में सबसे मुश्किल है खाना मिलना। क्योंकि कोरिया में हर खाने में रेड मीट डाला जाता है वो नहीं खा सकती थीं। आगे एक्ट्रेस ने कहा कि वो मूल रूप से शाकाहारी हैं। मगर उन्होंने कुछ दिनों पहले ही चिकन खाना शुरू किया है। अपने डाइटिंग के वजह से भी वह सब कुछ नहीं खा सकती हैं।

### मौसम का बदलना भी एक मुश्किल

प्रिया ने बताया कि वो और शूटिंग यूनिट 40 दिनों तक कोरिया में थीं। इस दौरान खाने के साथ-साथ उन्होंने मौसम के बदलाव को भी एक समस्या है। उन्होंने कहा कि कोरिया का मौसम लगातार बदलता रहता है। अगर सुबह गर्मी होती है तो दोपहर में बारिश हो जाती है। वहीं रात में बर्फ गिरने लगती है। इस मौसम की वजह से काफी शूटिंग में काफी मुश्किलें होती हैं।


### काफी एंजॉय की फिल्म की शूटिंग

मेड इन कोरिया एक इंटरनेशनल प्रोजेक्ट है। इसमें कई कोरियन एक्टर्स भी काम कर रहे हैं। प्रिया मोहन ने अपनी बातचीत में कहा कि मुश्किलों के बावजूद उन्हें फिल्म करने में काफी मजा आया। खास तौर पर कोरियन एक्टर्स के साथ एक्टिंग का अनुभव काफी खास रहा। प्रिया ने कहा कि कोरियन एक्टर्स स्क्रिप्ट पढ़ने से ज्यादा स्वाभाविक एक्टिंग पर ध्यान देते हैं। साथ ही एक्ट्रेस ने बताया कि वह अपने पहले इंटरनैशनल प्रोजेक्ट के लिए काफी खुश हैं।




## नेगेटिव रोल में दिखेंगे सुधांशु पांडे, अपने 'जटिल' किरदार को लेकर किया खुलासा

टेलीविजन इंडस्ट्री के मशहूर अभिनेता सुधांशु पांडे इन दिनों लोकप्रिय शो 'दो दुनिया एक दिल' में नजर आ रहे हैं। इस सीरियल में वे एक निगेटिव किरदार में नजर आएंगे। हाल ही में उन्होंने खास बातचीत में अपने रोल को लेकर बात की। अभिनेता ने बताया कि उनका किरदार काफी जटिल और लेयर्ड है। इसमें कई ऐसे पहलू दिए गए हैं, जो दर्शकों को चौंका सकते हैं। उन्होंने बताया, 'मैं हर रोल में कुछ नया करने की कोशिश करता हूं ताकि दर्शकों को अनएक्सपेक्टेड मोमेंट्स देखने को मिले और ये सब करना मुझे काफी अच्छा लगता है।' सुधांशु पांडे ने बताया कि शो में उनका किरदार भले ही बाहर से निगेटिव है, लेकिन इसमें कई तरह के डायमेंशन हैं, जो कहानी को धीरे-धीरे सामने लाने का काम करेंगे। सुधांशु पांडे ने कहा, 'मेरी हमेशा से ऐसी किरदार बनाने की होती है जो दर्शकों के दिल में बस जाएं और लंबे समय तक याद रहें। अगर कोई कैरेक्टर दर्शकों से गहरा कनेक्शन बना ले, तो एक अभिनेता के तौर पर मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।' जब उनसे सवाल किया, 'शो में आप एक पिता की भूमिका भी निभा रहे हैं, लेकिन लोगों को लगता है कि आप अभी पिता के रोल के लिए काफी युवा हैं तो उन्होंने कहा, 'पिता बनने का मतलब यह नहीं कि बाल या दाढ़ी सफेद हो जाए। मैं असल जिंदगी में भी पिता हूं। मेरे बच्चे हैं, लेकिन मैं फिट और एक्टिव हूं। समाज में पिता के लुक को लेकर एक स्टीरियोटाइप है, जो गलत है।' उन्होंने आगे कहा कि फिटनेस और एनर्जी हर उम्र के लोगों में होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'अगर कोई शादीशुदा और बच्चों वाला व्यक्ति भी एनर्जेटिक हो सकता है, जबकि बिना परिवार वाला भी अनफिट दिख सकता है। इसलिए हमें ऐसे पुराने विचारों से दूर रहना चाहिए।' शो में डिजिटल क्राइम और सोफिस्टिकेटेड स्कैम जैसे विषय दिखाए जा रहे हैं, जिसको लेकर सुधांशु ने कहा, एजुकेशन और अवेयरनेस दो अलग-अलग चीजें हैं। बहुत पढ़े-लिखे लोग भी स्कैम कर सकते हैं और वही पढ़े-लिखे लोग उनके शिकार भी बन सकते हैं।



## शरवरी बनीं इम्तियाज की फिल्म का हिस्सा



शरवरी वाघ इम्तियाज अली की अपकमिंग फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' में नजर आने वाली हैं। इसमें लीड एक्टर के तौर पर दिलजीत दोसांझ नजर आने वाले हैं। आज फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। जिसे देखकर फैंस उत्साहित हैं। टीजर में रोमांस से भरी कहानी की झलक दिखी है। इस बीच शरवरी वाघ ने इंस्टाग्राम पर निर्देशक इम्तियाज अली के साथ तस्वीर शेयर की है और एक पोस्ट लिखी है। शरवरी वाघ ने एक पोस्ट में लिखा 'इम्तियाज सर यह कहना कि मैं आपके सिनेमा की बहुत बड़ी फैन रही हूं, कम होगा। आज जब हमारा टीजर आया, तो मैं उस दिन को याद कर रही थी, जब मैंने 3 साल पहले एक क्लास अटेंड की थी। इसे आपने मणि सर के लिए कंडक्ट की थी। मैं वहां ऑडियंस में बैठकर आपके क्राफ्ट, आपके विजन और आप बड़े पर्दे पर जो खूबसूरत दुनिया बनाते हैं, उसके बारे में सुन रही थी।' शरवरी ने आगे लिखा 'मुझे याद है कि मैंने उस दिन इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी डाली थी और सोचा था कि मैं किसी दिन आपकी फिल्म का हिस्सा बनूंगी। मुझे क्या पता था कि मैं एक ऐसा टीजर देखूंगी जिसके आखिर में 'ए फिल्म बाय इम्तियाज अली' लिखा होगा और मैं इसका हिस्सा बनूंगी।' शरवरी ने आगे लिखा 'एक यंग एक्टर के तौर पर, जो स्क्रीन पर अलग-अलग तरह के किरदार में ढलने के लिए बेताब है, मेरे लिए 'मैं वापस आऊंगा' का सफर सबसे अच्छा रहा। यह सिर्फ आपकी वजह से हो पाया। रेकी से लेकर शूटिंग खत्म होने तक और कई लंच और डिनर पर हुई बातें मेरी यादों में रहेंगी। थैंक्यू सर! आप सिर्फ एक अच्छे फिल्ममेकर ही नहीं, एक अच्छे इंसान भी हैं!'





## पलाश मुछाल की फिल्म में अहम किरदार निभाएंगे टीवी एक्टर अभिनव शुक्ला



पलाश मुछाल ने अपनी एक अनाम फिल्म की घोषणा कुछ दिनों पहले की है। इस फिल्म को वही निर्देशित करेंगे। इसकी कहानी एक आम आदमी की जिंदगी पर आधारित होगी। फिल्म में लीड रोल एक्टर श्रेयस तलपदे निभाएंगे। अब इस फिल्म में एक टीवी एक्टर भी शामिल हो गया है। इस बारे में सोशल मीडिया के जरिए पलाश मुछाल ने ही जानकारी साझा की है। टीवी एक्टर के साथ एक फोटो भी पोस्ट की है। पलाश मुछाल की फिल्म में टीवी एक्टर अभिनव शुक्ला एक अहम किरदार निभाएंगे। देर रात पलाश मुछाल ने अभिनव के साथ तस्वीर साझा की और फिल्म में उनका स्वागत किया। इस फिल्म में डेजी शाह भी नजर आएंगी।

### कई फिल्में निर्देशित कर चुके हैं पलाश

पलाश मुछाल डायरेक्शन में आने से पहले बतौर म्यूजिक कंपोजर बॉलीवुड में सक्रिय थे। फिर वह निर्देशक की भूमिका में आए। अब तक कई फिल्में बना चुके हैं। पलाश ने 'अर्ध' और 'काम चालू है' जैसी फिल्में बनाई हैं। इन दोनों फिल्मों में राजपाल यादव ने मुख्य भूमिका निभाई थी।

### शादी टूटने का मामला भी चर्चा में रहा

पिछले साल के आखिर में क्रिकेटर स्मृति मंधाना और कंपोजर पलाश मुछाल के शादी का मामला खूब सुर्खियों में रहा। इस साल की शुरुआत में स्मृति के दोस्त ने पलाश पर पैसों की धोखाधड़ी का आरोप लगाया। पलाश ने भी मानहानि का मुकदमा ठोका है। इन सभी बातों के बीच वह अपनी अपकमिंग फिल्म से जुड़े अपडेट लगातार साझा कर रहे हैं।

## 10 जुलाई को रिलीज होगी आलिया-शरवरी स्टारर 'अल्फा'




यशराज फिल्म्स ने अपनी पहली वुमन सेंट्रिक स्पाई फिल्म 'अल्फा' की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। आलिया भट्ट और शरवरी वाघ स्टारर यह फिल्म 10 जुलाई को सिनेमाघरों में आएगी। शिव रवैल के निर्देशन में बनी इस फिल्म में दोनों एक्ट्रेस का मुकाबला विलेन बने बॉबी देओल से होगा। यह फिल्म वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली ऐसी कहानी है, जिसमें फीमेल स्पाई को केंद्र में रखा गया है। करीब डेढ़ साल तक चली शूटिंग में कश्मीर का एक लंबा शेड्यूल भी शामिल रहा। फिल्म के क्लाइमेक्स में हाई-ऑक्टेन फाइट सीक्वेंस को वीएफएक्स आधारित बनाया गया है, जिसके लिए विशेष रूप से हाई स्पीड वाले बोल्ट कैमरा का इस्तेमाल किया गया।

### शूटिंग में सीक्रेसी का स्केल भी काफी हाई रहा

शूटिंग के दौरान बॉबी के डेडिकेशन की भी काफी चर्चा रही। बताया जाता है कि उन्होंने लगातार आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में काम किया। फिल्म में उनका लुक फिल्म 'एनिमल' से बिल्कुल अलग रखा गया है, जिसमें वे साल्ट-एंड-पेपर दाढ़ी और वेस्टर्न स्टाइल ब्लेजर में नजर आएंगे। शूटिंग के दौरान सीक्रेसी का स्केल काफी ऊंचा रखा गया। क्रू मेंबर्स के मोबाइल फोन तक सेट पर बैन थे। कुछ एक्शन सीन्स को पहले बॉडी डबल्स के साथ शूट किया गया और बाद में फेस रिप्लेसमेंट तकनीक से एक्टर्स के चेहरे जोड़े गए, जिसमें करीब 15 से 20 दिन लगे। 'अल्फा' के सेट पर नई पीढ़ी की झलक भी देखने को मिली। जिमी शेरगिल के बेटे वीर शेरगिल ने भी इस फिल्म में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया है। 'अल्फा' के अलावा शरवरी की अली-अहान वाली फिल्म यूके में 60 दिनों के लंबे शूटिंग शेड्यूल में हो रही शूट निर्देशक अली ने इस फिल्म को स्टूडियो सेट के बजाय रियल लोकेशंस पर शूट करने का फैसला लिया है। इसी वजह से करीब 60 दिनों का लंबा शेड्यूल यूनाइटेड किंगडम में रखा गया है। शूटिंग मुख्य रूप से लंदन, मैनचेस्टर, बर्मिंघम और लीड्स में होगी। इस फिल्म के भी लुक और सीन लीक न हों, इसके लिए सेट पर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। बताया जा रहा है कि यह यशराज फिल्म्स के इतिहास के सबसे बड़े सुरक्षा प्रबंधों में से एक है।

### विदेशी एक्शन डायरेक्टर्स को भी टीम में शामिल किया गया है...

अहान-शरवरी स्टारर इस फिल्म की कहानी आधुनिक भारत और अंतरराष्ट्रीय पृष्ठभूमि पर आधारित एक एक्शन-रोमांस है। अहान के किरदार में एक्शन के साथ हल्का-फुल्का हास्य भी होगा। यूके शेड्यूल के बाद फिल्म की टीम भारत लौटकर जयपुर में कुछ अहम हिस्सों की शूटिंग करेगी। फिल्म के हाई-ऑक्टेन एक्शन को विश्वस्तरीय बनाने के लिए विदेशी एक्शन डायरेक्टर्स को भी टीम में शामिल किया गया है। अहान और ऐश्वर्य ठाकरे के लिए एक लिमिटलेस एक्शन वर्कशॉप आयोजित की गई। फिल्म में अंतरराष्ट्रीय स्तर का हैंड-टू-हैंड कॉम्बैट और हाई स्पीड चेज सीक्वेंस भी हैं। अहान पिछले तीन महीनों से एमएमए ट्रेनिंग ले रहे हैं।

### शरवरी, अहान पांडे के साथ भी एक एक्शन फिल्म में दिखेंगी

शरवरी वाघ जल्द ही निर्देशक अली अब्बास जफर की नई एक्शन-रोमांटिक फिल्म में अहान पांडे के साथ भी नजर आएंगी। अहान इस नए प्रोजेक्ट की तैयारी में जुटे हैं। इसे भी यशराज फिल्म्स ही बना रही है। फिल्म का पहला शेड्यूल 20 मार्च से मुंबई में शुरू होगा।



## बारह भाई मेले में 'स्मार्ट पुलिसिंग': ड्रोन से आसमान से निगरानी, यातायात व सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** धौलपुर पुलिस ने स्मार्ट पुलिसिंग के तहत तकनीक का बेहतर उपयोग करते हुए बाड़ी कस्बे के ऐतिहासिक बारह भाई मेले में ड्रोन कैमरों से निगरानी रखकर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया। करीब 170 वर्ष पुराने इस मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और लोगों की मौजूदगी के बीच पुलिस ने आसमान से नजर रखकर पूरे आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया।

पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा व एडीएफ मुख्यालय बाड़ी कमल कुमार जांगिड़ के सुपरविजन में थानाधिकारी देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में ड्रोन पेट्रोलिंग की गई। इसके माध्यम से मेले के प्रमुख मार्गों, चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों की डिजिटल मॉनिटरिंग की गई।

ड्रोन निगरानी के दौरान शोभायात्रा मार्ग पर यातायात में बाधा बनने वाले ठेलों और अवरोधों को हटवाया गया तथा दुकानों के सामने लगी भीड़ को नियंत्रित कर रास्ते सुचारू किए गए। वहीं कुछ मकानों की छतों पर पड़े ईंट-पत्थरों को भी सुरक्षा की दृष्टि से हटवाया गया, ताकि किसी प्रकार की



अनहोनी से बचा जा सके। पुलिस की इस पहल से मेले में आने वाले लोगों को सुरक्षित और व्यवस्थित माहौल मिला। साथ ही यातायात व्यवस्था भी बेहतर बनी रही। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि तकनीक के माध्यम से आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिकता है। ड्रोन तकनीक से मेलों, त्योहारों और भीड़भाड़ वाले आयोजनों में निगरानी आसान होती है तथा असामाजिक तत्वों पर त्वरित कार्रवाई संभव हो पाती है।

## खबर का असर: राजाखेड़ा तहसील में शुरू हुआ नए शौचालय निर्माण, वर्षों पुरानी समस्या का समाधान



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** तहसील कार्यालय में लंबे समय से चली आ रही शौचालय समस्या को लेकर प्रकाशित खबरों का असर अब दिखाई देने लगा है। वर्षों से जर्जर और गंदगी से भरे शौचालयों की अनदेखी के बाद आखिरकार प्रशासन हरकत में आया और नए शौचालय व टॉयलेट निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। तहसील परिसर में महिला एवं पुरुषों के लिए पर्याप्त और उपयोगी शौचालय की व्यवस्था नहीं थी। जो शौचालय बने हुए थे, वे भी पूरी तरह जर्जर अवस्था में थे और गंदगी के कारण उपयोग के लायक नहीं बचे थे। आमजन और विशेष रूप से महिलाओं को इससे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस गंभीर समस्या को विभिन्न प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया-हिंदुस्तान एक्सप्रेस, जयपुर टाइम्स, मृदुल पत्रिका, खबरों की दुनिया, चंबल प्रभाव, बीबीएन, ब्रज भास्कर, हल्ला बोल और जनता संवाद-में लगातार प्रमुखता से उठाया गया। इसके बाद तहसील प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग को राशि आवंटित कर दी। वर्तमान में पुराने जर्जर शौचालयों को हटाकर नए आधुनिक शौचालय व टॉयलेट निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। इससे जल्द ही तहसील आने वाले लोगों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि मीडिया की सक्रियता से ही यह कार्य संभव हो पाया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि निर्माण कार्य जल्द पूरा कर आमजन को राहत दी जाएगी।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
19 मार्च, 2026

# राजस्थान दिवस के अवसर पर कल 19 मार्च (गुरुवार) को पर्यटन विभाग की ओर से भव्य सांस्कृतिक संध्या का होगा आयोजन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर,** राज्य सरकार के निर्णय अनुसार इस बार चैत्र की शुक्ल प्रतिपदा (19 मार्च) को राजस्थान दिवस मनाया जा रहा है। अतिरिक्त मुख्य सचिव पर्यटन, कला- साहित्य एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग प्रवीण गुप्ता ने बताया कि जयपुर स्थित अल्बर्ट हॉल प्रांगण में गुरुवार (19 मार्च) को शाम 7:00 बजे भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा तथा उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं गणमान्य जन की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान दिवस हमारी समृद्ध धरोहर और संस्कृति का उत्सव है। इस अवसर पर गुरुवार को सुर, लय ताल से सजी सांस्कृतिक संध्या में पद्मश्री श्री अनवर खां मांगणियार एवं दल तथा पद्मश्री श्री तगाराम भील एवं दल द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। भव्य सांस्कृतिक संध्या में घूमर, कालबेलिया, चरी, कच्छी घोड़ी,भवाई, तीन ढोल, गैर, चंग ढप, कथक एवं अन्यकलाओं का शानदार प्रदर्शन होगा। 100 से अधिक लोक कलाकारों और कथक नर्तकों के साथ सुसज्जित एवं रंगारंग नृत्य और संगीत प्रस्तुति (लोक छंद सांस्कृतिक इकाई, दिल्ली द्वारा संयोजित) का भी प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति एवं कथक नृत्य एवं आकर्षक कोरियोग्राफी की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में भव्य आतिशबाजी का भी आयोजन किया जाएगा।राजस्थान दिवस के अवसर पर कल 19 मार्च को कला साहित्य संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग की ओर से भी विभिन्न आयोजन अतिरिक्त मुख्य सचिव पर्यटन, कला- साहित्य एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राजस्थान दिवस के अवसर पर कला साहित्य संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग की ओर से भी विभिन्न अकादमियों जवाहर कला केंद्र और रविंद्र मंच की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसी गुरुवार 19 मार्च को भी जयपुर सहित प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कला साहित्य संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग की उपसचिव एवं जवाहर कला केंद्र की अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. अनुराधा गोगिया ने बताया कि राजस्थान दिवस समारोह, 2026 के अन्तर्गत जवाहर कला केन्द्र द्वारा केन्द्र के कृष्णायन सभागार में प्रातः 8 बजे से मॉर्निंग रागा की प्रस्तुति दी जायेगी जिसके अन्तर्गत अजमेर के पं आनन्द वैद्य एवं समूह की शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति आयोजित की जायेगी।तहत् जवाहर कला केन्द्र की सहभागिता अन्तर्गत रंगायन सभागार में दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे के मध्य राजस्थान ब्रजभाषा अकादमी द्वारा अरू पोद्दार संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में ब्रजभाषा कवि एवं साहित्यकार सम्मान समारोह-2026 का आयोजन किया जायेगा जिसमें ब्रज काव्य पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं फूलों की होली की प्रस्तुति होगी। उसके पश्चात् सायं 6 बजे से राजस्थान उर्दू अकादमी एवं जवाहर केन्द्र की सहभागितान्तर्गत केन्द्र के शिल्पग्राम में पद्मश्री उस्ताद् अली मोहम्मद एवं उस्ताद् गनी मोहम्मद की मांड गायन एवं गज़ल गायन की प्रस्तुति होगी। उसके उपरान्त केन्द्र द्वारा राजस्थान दिवस समारोह की समापन प्रस्तुति के अन्तर्गत मध्यवर्ती सभागार में सायं 7:00 बजे से सुविख्यात् बैण्ड रेतीला बैण्ड की प्रस्तुति आयोजित की जायेगी। इसमें पश्चिमी राजस्थान के सुप्रसिद्ध लंगा, मांगणियार कलाकारों के साथ निर्देशक गोविन्द सिंह भाटी अपना फ्यूज़न बैण्ड प्रस्तुत करेंगे।

## महिपाल सिंह को जिला आईटी सेल प्रभारी की जिम्मेदारी

जयपुर टाइम्स



**बहरोड(निसं)।** आजाद समाज पार्टी राजस्थान की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसके मंगलवार को नवनियुक्त सदस्यों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इस दौरान मोमनपुर निवासी महिपाल सिंह को जिला आईटी सेल प्रभारी के पद पर नियुक्ति किया गया। जिसको लेकर पार्टी सदस्यों सहित ग्रामीणों ने खुशी जताई तथा बधाई दी। वहीं पार्टी ने पूर्ण निष्ठा और जिम्मेदारी से कार्य निभाने के लिए विश्वास जताया।

## नंबर प्लेट छुपाने वालों के खिलाफ कार्रवाई




जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निसं)।** कस्बे के राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को कोतवाली थानाधिकारी अंकित सामरिया ने यातायात नियमों की पालना के लिए सघन अभियान चलाया। जयपुर रेंज आईजीपी राहुल प्रकाश की ओर से चलाए जा रहे लेन ड्राइव अभियान बेहतर यातायात प्रबंधन के तहत एसपी सतवीर चौधरी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमराना सुरेश खींची वृताधिकारी बहरोड सचिन शर्मा के मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया गया। इस दौरान थानाधिकारी अंकित सामरिया ने जिन डम्पर, ट्रक आदि पर स्पष्ट नम्बर प्लेट नही है और जिन्होंने नम्बर प्लेटों पर ग्रीस लगा रखा है, ऐसी 11 गाड़ियों को एमवी एक्ट में जप्त किया गया। वहीं अन्य के चालान काटे गए। कुछ को समझाइश करके कपड़े से नम्बर प्लेट से ग्रीस को साफ करवाया गया। इस बीच अनेक गाड़ियां नंबर प्लेट पर ग्रीस तथा अन्य चीजों से नंबर छुपाने का प्रयास करते पाए गए।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन धारकों को 31 मार्च तक करवाना होगा भौतिक सत्यापन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत जिले में वृद्धावस्था, एकलनारी व विशेष योग्यजन श्रेणी के लगभग 5 लाख 95 हजार लाभार्थियों को राज्य सरकार की ओर से पेंशन का लाभ प्रदान किया जा रहा है। सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक बी.पी चंदेल ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना नियम, 2013 के अनुसार सभी पेंशनधारकों का वार्षिक भौतिक सत्यापन करवाया जाना अनिवार्य है। वर्तमान स्थिति के अनुसार जयपुर जिले में 72 हजार 756 तथा जयपुर शहर क्षेत्र में 64 हजार 180 पेंशनधारक अभी भी भौतिक सत्यापन से शेष हैं। बी.पी चंदेल ने बताया कि इस संबंध में बुधवार को नगर निगम के सभी उपायुक्तों की बैठक अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) की ओर से आयोजित की गई, जिसमें सभी लंबित पेंशनधारकों का भौतिक सत्यापन 31 मार्च तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से सभी शेष पेंशनधारकों से अपील की गई है कि वे 31 मार्च तक अपने नजदीकी ई-मित्र केंद्र, स्मार्ट फोन या अधिकृत स्वीकृतकर्ता अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अनिवार्य रूप से अपना भौतिक सत्यापन करवा लें। यदि निर्धारित तिथि तक भौतिक सत्यापन नहीं कराया जाता है, तो संबंधित पेंशनधारकों की पेंशन बंद करने का प्रस्ताव राज्य सरकार को प्रेषित कर दिया जाएगा।

## आज होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई स्थगित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान दिवस के अवसर पर मंत्री अपने प्रभार वाले जिलों के दौरे व जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें आयोजित की जानी प्रस्तावित हैं। इसी क्रम में जिला स्तरीय अधिकारियों की व्यस्तता को दृष्टिगत रखते हुए माह मार्च 2026 में 19 मार्च (तृतीय गुरुवार) को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई को स्थगित किया गया है।

## प्रेम प्रसंग बना मौत की वजहः सवाईराम आत्महत्या प्रकरण में पुलिस की त्वरित कार्रवाई


### पत्नी और प्रेमी गिरफ्तार, दुष्प्रेरण के पुख्ता सबूत मिलने के बाद हुई कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निसं)** बाड़मेर जिले के चौहटन थाना क्षेत्र के मंगलासर कोनरा में हुए सवाईराम आत्महत्या प्रकरण में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतीश आर्य के निर्देशन और वृत्ताधिकारी जेठाराम मेघवाल के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। घटना की रिपोर्ट 12 मार्च को मृतक के भाई मंगलासर कोनरा निवासी मदन पुत्र कचराराम ने पुलिस में पेश की। मदन ने अपने भाई सवाईराम की संदिग्ध मृत्यु के मामले में उसकी पत्नी समदा और उसके प्रेमी शकरदीन पर हत्या की आशंका जताई थी। इस रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मर्गदर्ज कर जांच शुरू की और मेडिकल बोर्ड से मृतक का पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि सवाईराम की मृत्यु हत्या नहीं बल्कि आत्महत्या थी, जिसके लिए उसे मजबूर किया गया था। जांच में पाया गया कि आरोपी शकरदीन और मृतक की पत्नी समदा के बीच अवैध संबंध थे। जब सवाईराम ने इसका विरोध किया तो घटना के दिन उनके बीच तीखा विवाद हुआ। आरोपियों ने सवाईराम को देख लेने की धमकी दी, जिससे प्रताड़ित और परेशान होकर सवाईराम ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 108, 3(5) बीएनएस और एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। वृत्ताधिकारी जेठाराम मेघवाल की टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दबिश दी और दोनों मुख्य आरोपियों समदा मेघवाल पत्नी सवाईराम और शकरदीन पुत्र हाजी मोहिब खान को गिरफ्तार कर लिया।

## नाटक 'ये लोग' ने झकझोरा मनः बुजुर्गों के अकेलेपन और समाज की सच्चाई को किया उजागर

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** राजस्थान दिवस समारोह के अंतर्गत कला, संस्कृति, साहित्य व पुरातत्व विभाग के सहयोग से अनुपम रंग थिएटर सोसाइटी की ओर से रवींद्र मंच पर नाटक 'ये लोग' का प्रभावशाली मंचन किया गया। विनोद कुमार ने लिखित व वरिष्ठ रंगकर्मी के.के. कोहली के निर्देशन में प्रस्तुत इस नाटक ने समाज के संवेदनशील पहलुओं को गहराई से उजागर किया। नाटक की कथा एक ऐसे बुजुर्ग के इर्द-गिर्द घूमती है, जो सेवा निवृत्त होने के बाद भरे-पूरे परिवार के बीच भी अकेलेपन का शिकार हो जाता है। भागदौड़ भरी जिंदगी में अपने ही परिवार से उपेक्षा झेल रहा यह बुजुर्ग समय बिताने के लिए पार्क जाने लगता है, जहां उसकी मुलाकात नीलेश नामक एक छात्र से होती है। नीलेश भी अपने माता-पिता की व्यस्तता के कारण अकेलेपन से जूझ रहा होता है। दोनों के बीच बनती दोस्ती के माध्यम से नाटक ने पीढ़ियों के बीच बढ़ती दूरी और भावनात्मक खालीपन को संवेदनशीलता से प्रस्तुत किया। पार्क में एक फेरीवाले की मार्मिक कहानी के जरिए यह संदेश दिया गया कि हर व्यक्ति अपने-अपने संघर्षों से जूझ रहा है और समाज में भावनात्मक जुड़ाव की कमी बढ़ती जा रही है। नाटक ने यह कड़वी सच्चाई भी सामने रखी कि उम्र बढ़ने के साथ कई बार व्यक्ति को परिवार और समाज से अलग-थलग कर दिया जाता है, मानो वह किसी काम का नहीं रहा हो। यह प्रस्तुति दर्शकों को आत्ममंथन के लिए प्रेरित करती नजर आई। मंचन में महेश महावर, जॉर्ज ग्रोवर, डी.पी. मंडावरा, भगवती, जागृति महावर, मनीषा बैरवा एवं के.के. कोहली ने प्रभावशाली अभिनय कर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। वहीं प्रकाश परिकल्पना एवं संचालन शहज़ोर अली ने किया, जिसने प्रस्तुति को और अधिक प्रभावी बना दिया।

## राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में श्री लाडली जूं सरकार (राधा रानी) मंदिर में भव्य महाआरती संपन्न

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निसं)।** राजस्थान दिवस समारोह की श्रृंखला में बुधवार को खैरथल-तिजारा जिले के मंदिर श्री लाडली जूं सरकार (राधा रानी) मंदिर खैरथल में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती के इस पुनीत अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, नगर परिषद कमिश्नर मुकेश शर्मा भी उपस्थित रहे। मंदिर के महंत शशि भूषण शर्मा द्वारा पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यह पूजा-अर्चना एवं महाआरती संपन्न कराई गई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने बताया कि ऐतिहासिक रूप से राजस्थान की स्थापना नव संवत्सर (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) के दिन ही हुई थी। इसी तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की नई पीढ़ी को अपनी मूल पहचान और भारतीय संस्कृति से पुनः जोड़ने के लिए राजस्थान दिवस का उत्सव नव संवत्सर के अनुसार ही मनाया जा रहा है। महंत शशि भूषण शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए एक ऐतिहासिक पहल की गई है। महाआरती के दौरान कनिष्क अभियंता मोतीलाल वर्मा, सहायक प्रोग्रामर शेर सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय भक्तगण उपस्थित रहे।

## जोधपुर के सरकारी स्कूल में पेड़ से लटका मिला शिक्षक का शव, सुसाइड नोट में छिपे हैं मौत के राज?

जोधपुर/कापरड़ा





राजस्थान के जोधपुर जिला मुख्यालय से करीब 54 किमी दूर कापरड़ा थाना क्षेत्र के कुड़ गांव में बुधवार की सुबह एक खौफनाक मंजर देखने को मिला। गांव के सरकारी स्कूल परिसर में तैनात एक शिक्षक का शव पेड़ से फंदे पर लटका मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 52 वर्षीय मुंशी सिंह के रूप में हुई है, जो मूल रूप से करौली जिले के हिंडौन सिटी के रहने वाले थे। घटना की जानकारी बुधवार सुबह करीब 8 बजे तब हुई जब कुछ ग्रामीण स्कूल के पास से गुजर रहे थे। पेड़ पर झूलते शव को देख ग्रामीणों के होश उड़ गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। कापरड़ा थानाधिकारी सुनीता डूडी के नेतृत्व में एएसआई मनोहर सिंह की टीम और शिक्षा विभाग के आला अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, जहां उन्हें मृतक शिक्षक की जेब या पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। हालांकि, पुलिस ने अभी इस नोट में लिखे मजमून का खुलासा नहीं किया है, लेकिन माना जा रहा है कि इसमें शिक्षक की मानसिक स्थिति या मौत के कारणों का जिक्र हो सकता है। शिक्षक मुंशी सिंह लंबे समय से कुड़ गांव के इसी सरकारी स्कूल में अपनी सेवाएं दे रहे थे। उनके निधन की खबर जैसे ही उनके पैतृक निवास हिंडौन सिटी (करौली) पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर पीपाड़ सिटी के सरकारी अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। थानाधिकारी सुनीता डूडी ने बताया, 'प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है, लेकिन सुसाइड नोट की सत्यता और हैंडराइटिंग की जांच एफएसएल टीम से कराई जाएगी। परिवार वालों को सूचित कर दिया गया है। उनके जोधपुर पहुंचने के बाद ही पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू होगी।' शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भी इस घटना पर गहरा दुख जताया है। स्कूल के सहकर्मियों से पूछताछ की जा रही है कि क्या मुंशी सिंह पिछले कुछ दिनों से किसी विभागीय तनाव या व्यक्तिगत परेशानी में थे। फिलहाल, पुलिस मामले के हर पहलू की गंभीरता से तफ्तीश कर रही है।

## चिड़ावा में व्यापारी के बेटे से 11 लाख की रंगदारी मांगने का पर्दाफाश

### विदेश में बैठा सरगना, स्थानीय युवकों ने दिया पूरा नेटवर्क, 2 आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर (निसं)**झुंझुनू पुलिस ने कस्बे के एक प्रतिष्ठित व्यापारी के बेटे को जान से मारने की धमकी देकर 11 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह राजावत के निर्देशानुसार और चिड़ावा थानाधिकारी अंबिका चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना का विवरण देते हुए कार्यवाहक एसपी राजावत ने बताया कि 16 मार्च को परिवादी ललित भगेरिया ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट के अनुसार उनके पुत्र नीरज के पास व्हाट्सएप पर अज्ञात नंबर से कॉल और अश्लील मैसेज आए। अपराधी ने नीरज की फोटो भेजकर दावा किया कि उसके पास घर, दुकान और फार्म हाउस सहित परिवार की पूरी लोकेशन की जानकारी है। मैसेज में स्पष्ट चेतावनी दी गई थी कि यदि 11 लाख रुपये नहीं दिए गए, तो उसे जान से मार दिया जाएगा। पुलिस जांच में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि इस पूरी साजिश का मुख्य सरगना साहिल पुत्र सैयद निवासी चिड़ावा है, जो वर्तमान में विदेश (कतर) में बैठा है। पुलिस ने साहिल को संसाधन उपलब्ध करवाने वाले दो स्थानीय आरोपियों को दबोच लिया है। मामले में गिरफ्तार आरोपी भूपेन्द्र सैनी (20) निवासी शेखपुरा थाना मंड्रेला ने अपने नाम से सिम जारी करवाकर मुख्य सरगना साहिल को उपलब्ध करवाई थी। योगेश शर्मा 20 निवासी वार्ड नंबर 1 थाना चिड़ावा ने पीड़ित नीरज की फोटो और उसका मोबाइल नंबर साहिल को भेजा था ताकि वह रंगदारी मांग सके। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को आज न्यायालय में पेश कर पीसी रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अब मु3ख्य सरगना की गिरफ्तारी और इस नेटवर्क के अन्य संपर्कों को लेकर गहन अनुसंधान कर रही है। इस महत्वपूर्ण खुलासे में साइबर सेल के जितेंद्र थाकन की विशेष भूमिका रही। टीम में उपनिरीक्षक कैलाश चंद्र, सउनि राजेंद्र सिंह, प्रताप कुमार, और डीएसटी टीम के सदस्य शामिल रहे।

## हनुमानगढ़ में गेहूं खरीद व्यवस्था में बदलाव का विरोधः सीटू व अन्य संगठनों ने कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन कर उठाए सवाल

जयपुर टाइम्स/हनुमानगढ़



**(निसं)**अनाज मंडियों में गेहूं खरीद व्यवस्था में बदलाव और निजी कंपनियों को ब्लॉक आवंटन के विरोध में मजदूर संगठनों ने आंदोलन शुरू कर दिया है। बुधवार को भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र (सीटू) ने कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन किया और सभा आयोजित की। संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा, जिसमें गेहूं खरीद की पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग की गई। सीटू ने चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो मंडियों का कामकाज ठप कर दिया जाएगा। माकपा नेता रामेश्वर वर्मा ने बताया कि सरकार मंडियों में 'हरियाणा-पंजाब मॉडल' लागू करने के नाम पर सरकारी खरीद में निजी कंपनियों को भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के बराबर ब्लॉक आवंटित कर रही है। गेहूं की हैंडलिंग का कार्य भी व्यापारियों को देने का निर्णय लिया गया है, जिससे हजारों मजदूरों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो सकता है। जिले की विभिन्न मंडियों में खरीद के लिए कंपनियों को ब्लॉक आवंटित किए जा चुके हैं। हनुमानगढ़ टाउन और जंक्शन मंडी में पांच-पांच ब्लॉक दिए गए हैं, जबकि संगरिया, टिब्बी, गोलूवाला, रावतसर और पीलीबंगा में तीन-तीन ब्लॉक आवंटित किए गए हैं। मजदूर नेताओं का कहना है कि यह कदम मंडी व्यवस्था को धीरे-धीरे कमजोर करेगा और एफसीआई की भूमिका समाप्त करने का प्रयास है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि राजस्थान में अधिकांश खरीद शहरी मंडियों में होती है, लेकिन फोकल प्वाइंट पर न तो पक्के प्लेटफॉर्म हैं और न ही शेड की पर्याप्त व्यवस्था। इससे किसानों की फसल खराब होने का खतरा बना रहता है। मजदूर संगठनों ने सरकार के सामने कई प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें लेबर कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम को खत्म करना, गेहूं की खरीद एफसीआई से करवाना, निजी कंपनियों को हटाना, मजदूरों के लिए ईपीएफ-ईएसआईसी लागू करना, बैग भराई का वजन 50 किलो तय करना और मंडियों में पेयजल, शौचालय व विश्राम गृह जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना शामिल है। संगठन ने दोहराया कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो मंडियों को ठप कर एक व्यापक आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निसं)** नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देषानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में बुधवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में कटपुतली नगर, जे.के. लोन अस्पताल, मुरलीपुरा सर्किल के चारों तरफ, पणजारी मार्ग, दादी का फाटक, विनायक विहार 200 फीट बाईपास रोड़ एवं नेषनल हैण्डलूम, विद्याधर नगर से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये 06 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में कटपुतली नगर, जे.के. लोन अस्पताल, मुरलीपुरा सर्किल के चारों तरफ, पणजारी मार्ग, दादी का फाटक, विनायक विहार 200 फीट बाईपास रोड़ एवं नेषनल हैण्डलूम, विद्याधर नगर से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 06 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइष करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।